3 राजधानी
भाजपा का सिसोदिया के घर पर प्रदर्शन

6 अभिमत
अमीरों को न मिले सस्ता राशन

9 राष्ट्रीय
सिलीगुड़ी में 2.42 करोड़ के सोने के साथ दो गिरफ्तार

12 स्पोर्ट्स
श्रीलंका ने भारत को हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 297
नई दिल्ली, बुधवार, 7 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



राजनाथ सिंह ने मंगोलिया के उच्च नेतृत्व से की मुलाकात
विदेश-10

www.dailypioneer.com

## नई ऊंचाइयां छुएंगे भारत और बांग्लादेश संबंध: मोदी

**प्रधानमंत्री ने कहा- आपसी विश्वास पर हमला करने वाली ताकतों का मिलकर करना होगा मुकाबला**

- दोनों देशों ने कुशियारा नदी के लिए अंतरिम जल बंटवारा समझौते पर भी हस्ताक्षर किए
- सीईपीए पर भी जल्द शुरू होगी बातचीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में बांग्लादेश की समकक्ष शेख हसीना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश को आतंकवाद तथा चरमपंथी ताकतों का संयुक्त रूप से मुकाबला करना चाहिए, जो दोनों देशों के परस्पर विश्वास पर हमला कर सकती हैं। पीएम ने कहा भारत और बांग्लादेश संबंध आने वाले दिनों में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

मोदी ने भारत यात्रा पर आईं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह टिप्पणी की। शेख हसीना ने तीस्ता जल बंटवारे को जल्द मूर्त रूप देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज हमने आतंकवाद तथा चरमपंथ के खिलाफ सहयोग पर भी जोर दिया, जिससे कि 1971 की भावना को जीवित रखा जा सके। यह भी बहुत जरूरी है कि हमें उन ताकतों का मिलकर सामना करना होगा, जो हमारे परस्पर विश्वास पर हमला करना चाहती हैं।' दोनों पक्षों ने रेलवे, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जल बंटवारा और संपर्क जैसे विविध क्षेत्रों में सात समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए।

हसीना की यात्रा की जानकारी देते हुए विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने आतंकवाद और चरमपंथ को भारत-बांग्लादेश संबंधों में बाधा और सुरक्षा खतरा बताया। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने इस मुद्दे पर सहयोग बढ़ाने के लिए समग्र वार्ता की। भारत और बांग्लादेश ने कुशियारा नदी के लिए एक अंतरिम जल बंटवारा समझौते पर भी हस्ताक्षर किए जो दक्षिणी असम और बांग्लादेश ( शेष पेज 8 )

### मुक्ति संग्राम के भारतीय वीरों के वंशजों को वजीफा देगा बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 1971 के मुक्ति संग्राम में शहीद या गंभीर रूप से घायल हुए भारतीय सैनिकों के वंशजों को मुजीब स्कॉलरशिप (छात्रवृत्ति) प्रदान करने की मंगलवार को घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह छात्रवृत्ति बुधवार को प्रदान की जाएगी। इस छात्रवृत्ति का नाम हसीना के पिता बंगबंधू शेख मुजीबुर रहमान के नाम पर रखा गया है। खबरों के मुताबिक, भारतीय थल सेना के कर्मियों के परिवारों के कुल 200 सदस्य यह छात्रवृत्ति प्राप्त करेंगे। हसीना ने कहा, बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान शहीद या ( शेष पेज 8 )

## राजधानी समेत कई राज्यों में ईडी की छापेमारी

- 40 स्थानों पर ली गई तलाशी, सिसोदिया या कोई सरकारी कर्मचारी इसमें शामिल नहीं

**दिल्ली आबकारी नीति**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में छापेमारी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली और कुछ राज्यों में करीब 40 स्थानों पर छापेमारी की। दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा कुछ अन्य अधिकारी आरोपी हैं।

इस नीति को हालांकि वापस ले लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली, तेलंगाना, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में करीब 38-40 स्थानों की तलाशी ली गई और मामले में नामजद लोगों के खिलाफ भी छापेमारी की गई है। उन्होंने बताया कि इनमें से कोई भी स्थान सिसोदिया (50) या किसी अन्य सरकारी कर्मचारी से संबद्ध नहीं है। संघीय एजेंसी ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत मामले में जांच शुरू की। सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में सिसोदिया और 14 अन्य को नामजद किया है। सीबीआई ने 19 अगस्त को इस मामले में सिसोदिया, आईएएस (भारतीय प्रशासनिक अधिकारी) अधिकारी एवं दिल्ली के पूर्व आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्णा के आवास सहित सात राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 19 अन्य स्थानों पर छापेमारी की थी।

सिसोदिया के पास दिल्ली का आबकारी विभाग तथा शिक्षा विभाग सहित कई विभाग है। ईडी पिछले साल नवंबर में लाई गई दिल्ली आबकारी नीति बनाने और उसके क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में जांच कर रही है। दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की सिफारिश की थी। उन्होंने इस मामले में 11 आबकारी अधिकारियों को निलंबित भी किया है। सिसोदिया ने भी नीति में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग की थी।

दिल्ली के मुख्य सचिव की जुलाई में दी गई रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई जांच की सिफारिश की गई थी, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम 1991, कार्यकरण नियम (टीओबीआर)-1993, दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम-2009 और दिल्ली उत्पाद शुल्क नियमावली-2010 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन पाए जाने की बात कही गई थी। रिपोर्ट में पाया गया था कि निविदा जारी करने के बाद शराब कारोबार संबंधी लाइसेंस हासिल करने वालों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए जानबूझकर और घोर प्रक्रियात्मक चूक की गई। आरोप है कि राजकोष को नुकसान पहुंचाकर निविदाएं जारी की गईं और इसके बाद शराब कारोबार संबंधी लाइसेंस हासिल करने वालों को अनुचित वित्तीय लाभ पहुंचाया गया।

सूत्रों ने दावा किया कि आबकारी विभाग ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के नाम पर लाइसेंसधारियों को निविदा लाइसेंस शुल्क पर 144.36 करोड़ रुपए की छूट दी। उन्होंने बताया कि लाइसेंस के लिए सबसे कम बोली लगाने वाले को 30 करोड़ रुपए की बयाना राशि भी तब वापस कर दी गई, जब वह हवाई अड्डा अधिकारियों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में विफल रहा था। एक सूत्र ने कहा, यह दिल्ली आबकारी अधिनियम 2010 के नियम 48(11)(बी) का घोर उल्लंघन था, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया कि बोलीदाता को लाइसेंस प्रदान करने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा करना होगा, ऐसा न करने पर सरकार उसकी जमा राशि जब्त कर लेगी। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर तैयार की गई आबकारी नीति, 2021-22 को पिछले साल 17 नवंबर से लागू किया गया था और इसके तहत निजी बोलीदाताओं को शहरभर में 32 क्षेत्रों में 849 दुकानों के लिए खुदरा लाइसेंस जारी किए गए थे।

## केजरीवाल, मुलायम व वाम नेताओं से मिले नीतीश

- दिल्ली यात्रा के दूसरे दिन भी विपक्षी नेताओं को एकजुट करने के लिए मुलाकात जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**सभी** विपक्षी दलों को एक छत के नीचे लाने की कवायद में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को दूसरे दिन भी वामपंथी दलों, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव सहित कई प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। नीतीश इससे एक दिन पहले कांग्रेसी नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी।

नीतीश कुमार ने एक बयान में कहा कि वह न तो प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं और न ही इसके लिए इच्छुक हैं। जदयू नेता ने पिछले महीने एनडीए से नाता तोड़कर आरजेडी, कांग्रेस और अन्य के साथ मिलकर बिहार में महागठबंधन सरकार बनाई थी। प्रधानमंत्री मोदी को वर्ष 2024 के चुनाव में रोकने के लिए नीतीश कुमार भारतीय राष्ट्रीय लोक दल प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी के साथ आने की अटकलों के बीच मंगलवार को मुलाकात की।

नीतीश-चौटाला की बैठक के बाद घोषणा की कि 25 सितंबर को हरियाणा में होने वाली रैली में बिहार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, एनसीपी सुप्रीमो शरद यादव, नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारुख अब्दुल्ला में भाग लेंगे। चौटाला ने पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल की जयंती पर आयोजित रैली में शामिल होने के लिए नीतीश को आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री बनने को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गलत है।

मैं न तो उस पद का दावेदार हूं और न ही इसको लेकर इच्छुक हूं। नीतीश के इस बयान पर कि भाजपा के खिलाफ होने वाले किसी भी गठबंधन कांग्रस और वाम दलों का होना चाहिए। जिस पर आप, टीएमसी और ( शेष पेज 8 )

## असम के आदिवासी उग्रवादी समूहों से शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर सकता है केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** कोकराझार

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि केन्द्र सरकार सितंबर में असम के आदिवासी उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है। कैबिनेट की बैठक के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में आधार कार्ड को राशन कार्ड से जोड़ने के दौरान सरकार को 50 लाख लाभार्थियों का अंतर मिला है। शर्मा ने कहा, केन्द्र सरकार सितंबर में असम के आदिवासी उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी दिए बगैर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रक्रिया केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पहल के तहत पूरी की जा रही है। असम पुलिस मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआईभाषा को बताया कि पांच उग्रवादी समूहों के शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने की संभावना है। ये समूह हैं... ( शेष पेज 8 )

## भारत बायोटेक के इंट्रानेजल टीके के सीमित आपात इस्तेमाल को मंजूरी

- डीसीजीआई ने दी हरी झंडी, 18 साल से अधिक उम्र के लोगों पर ही किया जा सकता है उपयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने मंगलवार को भारत बायोटेक द्वारा तैयार, नाक से दिए जाने वाले इंट्रानेजल कोविड टीके का 18 साल से अधिक उम्र के लोगों पर सीमित आपात इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट किया, भारत की कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई को बड़ा प्रोत्साहन मिला है।

भारत बायोटेक के सीएचएडी36-सार्स-कोव-एसकोविड-19 (चिम्पैंजी एडिनोवायरस वेक्टर्ड) नेजल टीके को आपात स्थिति में 18 साल से अधिक उम्र के लोगों के प्राथमिक टीकाकरण में इस्तेमाल की मंजूरी भारत के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दी है। उन्होंने कहा कि इस कदम से महामारी के खिलाफ हमारी सामूहिक लड़ाई को और मजबूती मिलेगी।

मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में अपने देश के विज्ञान, अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) का उपयोग किया है। उन्होंने कहा, विज्ञान आधारित रुख और सबके प्रयास से हम कोविड-19 को हरा देंगे। कंपनी के सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद की कंपनी ने करीब 4000 स्वयंसेवकों पर इंट्रानेजल टीके (नाक के जरिए लिए जाने वाले टीके) का क्लीनिकल परीक्षण किया है और किसी में दुष्प्रभाव या विपरीत प्रतिक्रिया नहीं देखी गई है। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने अगस्त महीने में बताया था कि कोविड-19 इंट्रानेजल टीका (बीबीवी154) तीसरे चरण के नियंत्रित चिकित्सकीय परीक्षण में सुरक्षित, वहनीय और प्रतिरोधी क्षमता से युक्त साबित हुआ है।

टीका निर्माता ने बताया कि बीबीवी154 को विशेष तौर पर नाक के रास्ते देने के लिए तैयार किया गया है। कंपनी ने कहा कि इसके साथ ही नाक से टीका देने की प्रणाली को इस तरह से डिजाइन व विकसित किया गया है जिससे यह निम्न व मध्य आय वाले देशों के लिए किफायती हो। कंपनी ने कहा, इंट्रानेजल टीका, बीबीआई154 श्वांस मार्ग के ऊपरी हिस्से में ( शेष पेज 8 )

## कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता पुनरुत्पादन कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को चीता पुनरुत्पादन परियोजना शुरू करने के लिए प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान जाएंगे। प्रदेश सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक शुरु होने से पहले चौहान ने मंगलवार को यहां अपने सहयोगियों के साथ यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर को कुनो नेशनल पार्क (केएनपी) में महत्वाकांक्षी चीता पुनरुत्पादन परियोजना की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका से आने वाले चीतों को उसी दिन कुनो नेशनल पार्क में छोड़ा जाएगा। चौहान ने कहा कि इस मौके पर प्रधानमंत्री श्योपुर जिले के कराहल में महिला स्वयं सहायता समूह के समारोह को भी संबोधित करेंगे।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,196 | ↓ 48 | |
| निफ्टी | 17,655 | ↓ 10 | |
| सोना | 51,092 | ↑ 107 | /10g |
| चांदी | 54,639 | ↑ 563 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़, दो हिज्बुल आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अनंतनाग के पोशक्रीरी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया था। उनके अनुसार, तलाशी के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर उन्होंने जवाबी कार्रवाई की और फिर दोनों पक्षों में मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारी के मुताबिक, इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने बताया कि दोनों आतंकवादियों का संबंध प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन से था।

## साइरस मिस्त्री का मुंबई में किया गया अंतिम संस्कार

- रतन टाटा की सौतेली मां सहित दिग्गज उद्योगपतियों ने दी अंतिम विदाई

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



साइरस मिस्त्री के अंतिम संस्कार में पहुंचे परिजन और मित्रगण

**टाटा** संस के पूर्व अध्यक्ष साइरस मिस्त्री का मंगलवार को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मिस्त्री की रविवार को कार दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह 54 वर्ष के थे। मध्य मुंबई के वर्ली शवदाह गृह में हुए अंतिम संस्कार में पारसी समुदाय के सदस्य, कुछ कारोबारी नेता और राजनीतिक नेता शामिल हुए।

दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा की सौतेली मां सिमोन टाटा भी अंतिम संस्कार में शामिल हुईं। सिमोन (92) विशेष वैन के जरिए व्हीलचेयर पर शवदाह गृह पहुंचीं। टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के पूर्व प्रमुख एस. रामदुरई भी शवदाह गृह पहुंचे। हालांकि, टाटा समूह का कोई अन्य वरिष्ठ अधिकारी अंतिम संस्कार में नहीं दिखा। टाटा समूह के साथ मिस्त्री को अंत तक काफी कड़वी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी।

टाटा संस का चेयरमैन रहते हुए मिस्त्री द्वारा चुने गए प्रमुख अधिकारियों में से एक मधु कन्नन को अंतिम संस्कार में देखा गया। साइरस मिस्त्री के बड़े भाई शापूर मिस्त्री, ससुर व वरिष्ठ वकील इकबाल छागला, उद्योगपति अनिल अंबानी, अजीत गुलाबचंद, दीपक पारेख और विशाल कंपानी, उद्यमी रोनी स्क्रूवाला, वास्तुकार हफीज कॉन्ट्रैक्टर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की नेता सुप्रिया सुले व गणेश नाइक और कांग्रेस के पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा शवदाह गृह में मौजूद थे। मिस्त्री का पार्थिव शरीर सफेद फूलों से सजे वाहन में जे जे अस्पताल से लाया गया था ( शेष पेज 8 )

## जीडीए को मालामाल करेगा स्मार्ट ओरिएंटल डेवलपमेंट जोन

- हाईस्पीड ट्रेन के प्रोजेक्ट के पास लोकेशन के हिसाब से एसईजेड बनाने का प्रस्ताव पेश कर सकता है जीडीए

**रिंकू यादव।** गाजियाबाद



प्रतीकात्मक चित्र

**हाईस्पीड** ट्रेन के प्रोजेक्ट के आसपास जमीन की प्राइम लोकेशन के हिसाब से इसे विशेष इकॉनोमिक जोन बनाने का प्रस्ताव जीडीए बोर्ड की बैठक में पेश कर सकता है। इसके लिए जीडीए का नियोजन विभाग पूरी बारीकी से योजना को तैयार करने में लगा हुआ है।

माना जा रहा है कि जल्दी ही योजना तैयार कर जीडीए बोर्ड की बैठक में इसको विचार के लिए रख सकता है। हाईस्पीड ट्रेन के प्रोजेक्ट पर करीब 32 हजार करोड़ रुपये खर्च हो रहा है। जीडीए को लगता है कि जहां से होकर यह कॉरिडोर गुजरेगा वहां इकॉनोमिक जोन का नया एरिया विकसित होगा। वहां जमीन की कीमत बढ़ेगी। इसी को देखते हुए कई वर्ष पहले जीडीए ने इस कॉरिडोर के आसपास ओरिएंटल डेवेलपमेंट जोन बनाने का प्लान तैयार किया था। योजना पर कार्य करने के लिए जीडीए काफी समय से कोशिश कर रहा है। अब इस काम ने रफ्तार पकड़ ली है। जीडीए के वीसी आरके सिंह ने नियोजन विभाग को इसके लिए निर्देश जारी किए है। नियोजन विभाग की कोशिश है कि इस कॉरिडोर के आसपास के एक निश्चित दूरी के एरिया की जमीन को ओरिएंडटल डेवेलपमेंट जोन में शामिल कर वहां मिक्स लैंडयूज तैयार किया जाए।

इसका जीडीए को भी फ ायदा होगा और आसपास में रहने वाले लोगों को भी इसका लाभ होगा। साथ ही इस कॉरिडोर का सबसे अधिक फ ायदा व्यवसाय को होगा। यहीं कारण है कि जीडीए इस ओरिएंटल डेवेलपमेंट जोन को बड़े ही स्मार्ट तरीके से बनाने की कोशिश में लगा है। जीडीए वीसी आरके सिंह की कोशिश है कि यह प्लान जल्द तैयार हो। माना जा रहा है कि जल्दी ही इसे तैयार कर जीडीए बोर्ड की बैठक में पेश किया जाएगा। इस पर बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद काम आगे बढ़ेगा। जीडीए को उम्मीद है कि इससे उसकी कई सौ करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी।

# सोनाली के नोएडा वाले फ्लैट में पहुंची गोवा पुलिस

## दो किराएदार समेत 9 लोगों से 2 घंटे तक चली पूछताछ, रेंट इंग्रीमेंट दस्तावेज लेकर वापस लौटे जांच अधिकारी

● किरायेदारों के बयान दर्ज हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सोनाली फोगाट का फ्लैट, पूछताछ के लिए नोएडा पुलिस टीम

हरियाणा की नेता सोनाली फोगाट की मौत के मामले में गोवा पुलिस की एक टीम नोएडा पहुंची थी। सोनाली का सेक्टर-52 में अरावली अपार्टमेंट फ्लैट संख्या-122ए है। फ्लैट में 2 किराएदार रहते हैं। एक महिला चिकित्सक है और एक दिल्ली का युवक है। पुलिस ने किराएदारों से पूछताछ करके चली गईं। गोवा पुलिस ने रेंट एग्रीमेंट और दस्तावेज भी लिए हैं।

सोनाली 2013 से 2015 तक इसी अपार्टमेंट में किराए पर रहती थीं। इसके बाद उत्तराखंड में एक सीरियल में काम मिलने के बाद उन्होंने ये फ्लैट खरीद लिया था। इसके बाद वह यहां से चली गईं थीं। दोनों फ्लैटों से 30 हजार रुपए किराया आता था। ये किराया फोगाट के खाते में ट्रांसफ र करते थे। सोमवार रात करीब 7:30 बजे गोवा की पुलिस नोएडा पहुंची थी। करीब दो घंटे यानी 9:30 बजे तक पूछताछ की। किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। नोएडा की कोतवाली सेक्टर-24 को इसकी जानकारी होने पर मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची थी। सोनाली से बातचीत कब-कब होती थी। आखिरी बार बात कब हुई थी। फ्लैट में कौन आता था। किसे देते थे। यही सारे सवाल किए। किराएदारों ने मीडिया से कुछ भी बताने से मना कर दिया।

गोवा पुलिस ने फ्लैट में रहने वाले और आसपास के 9 लोगों से पूछताछ की। गोवा पुलिस ने किराएदारों से लिखित में बयान में दर्ज कराए।

उनका कहना है कि वह सिर्फ यहां किराए पर रहते हैं। उनका इस केस से कोई लेना देना नहीं है। पुलिस ने पूछा की यहां वह आती थी। अगोवा से आई पुलिस टीम में एक इंस्पेक्टर और एक सब इंस्पेक्टर शामिल थे।

23 अगस्त को सोनाली फोगाट की मौत हो गई थी। वे 22 अगस्त को गोवा आई थीं और अंजुना के एक होटल में ठहरी थीं। 23 अगस्त की सुबह उन्हें होटल में बेचैनी होने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद गोवा पुलिस ने सुधीर सांगवान और सुखविंदर वासी को गिरफ्तार कर लिया है।

## नोएडा में पकड़ा गया फर्जी कॉल सेंटर

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने फर्जी एक्सचेंज बनाकर विदेशी काल को भारतीय कॉलों में डायवर्ट करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कॉल सेंटर चलाने वाली मुख्य आरोपी एक महिला है। इन लोगों ने भारत सरकार को 30 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान किया है।

पांच सितंबर को अजीत असिस्टेंट मैनेजर नेटवर्क रिलाईन्स जीयो इन्फोर्म लि. व असिस्टेंट मैनेजर नेटवर्क रिलाइंस ने शिकायत की। उन्होंने बताया कि सी.59 सेक्टर 63ए नोएडा में रजत दुग्गल डायरेक्टर ऑफगेट ग्रेट डिजिटल मार्केटिंग प्रलि फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज है।

पुलिस ने दबिश देकर सेक्टर-63 से स्वीटी शर्मा व पंकज को गिरफ्तार किया है। ये विदेशों से आने वाली काल को राउटर के द्वारा लोकल काल में बदलकर जियो कम्पनी के नेटवर्क के द्वारा लोगों से बातचीत कराई जाती थी।

## संक्षिप्त समाचार



नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में पूर्वोत्तर राज्यों के उत्पादों को बेचती महिला।

### लोगों को भा रहे पूर्वोत्तर राज्यों के उत्पाद

**नोएडा।** सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में लोगों ने मंगलवार को भी जमकर खरीदारी की। इस अवसर पर लोगों ने पूर्व कोर्ट में भी विभिन्न राज्यों के व्यंजनों का सेवन कर आनंद उठाया। ज्ञात हो कि 26 अगस्त से 11 सितंबर 2022 तक नोएडा सेक्टर 33 स्थित नोएडा हॉट में नार्थ ईस्ट के 8 प्रदेशों अरुणाचल प्रदेश, आसाम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालेंड, त्रिपुरा, और सिक्किम के हैंडिक्राफ्ट और वहां के अन्य सामान को प्रस्तुत करने के लिए नार्थ ईस्ट फैस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मिनिस्ट्री ऑफ टैक्सटाइल के डेवलपमेंट कमिश्नर हैंडिक्राफ्ट तथा नेशनल डिजाइन सेंटर एवं नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पार्टिसिपेशन सहयोग से किया जा रहा है। नार्थ ईस्ट के सभी 8 प्रदेशों के हैंडिक्राफ्ट कलाकार यहां अपनी क्राफ्ट, खानपान, संस्कृति, पर्यटन और अपनी परंपरा से रूबरू करा रहे हैं।

### पुष्कर में होगा कर्नल बैसला की अस्थि विसर्जन

**नोएडा।** गुर्जर समाज में शैक्षिक और सामाजिक सुधारों की क्रांति लाने वाले कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला की अस्थि कलश यात्रा विसर्जन राजस्थान के पुष्कर में किया जाएगा। इसमें गुर्जर समाज के लाखों लोगों के पहुंचने की संभावना है। ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में गुर्जर संघर्ष समिति के सतपाल गुर्जर ने बताया कि कर्नल किरोडी सिंह बैसला का निधन बीते 31 मार्च को हो गया था। अब गुर्जर समाज की एकता और कर्नल बैसला के मान-सम्मान में उनकी अस्थि-कलश यात्रा विसर्जन आगामी 12 सितंबर को पवित्र नगरी पुष्कर में की जाएगी। पुष्कर में 52 घाटों पर कर्नल बैसला की अस्थियां विसर्जन के लिए लाई जाएंगी जिसमें गुर्जर समाज के लाखों लोगों के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि गौतमबुद्धनगर के अलावा दिल्ली एनसीआर के अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग पुष्कर पहुंचकर अस्थि विसर्जन में शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में धर्मवीर, भीम सिंह भाटी, राजेश भाटी, प्रदीप भाटी, रामकुमार नागर, विन्नी प्रधान, चौ0 अजित सिंह तंवर व अन्य मौजूद थे।

### अस्पताल की फीस लेने के बहाने ठगे



**नोएडा।** साइबर अपराधी ने सेक्टर-117 निवासी व्यक्ति से 60 हजार रुपये ठग लिए। उन्होंने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के लिए इंटरनेट पर फोन नंबर सर्च किया था। उस नंबर पर संपर्क करने के बाद उनके साथ अस्पताल की फीस जमा कराने का झांसा देकर जालसाजी हो गई। उन्होंने इस संबंध में सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया है। सेक्टर-117 स्थित यूनिटेक होम सोसाइटी निवासी अमितेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दी है कि उन्होंने कुछ दिन पहले एक अस्पताल में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के इंटरनेट से फोन नंबर लिया था। उन्होंने संबंधित नंबर पर कॉल की। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को अस्पताल का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि अपॉइंटमेंट फीस का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद उसने उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। उसने कहा कि लिंक पर क्लिक करने के बाद भुगतान किया जा सकता है। इस पर अमितेश ने लिंक पर क्लिक कर दिया। जैसे ही उन्होंने क्लिक किया तो उनका मोबाइल हैक हो गया। इसी बीच ठग ने उनके खाते से यूपीआई के जरिए 60 हजार रुपये निकाल लिए। कुछ देर बाद मोबाइल पर मैसेज आया तो उन्हें ठगी का पता चला। फिर पुलिस को मामले की शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बेसबाल बैट से पीटने के बाद पत्नी की गला दबाकर हत्या

● पत्नी के चरित्र पर करता था शक

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र के मिसलगढ़ी में ढाबा संचालक ने पहले पत्नी को बेसबाल के बैट से बेरहमी से पीटा और सिर फाड़ दिया। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी। घटना का पता चलने पर मृतका के स्वजन मौके पर पहुंचे और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हंगामा कर रहे लोगों को शांत किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त बेसबाल का बैट बरामद कर लिया है। उसने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इसके चलते उसने वारदात को अंजाम दिया। खोड़ा कालोनी में रहने वाले यतिन ने बताया कि चार भाई-बहनों में से सबसे बड़ी बहन 24 वर्षीय टीना की शादी एक दिसंबर वर्ष 2021 में मिसलगढ़ी के गौरव के साथ की थी। गौरव का मसूरी में ही आइएमएस कालेज के सामने ढाबा है। आरोप है कि शादी के बाद से ही बहन को दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा था। मांग पूरी न होने पर उनका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया जाने लगा। कई बार टीना के ससुरालियों से बातचीत करने के बाद ऐसा न करने के लिए कहा गया था, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए।

सोमवार तड़के करीब पांच बजे गौरव ने टीना के सिर पर बेसबाल के बैट से ताबड़तोड़ वारकर सिर फोड़ दिया और इसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। आरोप है कि इस पूरे हत्याकांड को अंजाम देने में गौरव के स्वजन भी शामिल रहे। हत्या के बाद गौरव फ रार हो गया। हत्या की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मृतका के स्वजन ने हंगामा खड़ा कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे लोगों को शांत करने के बाद तहकीकात की। एसपी देहात डा ईरज राजा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति गौरव, ससुर बलवीर, सास सुमित्रा, जेठ मनोज, जेठानी मंजू, देवर इल्लू व नंद प्रीति और प्रियंका के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## मैनेजर पर नौकरी लगवाने के बाद महिला से दुष्कर्म का आरोप

**नोएडा।** महिला ने मैनेजर पर कंपनी में नौकरी लगवाने के बाद दुष्कर्म और अप्राकृतिक यौनाचार करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायत दी है कि उसने नौकरी के लिए एक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद नीरज नामक युवक ने उससे संपर्क किया। उसने खुद को बड़ी कंपनी का मैनेजर बताया। उसने कंपनी में उसकी नौकरी लगवा दी। वह कुछ समय पहले उसको सेक्टर-76 में अपने घर पर लेकर गया। आरोप है कि यहां नीरज ने नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# लिफ्ट में बच्चे को कुत्ते ने काटा, मुकदमा दर्ज

● राजनगर एक्सटेंशन चार्म्स काउंटी सोसाइटी का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद के एक वीडियो ने सबको बेचैन कर दिया है। यह वीडियो थाना नंदग्राम क्षेत्र की राजनगर एक्सटेंशन चार्म्स काउंटी सोसाइटी का है।

इसमें एक महिला अपने कुत्ते को लेकर लिफ्ट में जा रही थी। उसी कुत्ते ने लिफ्ट में मौजूद एक बच्चे को काट लिया, लेकिन महिला का दिल नहीं पसीजा। अब इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वीडियो 5 सितम्बर शाम 6 बजे का है। वीडियो में लिफ़्ट में महिला के साथ जा रहे कुत्ते ने बच्चे को काट लिया। हैरानी की बात तो ये है कि महिला का दिल तक नहीं पसीजा।

बच्चा दर्द से करहरता रहा। महिला ने मासूम बच्चे को एक बार देखने की भी ज़हमत नहीं उठाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि इस कुत्ते से सोसाइटी के लोग काफी परेशान हैं।

इस मामले में क्षेत्राधिकारी आलोक दुबे का कहना है कि चार्म्स कैसल सोसायटी लिफ्ट में मालकिन की मौजूदगी में एक बच्चे को पालतू कुत्ते द्वारा काटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैए इसमें मुकद्दमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में जयंका राव ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें अज्ञात महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# त्यागी समाज ने दी टोल प्लाजा पर कब्जा करने की धमकी

● मांग पूरी करने के लिए प्रशासन को दिए दो दिन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा के जिलाधिकारी कार्यालय पर मंगलवार को त्यागी समाज के लोग पहुंचे और उन्होंने जिलाधिकारी से अपने दिए हुए ज्ञापन को लेकर बातचीत की। जिसके बाद जिलाधिकारी ने दो और दिन का समय त्यागी समाज के लोगों से मांगा है। जिस पर त्यागी समाज के लोगों ने कहा है कि 2 दिन में उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह पूरे देश में टोल प्लाजा पर कब्जा करेंगे और सभी टोल फ्री करेंगे। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के त्यागी समाज के लोग आगे इकठा होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी से अपनी मांगों के बारे में पता किया। जिस पर जिलाधिकारी ने दो और दिन का समय उनसे ही मांगा है। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम इन लोगों के द्वारा एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा गया जिसमें उन्होंने 8 मांगों का जिक्र किया है।

आदेश त्यागी ने बताया कि हमारे समाज ने श्रीकांत त्यागी की पत्नी अनु त्यागी के समर्थन में 21 अगस्त को एक महापंचायत की थी।

## युवक की हत्या करके शव को जलाया

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज आपराधिक वारदात के दौरान बदमाशों ने एक युवक की हत्या के करके उसके शव को जला दिया।

सीओ कविनगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जिस युवक का जला हुआ शव मिला है, उसका नाम अनिल था। वह मध्यप्रदेश का रहने वाला था और हाल में कविनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शास्त्रीनगर कॉलोनी में स्थित कार्टे चौराहे पर रह रहा था। त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अनिल की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए कई ऐंगल पर जांच कर रही है।

# करेंसी ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी

● साइबर ठग को मध्यप्रदेश से पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

करेंसी में ट्रेडिंग के नाम पर डीमैट खाता खुलवा कर करोड़ों रुपए की ठगी करने के एक आरोपी को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी मध्य प्रदेश के देवास से की है। इसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी रीता यादव ने बताया कि अशोक कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ दिन पहले एक व्यक्ति ने उन्हें करेंसी में ट्रेडिंग के नाम पर बेहतर रिटर्न देने का झांसा देकर रकम इन्वेस्ट करने का ऑफ र दिया था। उक्त व्यक्ति की बातों में आकर उन्होंने अमदानी सलूशन कंपनी में करीब 15 लाख रुपए इन्वेस्ट किए थे। अशोक कुमार ने बताया कि जब उन्होंने जमा किए गए रुपयों का स्टेटस चेक किया तो उनमें काफ ी बढ़ोतरी दिखाई दी। कुछ समय पश्चात जब उन्होंने डीमैट खाते से अपने रुपए निकालने का प्रयास किया तो रुपए नहीं निकल पाए। इसके पश्चात उन्होंने मध्यप्रदेश के देवास में स्थित कंपनी मुख्यालय में संपर्क किया लेकिन वहां से भी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। कुछ समय बाद उक्त कंपनी वालों ने फोन उठाना बंद कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अशोक कुमार की शिकायत के पश्चात साइबर क्राइम सेल ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि कुछ लोग करेंसी ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को ठग रहे हैं। साइबर सेल की टीम ने जांच पड़ताल के बाद मध्य प्रदेश के देवास से शोएब मंजूरी को गिरफ्तार किया। शोएब ने बताया कि इंदौर में बकायदा कॉल सेंटर चलाया जा रहा था।

**पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
सीआईएन : एल65929डीएल1947पीएलसी001240;
वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9 10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन : +91 7303495375 ; ई मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com

**127वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना, रिमोट ई वोटिंग जानकारी तथा बही बंदी**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :

1. कम्पनी की 127वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 10.00 बजे आईएसटी, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 17/2020, दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 के क्रम में जनरल सर्कुलर नंबर 02/2022, दिनांकित 05 मई, 2022 ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/ एचओ/ सीएफडी/ सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 ("सेबी सर्कुलर") के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") सुविधा के माध्यम से, 127वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण एवं विशेष व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।
2. एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के निबन्धनों में, सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है, अतएव कम्पनी इसकी 127वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट 2021 22 सदस्यों को उनके पंजीकृत ई मेल आईडी पते पर भेज रही है। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.pnbfinanceandindustries.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे तथा भौतिक अथवा अभौतिक रूप में शेयरों के धारक उन सदस्यों, जिनका ई मेल पता कम्पनी के पास पंजीबद्ध नहीं है, को अपना ई मेल पता स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट) के पास पंजीकृत करवाने के लिए, एक अनुरोध पत्र, अपने नाम, फोलियो नंबर, शेयरों की संख्या, सर्टिफिकेट नंबर इत्यादि तथा इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस के माध्यम से लाभांश के भुगतान हेतु खाता विवरण का उल्लेख करते हुए, ई मेल आईडी parveen@skylinerta.com पर 23 सितम्बर, 2022 को या उससे पहले भेजना होगा।
3. वे सदस्य जो विच्छेदन तिथि (कट ऑफ डेट) 23 सितम्बर, 2022 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयरों के धारक हैं, 127वीं एजीएम की सूचना में उल्लेखित साधारण तथा विशेष व्यवसायों के संबंध में अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई वोटिंग") के जरिये डाल सकते हैं। रिमोट ई वोटिंग तथा एजीएम से जुड़ने के विषय में विस्तृत अनुदेश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं।

सभी सदस्यों को सूचना दी जाती है कि :

(i) 127वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण तथा विशेष व्यवसाय का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा ;
(ii) रिमोट ई-वोटिंग आरंभ होने की तिथि एवं समय : 27 सितम्बर, 2022 को (पूर्वा. 09.00 बजे) ;
(iii) रिमोट ई वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय : 29 सितम्बर, 2022 को (अप. 05.00 बजे) ;
(iv) रिमोट ई वोटिंग द्वारा अथवा 127वीं एजीएम के दौरान ई वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने के अधिकार निर्धारण हेतु विच्छेदन तिथि (कट ऑफ डेट) 23 सितम्बर, 2022 है;
(v) कोई व्यक्ति जो ई मेल द्वारा 127वीं एजीएम की सूचना भेजी जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि (कट ऑफ डेट) 23 सितम्बर, 2022 को शेयर धारक है, evoting@nsdl.co.in अथवा pnbfinanceindustries@gmail.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
(vi) सदस्यगण नोट करें कि क) एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि और समय के बाद वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी; ख ) सदस्य, जो एजीएम से पहले रिमोट ई वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वीसी सुविधा के माध्यम स एजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम के दौरान ई वोटिंग सिस्टम द्वारा दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी; ग) एजीएम में भाग ले रहे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, एजीएम के दौरान ई वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने का हकदार होंगे; घ) कोई व्यक्ति, जिसका नाम विच्छेदन तिथि (कट ऑफ डेट) को सदस्य पंजिका में दर्ज है, वह रिमोट ई वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने तथा एजीएम के दौरान ई वोटिंग का हकदार होगा।
(vii) जिन सदस्यों के शेयर भौतिक रूप में हैं, जिनका ई मेल पता कम्पनी में पंजीकृत नहीं है, वे नाम, फोलियो नंबर तथा पूरा पता के उल्लेख युक्त हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति, पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति तथा कम्पनी के साथ पंजीकृत सदस्य के पते के समर्थन में किसी दस्तावेज (जैसेकि आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, निर्वाचन पहचान कार्ड, पासपोर्ट) की स्व सत्यापित स्कैन प्रति ई मेल द्वारा pnbfinanceindustries@gmail.com को भेजकर अपना ई मेल पता पंजीकृत करवा सकते हैं। जिन सदस्यों के शेयर डीमैट रूप में हैं, वे अपना ई मेल पता अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अद्यतन करवा सकते हैं।
(viii) किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के "डाउनलोड सेक्शन" के अन्तर्गत उपलब्ध शेयरधारकों के लिए फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेशचन्स (एफएक्यू'ज) तथा शेयरधारकों के लिए ई वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं अथवा सुश्री सोनी सिंह, सहायक प्रबंधक, नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चतुर्थ तल, कमला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013 से नामित ई-मेल आईडी - evoting@nsdl.co.in अथवा टोलफ्री नंबर : 1800 1020 990 तथा 1800 22 44 30 पर सम्पर्क कर सकते हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के साथ संबंधित शिकायतों का निवारण करेंगे।

4. कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 24 सितम्बर, 2022 से 30 सितम्बर, 2022 तक (दोनों तिथियों सहित) बंद रहेंगी।

वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./
श्वेता सक्सेना
निदेशक एवं कम्पनी सेक्रेटरी
तिथि : 06 सितम्बर, 2022
स्थान : नई दिल्ली

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुशरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समुनदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की माँग की गई थी।
कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमन कथूरिया/अमृता/ QZGUR00005000123-19700041618 | फ्लैट नंबर 405, टॉवर 8, चौथी मंजिल, एम वी एन एथेंस सोहना, सेक्टर 5 सोहना, हरियाणा, गुड़गांव 122103/ 03 सितंबर, 2022 | अप्रैल 01, 2022 ₹ 12,74,524/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 07, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नरेंद्र कुमार/ सुनीता रानी/ LBDEL00001980116 | प्लॉट नंबर- 137, ब्लॉक- डी, सेक्टर- 11, डीएलएफ मॉडल टाउन, फरीदाबाद, फरीदाबाद/ 03 सितंबर, 2022 | जून 19, 2022 रु. 3,54,104/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | नितिन तिवारी/ शिल्पी तिवारी/ राम नरेश/ LBGUR00002654054 | फ्लैट नंबर 19001, ग्राउंड फ्लोर टॉवर 19 पाइन वुड जरा आवास सेक्टर 104 गुड़गांव हरियाणा 122001/ 03 सितंबर, 2022 | अप्रैल 16, 2022 रु. 23,29,014/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | सोनू कुमार/ प्रीति/ LBFDB00005075313 | फ्लैट नंबर-ए7/201, दूसरी मंजिल, हैबिटेट 78, टावर ए7, ग्राम फरीदपुर, सेक्टर 78, फरीदाबाद, हरियाणा/ 03 सितंबर, 2022 | नवम्बर 15, 2021 रु. 13,90,391/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | तेजपाल सिंह/ संजीव सिंह/ LBFDB00003663826 | फ्लैट नं- 1207ए टावर नं- 1, 12वीं मंजिल, टावर-1, सेक्टर- 84, देवन गुड़गांव 122001/ 03 सितंबर 2022 | अप्रैल 16, 2022 रु. 12,63,348/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 07, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**राठी बार्स लिमिटेड**
सीआईएन : एल74899डीएल1933पीएलसी054781
पंजी. कार्यालय : ए-24/7, मोहन को-आपरेटिव इंड. एस्टेट, नई दिल्ली-110017
: +91-11-42760373, | www.rathisteels.com
rathibars@hotmail.com

**29वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की 29वीं वार्षिक सामान्य बैठक **बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 10.00 बजे** ए-24/8, मोहन को-आपरेटिव इंड. एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044 में आयोजित की जाएगी।
एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के अनुसार, वर्ष 2021-22 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय विवरण तथा एजीएम की सूचना सहित केवल ई-मेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनका ई-मेल पता कम्पनी अथवा उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स तथा कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट के पास पंजीकृत हैं।
ई-मेल द्वारा एजीएम की सूचना का प्रेषण का कार्य 07-09-2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। एतद्द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 10 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 23 सितम्बर, 2022 से 29 सितम्बर, 2022 तक (दोनों तिथियां शामिल हैं) कम्पनी की 29वीं वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजनार्थ बंद रहेंगी।
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली 2015 के विनियम 44 तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के अनुसरण में, कम्पनी हर्ष के साथ यह सूचना दे रही है कि यह उक्त बैठक में निष्पादित की जाने वाली सभी मदों के संबंध में शेयरधारकों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है।
सदस्यों को यह भी सूचना दी जाती है कि 29वीं एजीएम की सूचना ई-वोटिंग के लिए विस्तृत अनुदेशों तथा वर्ष 2021-22 के लिए वार्षिक रिपोर्ट सहित कम्पनी की वेबसाइट www.rathisteels.com स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी। ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 10.00 बजे आरंभ होगी तथा बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी।
कम्पनी ने मैसर्स पीडब्ल्यूआर एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज, दिल्ली को ई-वोटिंग प्रक्रिया के निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संवीक्षण हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।
सदस्यगण, रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में विस्तृत अनुदेशों हेतु एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध "नोट्स" देखें। ई-वोटिंग के संबंध में किसी संदेह अथवा तकनीकी सहायता के लिए सदस्य info@masserv.com पर सम्पर्क करें।
जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, वे अपना ई-मेल पता डीमैट धारण के संबंध में अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के माध्यम से डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत करवा सकते हैं। जिन सदस्यों के शेयर भौतिक रूप में हैं, उनसे अपनी ई-मेल आईडी एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट (आरटीए) के पास पंजीकृत करवाने का अनुरोध किया जाता है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते राठी बार्स लिमिटेड
हस्ता./-
(अनुराग राठी)
प्रबंध निदेशक
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 06-09-2022

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार नहीं हैं। पत्रव्यवहार ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# भाजपा का सिसोदिया के घर पर प्रदर्शन

## शराब घोटाले पर सियासत जारी

**• उप मुख्यमंत्री और सत्येंद्र जैन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग**


सिसोदिया के आवास पर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शराब घोटाले को लेकर भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में सियासत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। सीबीआई जांच के साथ-साथ भाजपा भी लगातार उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

इसी कड़ी में पार्टी के नेताओं ने सिसोदिया के घर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उनको सत्येंद्र जैन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। कई लोग बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने नेताओं को हिरासत में ले लिया बाद में रिहा कर दिया।

भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की अगुवाई में एनएससीआई के समीप एकत्र हुए और वहां मार्च करते हुए मथुरा रोड स्थित सिसोदिया के घर के बाहर पहुंचे लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने विधायक मोहन सिंह बिष्ट, विजेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, जितेंद्र महाजन, अनिल वाजपेयी, अजय महावर और अभय वर्मा समेत अन्य समर्थकों को आगे बढ़ने से रोक दिया। कई बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने पार्टी विधायकों समेत कार्यकर्ताओं के साथ हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्हें मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन ले जाया गया। बाद में उन्हें रिहा कर दिया।

बिधूड़ी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग का नारा लगाकर आम आदमी पार्टी सत्ता में आई और जनता के साथ धोखा करते हुए आज खुद भ्रष्टाचार में पूरी तरह डूब गई है। अब तो स्टिंग से भी साबित हो गया है कि शराब ठेकेदारों का कमीशन 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत इसलिए किया गया था कि आधा हिस्सा केजरीवाल-सिसोदिया एंड पार्टी को नकद रूप में वापस किया जाए। इसीलिए शराब ठेकेदारों के 144 करोड़ रुपये माफ कर दिया गया।

**हस्ताक्षर अभियान चलाकर सिसोदिया का मांगा इस्तीफा**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में पर्टी ने दिल्ली भर में पांच सौ से अधिक स्थानों पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों से मनीष सिसोदिया को बर्खास्त करने के लिए राय मांगी।

करोल बाग मेट्रो स्टेशन के बाहर आदेश ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जिस तरह से सिसोदिया की बर्खास्तगी के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई है, वह बताती है कि सिसोदिया की गड़बड़ी की है।

### छापेमारी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस ने नई आबकारी नीति में हुए कथित घोटाले को लेकर सीबीआई और ईडी की छापेमारी पर सवाल उठाए हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय हजारों करोड़ के शराब घोटाले में सबूत और सच्चाई सामने होने के बाद जांच और छापेमारी का ढोंग कहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया को बचाने की कवायद तो नहीं।

# छिपाने के लिए कुछ नहीं है मेरे पास : मनीष सिसोदिया

**• बोले-स्कूलों का निर्माण किया, अगर ईडी आती है तो उसे कुछ और विद्यालयों के मिलेंगे नक्शे**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आबकारी नीति धनशोधन मामले में मंगलवार को कई स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के कुछ घंटे बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है और उन्होंने अपना काम ईमानदारी से किया। शिक्षा विभाग का भी प्रभार संभाल रहे सिसोदिया ने कहा कि यदि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी उनके यहां आते हैं तो उन्हें कुछ विद्यालयों के नक्शे मिलेंगे। उन्होंने यह बात मीडिया से बातचीत में कही।

ईडी के अधिकारियों के अनुसार, इस मामले में दिल्ली, तेलंगाना, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं कर्नाटक में करीब 30 परिसरों की तलाशी ली गई। मामले में नामजद व्यक्तियों (के परिसरों) पर छापा मारा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें सिसोदिया या किसी अन्य सरकारी सेवक के परिसर शामिल नहीं हैं। ईडी ने आबकारी मामले में सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद धनशोधन रोकथाम अधिनियम की आपराधिक धाराओं के तहत जांच शुरू की है। सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में इस मामले में सिसोदिया एवं 14 अन्य को नामजद आरोपी बनाया है। सीबीआई ने इस मामले में 19 अगस्त को यहां सिसोदिया, आईएएस अधिकारी एवं दिल्ली के पूर्व आबकारी आयुक्त ए गोपी कृष्ण के निवासों तथा सात राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में 19 अन्य स्थानों पर छापेमारी की थी। दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले में सिसोदिया एवं कुछ नौकरशाहों को बतौर आरोपी नामजद किया गया है। यह नीति अब वापस ले ली गई है।

### पीएम मोदी ने जांच एजेंसी को लगाया : संजय

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि सीबीआई को मनीष सिसोदिया के घर से कुछ नहीं मिला तो पीएम मोदी ने अब ईडी को पीछे लगाया है। ईडी को निर्देश दिया गया है कि देश भर में छापेमारी करो और कहीं से कुछ भी मिले उसे मनीष सिसोदिया से जोड़ो।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया

**नई दिल्ली।** केआर मंगलम विश्वविद्यालय और उसके स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित शिक्षक पर्व के अनुसार एक पैन विश्वविद्यालय शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और विशिष्ट अतिथि के स्वागत के साथ हुई। प्रो. पुष्पलता त्रिपाठी ने केआर मंगलम विश्वविद्यालय के शिक्षकों को स्वागत भाषण दिया और उसके बाद विशिष्ट अतिथि प्रो. एन.के. चड्ढा ने जिक्र किया कि शिक्षकों का ध्यान छात्रों की क्षमताओं को इस तरह से बढ़ाने पर होना चाहिए कि वे भविष्य में जिन भी अवसरों का सामना करेंगे, उनके प्रति आश्वस्त हो जाएं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्रशेखर दुबे ने कहा कि छात्रों के साथ शिक्षकों का रिश्ता एक परिवार जैसा होना चाहिए। इस मौके पर विवि प्रशासन ने विभिन्न श्रेणियों के तहत सोलह शिक्षकों को सम्मानित किया।

### एफसीआई में अध्यक्ष अशोक मीना ने किया पौधारोपण



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अशोक कुमार मीना ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर अशोक कुमार मीना ने कर्मचारियों के साथ विभिन्न प्रकार की सब्जी एवं औषधीय पौधे कार्यालय परिसर में लगाए। मीना ने बताया कि आज के दौर में सभी को पोषक तत्वों की ज्यादा आवश्यकता है। ऐसे में निगम के कर्मचारियों और आमजन को जागरूक करने के लिए पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक बिजय कुमार सिंह,पीयूष कुमार गुप्ता मुख्य सतर्कता अधिकारी,मुख्यालय महाप्रबंधक जी एन राजू एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### पिता की हत्या करने के आरोप में नाबालिग हिरासत में

**नई दिल्ली** सराय रोहिल्ला इलाके में अपने पिता की हत्या करने के आरोप में 17 वर्षीय एक लड़के को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना 22 अगस्त को हुई जब आरोपी का पिता और रेलवे सुरक्षा विशेष बल कर्मी शराब के नशे में घर आया और अपनी पत्नी को अपशब्द कहने लगा। लड़के ने जब पिता बंसी लाल (42) को रोकने का प्रयास किया तो उसने अपने बेटे को पीटा जिससे उसके सिर में चोट आई। इसके बाद लड़के ने अपने पिता पर लकड़ी की वस्तु से प्रहार किया।

# अफगानिस्तान के दो नागरिकों से 12 सौ करोड़ की ड्रग्स बरामद


पुलिस गिरफ्त में दोनों तस्कर, इंसेट में जब्त माल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**• आतंकी गतिविधियों में खर्च होने थे करोड़ों**

स्पेशल सेल ने नार्को-टेरर पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 312.5 किलोग्राम मेथाफेटामाईन और 10 किलो अच्छी क्वालिटी की हेरोइन जब्त की गई है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 12 सौ करोड़ रुपए आंकी गई है। ड्रग्स की खेप पहले चेन्नई से लखनऊ और वहां से दिल्ली लाई गई थी।

विशेष आयुक्त एचजीएस धारीवाल के मुताबिक, अफगान नागरिकों की पहचान मुस्तफा और रहिमुल्लाह के रूप में हुई। दोनों बड़े स्तर पर नशीले पदार्थों की सप्लाई का काम करते थे। ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ने के वाली टीम में एसीपी हृदयभूषण, इंस्पेक्टर विनोद बडोला, एसआई सुंदर गौतम और यशपाल भाटी शामिल थे। इन्होंने कालिंदी कुंज के पास से एक कार को जांच के लिए रोका था। कार से मैथाफेटामाईन के साथ मुस्तफा और रहिमुल्लाह को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला है तस्करी का पैसा आंतकी गतिविधियों में खर्च होना था।

### सेंट्रल विस्टा का उद्घाटन कल, यातायात पुलिस ने जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुरुवार को सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का उद्घाटन करने के मद्देनजर 8 सितंबर को मध्य दिल्ली के कुछ हिस्सों में यातायात संबंधी प्रतिबंध लागू रहेंगे। विजय चौक से इंडिया गेट तक फैला हुआ सेंट्रल विस्टा एवेन्यू आठ सितंबर को आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

सामान्य यातायात को शाम छह बजे से रात नौ बजे तक कुछ विशिष्ट सड़कों पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस की ओर से जारी किए गए यातायात संबंधी परामर्श के अनुसार सामान्य वाहनों को तिलक मार्ग , पुराना किला रोड शेरशाह रोड जैसी सड़कों पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, पंडारा रोड, शाहजहां रोड, अकबर रोड और अशोक रोड को वाहनों के लिए शाम छह बजे से रात नौ बजे तक के लिए बंद किया जाएगा।

# सराय काले खां होगा जाम मुक्त टी प्वाइंट पर नया फ्लाई ओवर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**• उपमुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य की रखी आधारशिला**

दक्षिणी दिल्ली का अतिव्यस्त इलाका सराय काले खां टी-प्वाइंट जाम मुक्त होगा। यहां पर आईटीओ से आश्रम जाने वाले वाहनों के लिए 550 मीटर लम्बे 3 लेन का नया फ्लाईओवर बनेगा। इसके बन जाने पर टी-जंक्शन सिग्नल फ्री हो जाएगा और रोजाना बड़ी संख्या में गाजियाबाद, नोएडा आने जाने लाखों वाहनों चालकों को जाम से निजात मिलेगा।

साथ ही रिंग रोड पर यातायात सुगम होगा और प्रतिदिन 5 टन कार्बनडाइऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। मंगलवार को लोक निर्माण मंत्री मनीष सिसोदिया ने 65.55 करोड़ रूपये की लागत से तैयार हो रहे इस फ्लाईओवर का शिलान्यास किया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि सराय काले खां टी-प्वाइंट पर फ्लाई ओवर बनने से सालाना लोगों के 19 करोड़ रूपये को बचत होगी और योजना की कुल लागत मात्र 3.5 सालों में निकल जाएगी। 550 मीटर लम्बे 3 लेन का यह फ्लाईओवर 1 साल में बनकर तैयार हो जाएगा।

फ्लाईओवर बनने के बाद आईटीओ से आश्रम जाने वाले वाले लाखों वाहनों को जाम से मुक्ति मिलेगी। एक नए फ्लाईओवर का शिलान्यास किया है। यहां जबतक रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम बनकर तैयार होगा तबतक नया फ्लाईओवर भी बनकर तैयार हो जाए।

# गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा देने का संकल्प



**• कैलाश हिल्स व ईस्ट ऑफ कैलाश के निवासियों को प्रयास**

**नई दिल्ली।** गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए कैलाश हिल्स व ईस्ट ऑफ कैलाश के एनजीओ राइजिंग स्टार ने 06 से 14 वर्ष के गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा देने का काम शुरू किया है। कार्यक्रम में बैनेट यूनिवर्सिटी की असस्टिेंट प्रोफेसर दक्षा शर्मा की भूमिका अहम है। मुख्य अतिथि इंडियन लॉ इंस्टीटयूट के निदेशक प्रोफेसर मनोज कुमार सिन्हा, रविन्द्र गैरीमेला, उप पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार, विशेष अतिथि व संघ के प्रांत सेवा प्रमुख मिथलेश कुमार, मानव मंदिर गुरूकुल की साधवी समता श्री जी ने संबोधित किया। राइजिंग स्टार की स्वयंसेवी टीम में जतिन राजपूत, सतीश नागपाल, अंजना अग्रवाल। विनिता शर्मा, अनिता सेतिया, प्रिया राजपुत, आर के श्रीवास्तव, साक्षी, खुशबू नागपाल, सोनालिका, प्रियंका,रितु मोहनानी, अपूर्वा, संजय , बबिता व पुनीत जैन शामिल हैं।


**आरएलएफ लिमिटेड**

सीआईएन : एल74999एचआर1979पीएलसी032747

पंजीकृत कार्यालय : 14 Kms, गुरूग्राम पटौदी रोड, सेक्टर-95, ग्राम झुंड सराय वीरान, जिला गुरूग्राम, हरियाणा-122001

पत्राचार कार्यालय : डी-41, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट-II, नई दिल्ली-110049

फोन : 011-26258237, 011-49075251

ई-मेल आईडी : investorrelations@rlfltd.com, वेबसाइट : www.rlfltd.com

**42वीं एजीएम की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की 42वीं वार्षिक सामान्य बैठक शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 10.00 बजे कम्पनी के 14 kms, गुरूग्राम पटौदी रोड, सेक्टर-95, ग्राम झुंड सराय वीरान, जिला गुरूग्राम, हरियाणा-122001 में एजीएम की सूचना दिनांकित 20 जुलाई, 2022 में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

एतद्द्वारा सदस्यों को सूचना दी जाती है कि बैठक की सूचना तथा उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.rlfltd.com तथा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध हैं तथा उक्त दस्तावेजों की प्रतियां निरीक्षण के लिए पंजीकृत कार्यालय गुरूग्राम और पत्राचार कार्यालय दिल्ली में बैठक की तिथि तक प्रत्येक कार्यदिवस को (शनिवार, रविवार तथा सार्वजनिक अवकाश दिवसों को छोड़कर) कार्यसमय के दौरान उपलब्ध हैं।

बैठक में भाग लेने तथा वोट डालने का हकदार सदस्य अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने तथा वोट डालने के लिए परोक्षी नियुक्त करने का हकदार है तथा परोक्षी कम्पनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। तथापि, परोक्षी की नियुक्ति का विलेख कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय या पत्राचार कार्यालय में बैठक आरंभ होने से कम से कम 48 घंटे पहले जमा कर दिया जाना चाहिए।

सदस्यों को सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा संशोधित, के नियम 20 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली 2015 के विनियम 44 के अनुसरण में, कम्पनी बैठक में पारित किए जाने हेतु प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोट डालने की सुविधा उपलब्ध करवा रही है।

कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा इक्विटी शेयर्स के संबंध में शेयर अंतरण बहियां 24 सितम्बर, 2022 से 29 सितम्बर, 2022 (दोनों तिथियों सहित) तक आगामी एजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगी।

कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन नियमावली) 2014 के नियम 20(3) (VI) के निबन्धनों में ई-वोटिंग मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। कट-ऑफ तिथि 23 सितम्बर, 2022 को भौतिक या अभौतिक रूप में कम्पनी के शेयरधारक इस अवधि के दौरान अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं। तदुपरांत लिंकइनटाइम द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल ई-वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

सभी सदस्यों (जिनमें भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्य/वे सदस्य शामिल हैं, जिनका ई-मेल पता डीपी'ज/कम्पनी/आरटीए के पास पंजीकृत नहीं है) के लिए रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने हेतु विस्तृत प्रक्रिया अथवा अनुदेश सूचना में वर्णित किए गए हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
आरएलएफ लिमिटेड
हस्ता./-
पूनम
कम्पनी सेक्रेटरी एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : गुरूग्राम, हरियाणा
दिनांकित : 07-09-2022



**कैमैक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड**

(सीआईएन : एल70109डीएल1980पीएलसी169318)

पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002

मोबाइल नंबर : 7303495374, ई-मेल : camaccommercial@gmail.com

वेबसाइट : www.camaccommercial.com

**42वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना रिमोट ई-वोटिंग जानकारी तथा बही बंदी**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :

1. कम्पनी की 42वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 10.15 बजे आईएसटी, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020, दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 17/2020, दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 के क्रम में जनरल सर्कुलर नंबर 02/2022, दिनांकित 05 मई, 2022 ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर /पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 ("सेबी सर्कुलर") के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") सुविधा के माध्यम से, 127वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण एवं विशेष व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।
2. एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के निबन्धनों में, सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है, अतएव कम्पनी इसकी 42वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 सदस्यों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पते पर भेज रही है। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट ww.camaccommercial.com पर तथा सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे तथा भौतिक अथवा अभौतिक रूप में शेयरों के धारक उन सदस्यों, जिनका ई-मेल पता कम्पनी के पास पंजीबद्ध नहीं है, को अपना ई-मेल पता निच टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट) के पास एक अनुरोध पत्र, नाम, फोलियो नंबर, शेयरों की संख्या, सर्टिफिकेट नंबर इत्यादि तथा खाता विवरण का उल्लेख करते हुए ई-मेल आईडी nichetechpl@nichetechpl.com पर 23 सितम्बर, 2022 को या उससे पहले भेजना होगा।
3. वे सदस्य जो विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) 23 सितम्बर, 2022 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयरों के धारक हैं, 42वीं एजीएम की सूचना में उल्लेखित साधारण तथा विशेष व्यवसायों के संबंध में अपना वोट सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई-वोटिंग") के जरिये इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचना दी जाती है कि :

(i) 42वीं एजीएम की सूचना में उल्लेखित साधारण तथा विशेष व्यवसाय का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा ;
(ii) रिमोट ई-वोटिंग आरंभ होने की तिथि एवं समय : 27 सितम्बर, 2022 को (पूर्वा. 09.00 बजे) ;
(iii) रिमोट ई-वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय : 29 सितम्बर, 2022 को (अप. 05.00 बजे) ;
(iv) रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अथवा 42वीं एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने के अधिकार निर्धारण हेतु विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) 23 सितम्बर, 2022 है ;
(v) रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम से जुड़ने हेतु विस्तृत अनुदेश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं।
(vi) कोई व्यक्ति जो ई-मेल द्वारा 42वीं एजीएम की सूचना भेजी जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) 23 सितम्बर, 2022 को शेयर धारक है, www.evotingindia.com अथवा camaccommercial@gmail.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
(vii) सदस्यगण नोट करें कि क) उपरोक्त तिथि और समय के बाद सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी ; ख ) सदस्य, जो एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम द्वारा दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी ; ग) एजीएम में भाग ले रहे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने का हकदार होंगे ; घ) कोई व्यक्ति, जिसका नाम विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) को सदस्य पंजिका में दर्ज है, वह रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने तथा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग का हकदार होगा।
viii) जिन सदस्यों के शेयर भौतिक रूप में हैं, जिनका ई-मेल पता कम्पनी में पंजीकृत नहीं है, वे नाम, फोलियो नंबर तथा पूरा पता के उल्लेख युक्त हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन प्रति, पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति तथा कम्पनी के साथ पंजीकृत सदस्य के पते के समर्थन में किसी दस्तावेज (जैसेकि आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, निर्वाचन पहचान कार्ड, पासपोर्ट) की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति ई-मेल द्वारा camaccommercial@gmail.com को भेजकर अपना ई-मेल पता पंजीकृत करवा सकते हैं। जिन सदस्यों के शेयर डीमैट रूप में हैं, वे अपना ई-मेल पता अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास अद्यतन करवा सकते हैं।

4. ई-वोटिंग सिस्टम से रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में किसी संदेह की स्थिति में आप www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग मैनुअल तथा बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू'जू") का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल लिख सकते हैं अथवा श्री राकेश दाल्वी, पदनाम : वरिष्ठ प्रबंधक, सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, पता : ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुंबई- 400013 से सम्पर्क करें अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल करें अथवा 022-23058542/43 पर अथवा टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल करें।
5. कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 24 सितम्बर, 2022 से 30 सितम्बर, 2022 तक (दोनों तिथियों सहित) बंद रहेंगी।

वास्ते कैमैक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./-
साक्षी मिश्रा
निदेशक

तिथि : 06 सितम्बर, 2022
स्थान : नई दिल्ली



**INDAG इन्डैग रबर लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1978पीएलसी009038

पंजी. कार्यालय : 11, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017

फोन : 011-26963172/73 ई-मेल : info@indagrubber.com, वेबसाइट : www.indagrubber.com

**सूचना**

**(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)**

कम्पनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं विनिधानकर्ता प्राधिकरण (आईईपीएफ) के डीमैट खाते में अनिवार्य अंतरण।

यह सूचना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के साथ पठित कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित निवेशक शिक्षा एवं विनिधानकर्ता प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, अंतरण और प्रत्यर्पण) नियमावली, 2016 ("उक्त नियमावली") समय समय पर संशोधितानुसार तथा भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सूचिबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 39(4) के अनुसरण में प्रकाशित की जा रही है।

नियमों के अधीन, अन्य के साथ, कम्पनी द्वारा ऐसे सभी शेयर जिनके संबंध में वित्तीय वर्ष 2015-2016 के लिए अंतरिम लाभांश का भुगतान और मांगदावा लगातार विगत 7 वर्षों से नहीं किया गया है, 10 दिसंबर, 2022 से 30 दिन के भीतर, उक्त नियमावली में निर्धारित विधि में, केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) के डीमैट खाते में अंतरित किए जाने की अपेक्षा की जाती है।

तदनुसार, कम्पनी द्वारा उन संबंधित शेयरधारकों को उनके अंतिम ज्ञात पते पर या ईमेल आईडी पर व्यक्तिगत सूचना भेजी है, जिनके शेयर नियमों के तहत आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में अंतरित किए जाने के भागी है। ऐसे शेयरधारकों का पूर्ण विवरण तथा उनके फोलियो नंबर अथवा डीपीआईडी-क्लाइंट आईडी अपनी वेबसाइट www.indagrubber.com पर अपलोड किया जाएगा, जो आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में अंतरण के प्रयोजनार्थ कम्पनी द्वारा नए शेयर प्रमाणपत्र जारी किए जाने, यदि भौतिक रूप में धारित हैं, के संबंध में उचित सूचना मानी जाएगी।

संबंधित शेयरधारक ध्यान दें कि, ऐसे शेयरों पर कोई भावी लाभांश, जिसमें कार्पोरेट लाभ सम्मिलित है, आईईपीएफ खाते में क्रेडिट किए जाएंगे। ऐसे शेयर उक्त डीमैट खाते में क्रेडिट किए जाने पर, मांगदावा नहीं किए गए लाभांश और आईईपीएफ खाते में अंतरित किए गए ऐसे शेयरों के संबंध में कम्पनी के विरुद्ध कोई दावा मान्य नहीं होगा। तथापि, शेयरधारक आईईपीएफ नियमों के तहत दी गई प्रक्रिया का अनुपालन करने के पश्चात आईईपीएफ प्राधिकरण से क्रेडिट किए गए शेयर तथा अदावित लाभांश राशि वापस करने की मांग कर सकते हैं। इस संबंध में मांगदावा प्रस्तुत करने हेतु प्रक्रिया www.mca.gov.in तथा www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है।

इस विषय में किसी अतिरिक्त जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए, संबंधित शेयरधारक कम्पनी को इंडैग रबर लिमिटेड, खेमका हाउस, 11, कम्युनिटी सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017, फोन : 011-26963172-73 ई-मेल : info@indagrubber.com के पते पर लिख सकते हैं अथवा कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट - स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, डी-153/ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110020, फोन : 011-26812682-83, ई-मेल : admin@skylinerta.com के साथ सम्पर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते इंडैग रबर लिमिटेड
हस्ता./-
कम्पनी सेक्रेटरी

तिथि : 06 सितंबर, 2022
स्थान : नई दिल्ली



**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

**बिक्री सूचना**

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग वर्ली, मुंबई -400018, भारत, फोन : +91 22 66523500
फैक्स : +91 22 24972741

शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139-141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002

**अचल सम्पत्तियों की नीलामी-सह-बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूत लेनदार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी ने, प्रतिभूत ऋणों की वसूली के प्रयोजनार्थ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "सरफासी ऐक्ट" कहा गया है) की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 2002 (इसमें आगे "नियमावली" कही गई है) के नियम 8 और 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) बेचने का निर्णय किया है। प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त सम्पत्ति का कब्जा सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, जो "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है आधार" पर बेची जाएगी तथा सर्वसाधारण और सभी संबंधित जन जिसमें संबंधित कर्जदार/बंधकदाता, उनके प्रतिनिधिगण, यथास्थिति, शामिल हैं, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध प्रतिभूत आस्तियां बेची जाएगी, जिनका विवरण यहां नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | कर्जदारों/सह-कर्जदारों/ गारंटरों/बंधकदाताओं का नाम | 13(2) मांग सूचना की तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि | सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा : मेरठ<br>कर्जदार : संतोष पत्नी रमेश, 39, होली चौक, जसवंत नगर, मलियाना, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250002<br>सह-कर्जदार : रमेश पुत्र कालीचरण, 39, होली चौक, जसवंत नगर, किशनपुरा, मलियाना, मेरठ-250002<br>एलएएन : 722482/ XSEMMER00613439 | 04-12-2020 एवं रू. 9,72,553/- (रू. नौ लाख बहत्तर हजार पांच सौ तिरेपन मात्र) | 01-06-2022 भौतिक कब्जा | खसरा नंबर 1319 जसवंत शुगर मिल कालोनी, राजस्व ग्राम-मलियाना, परगना एवं तहसील एवं जिला मेरठ-250002<br>पूरब :- राजवती का मकान, पश्चिम :- दीप चंद, दक्षिण :- रास्ता 18 फीट चौड़ा, उत्तर :- प्रकाश चंद का मकान | रू. 9,20,000/-<br>रू. 92,000/-<br>रू. 10,000/- | 23.09.2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक | 27-09-2022 पूर्वा. 10 बजे से अप. 03.00 बजे तक |

1. एमआरएचएफएल को अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही करते हुए अब उसके लिए ऑफर प्राप्त हुई है (ऑफर राशि ऊपर तालिका में दी गई है) और हम, अन्य के साथ इस तथ्य पर विचार करते हुए इसको स्वीकार करने के इच्छुक हैं कि पिछली सार्वजनिक नीलामी असफल हो चुकी है।
2. इच्छुक बिडर्स को नीलामी में भाग लेने हेतु सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।
3. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रपत्र www.mahindrahomefinance.com पर और शाखा कार्यालय में उपलब्ध हैं। बिक्री नीलामी प्रपत्र में वर्णित नियम एवं शर्तों पर की जाएगी।
4. अतिरिक्त विवरण के लिए प्राधिकृत अधिकारी दीप जोशी से मोबाइल नंबर 8853265434 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सीलबंद ऑफर्स ईएमडी के साथ उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 26-09-2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक है। अधूरी निविदाएं अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अवैध मानी जाएंगी तथा अस्वीकृत होंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
5. उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में सम्पत्ति हेतु ऑफर्स खोलने की तिथि 27-09-2022 को पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक है। निविदा प्राधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में खोली जाएगी।
6. अचल सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि 23-09-2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक है।
7. कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस दिया जाता है कि वे उपरिवर्णित बकाया राशि नीलामी की तिथि से पहले जमा कर दें जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी तथा शेष राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज और लागतों सहित की जाएगी। यदि कर्जदार महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया पूर्ण राशि चुका देता है तो बिक्री, नीलामी रोक दी जाएगी।
8. अचल सम्पत्ति उच्चतम बोलीदाता को बेची जाएगी। तथापि, अधोहस्ताक्षरी का एकमात्र अपने विवेक के अनुसार परस्पर बोलीदान की अनुमति देने का अधिकार सुरक्षित है, यदि ऐसा आवश्यक समझा जाता है।

स्थान : दिल्ली, एनसीआर   तिथि : 07-09-2022   हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# सीआरपीएफ कैंप के पास लगी भयंकर आग, तीन बसें भी जलीं



गुरुग्राम में माता रोड स्थित सीआरपीएफ कैंप क्षेत्र में लगी आग से उठता धुआं।



गुरुग्राम में माता रोड स्थित सीआरपीएफ कैंप क्षेत्र में लगी आग।

### गुरुग्राम का सफेद आसमान हुआ काला

### दमकल विभाग आग बुझाने में जुटा

### 900 मीटर में आयुद्ध डिपो के चलते खतरा बढ़ा रहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** के श्रीमाता शीतला रोड स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास मंगलवार को भयंकर आग लग गई। यह आग वहां पर रखी पानी की खाली टंकियों में लगी। वहां पानी की टंकियों का स्टोर बताया जा रहा है। इस आग से साथ में एक राव ट्रैवल्स की तीन नई बसें भी आग में स्वाहा हो गई। सूचना पाकर दमकल विभाग से कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को माता रोड पर सीआरपीएफ कैंप के पास प्लास्टिक की टंकियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग के कारण काला धुआं गुरुग्राम के आसमान में छा गया। आग की लपटों के साथ धुआं आसमान में उठ रहा था। कई किलोमीटर दूर से ही यह धुआं दिखाई दे रहा था। आग के बीच धमाके भी सुनाई दिए। आसपास के लोगों ने बताया कि यह आग पानी की खाली टंकियों में लगी है। आसपास के लोगों ने खुद ही आग बुझाने के प्रयास किए, लेकिन आग भड़कती ही चली गई। इस आग में टंकियों के गोदाम के साथ में राव ट्रैवल्स की तीन नई बसें भी जलकर राख हो गई। राव ट्रैवल्स में नई बसों का निर्माण किया जाता है।

आसपास के लोगों ने यह भी बताया कि यहां पर अवैध रूप से गोदाम बनाकर आयुद्ध डिपो के लिए खतरा पैदा किया गया है। आगजनी वाले क्षेत्र के आसपास सेंकड़ों झुग्गियां भी बनी हैं। जिनमें रहने वाले लोग भी इस डर से बाहर निकल आए कि कहीं आग की लपटें उन तक ना पहुंच जाएं। सूचना मिलने के आधे घंटे पर दमकल विभाग से गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें झुग्गियों में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो बसों में आग लगी है। इसके साथ ही प्लास्टिक के गोदाम में भी आग लगी थी। दमकल विभाग की ओर से गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया।

## गुरुग्राम में 217 गाय लंपी रोग की चपेट में, दो की मौत

### लंपी रोग से बचाव के लिए 62 हजार गायों को लगाई जा चुकी वैक्सीन

**गुरुग्राम।** जिले में अब तक 217 गाय लंपी त्वचा रोग से प्रभावित हुई हैं। इसमें से 37 गायों को रिकवर कर लिया गया है, यानी वे बीमारी से ठीक हो गई हैं। दो गायों की दुखद मृत्यु भी हो चुकी है। जिले में गायों को लंपी त्वचा रोग से बचाने के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के तहत जिला में अब तक 96 प्रतिशत गोवंश का टीकाकरण किया जा चुका है।

जिले में अब तक जिला की 62 हजार 300 गायों को गोट पॉक्स वैक्सीन लगाई जा चुकी है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा तेजी से इस काम को किया जा रहा है। गायों में यह रोग अधिक ना फैले, इसके लिए वैक्सीनेशन अभियान के तहत पशुपालन विभाग द्वारा 25 टीमें गठित की गई हैं। इन टीम के सदस्यों में एक पशु चिकित्सक, एक वीएलडीए एवं एक बुल स्टाफ को शामिल किया गया है। गुरुग्राम जिला में लगभग 64055 गोवंश है। लंपी त्वचा रोग से गायों को बचाने के लिए मुख्यालय द्वारा 65 हजार वैक्सीन दी गई थी, जिनमें से 62 हजार 300 वैक्सीन गायों को लगाई जा चुकी हैं। जिला में लंपी त्वचा रोग से पीड़ित चार गायों की मृत्यु भी हुई है। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. पुनीता गहलावत ने बताया कि यह एक वायरल बीमारी हैं, जो अधिकतर गायों को प्रभावित कर रही हैं। पशुपालकों को ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह बीमारी चार-पांच दिन में अपने आप ठीक हो जाती है। जिले के सभी पशु अस्पतालों में इस रोग का नि:शुल्क उपचार किया जा रहा है।

**बचाव के लिए इस तरह से करें व्यवस्था :** लंपी बीमारी के उपचार व बचाव केलिए गोशालायें व पशुपालक को बीमार गोवंश को अलग बाड़े में स्वस्थ पशुओं से अलग रखना होगा। उसके उपचार के लिए नजदीकी पशु चिकित्सालय व औषधालय से सम्पर्क करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी पशुपालक बाड़े को साफ-सुथरा व सूखा रखने के साथ साथ बाड़े में नियमित रूप से मक्खी व मच्छर-रोधी दवा व वायरस रोधी दवा का छिड़काव करें व नीम एवं गूगल की पत्तियों का धुआं भी करते रहें। स्वस्थ पशुओं को फिटकरी या लाल दवा से दिन में दो बार नहलाने के साथ ही बीमार पशुओं को पौष्टिक आहार एवं पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध कराएं।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मचारियों का बिना कारण बताए कर दिया गेट बंद



सोहना के गांव राहाका में बनी टाटा क्रोमा कंपनी के कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

**सोहना।** सोहना के गांव राहाका में स्थित टाटा क्रोमा कंपनी ने लगभग सौ कर्मचारियों के लिए ताला लगाकर गेट बंद कर दिया। गुस्साए कर्मचारियों ने कंपनी प्रशासन के खिलाफ गेट के बाहर रोष प्रकट करते हुए नारेबाजी की लेकिन कंपनी का कोई भी अधिकारी गेट से बाहर नहीं आया। आखिर दो घंटे बाद कर्मचारी घर लौट गए। मंगलवार सुबह आठ बजे रोजाना की तरह से ड्यूटी पर आए कर्मचारियों को गेट के अंदर नहीं घुसने दिया। कंपनी कर्मचारी अरबाज ने बताया कि वेंडर ने इनके साथ एक साल नौकरी पर रखने का अग्रीमेंट किया था, लेकिन एक-दो महीने बाद ही कर्मचारियों को बिना कोई कारण बताए और बिना कोई नोटिस दिए कंपनी से बाहर कर दिया है। कर्मचारियों ने पुलिस को भी फोन करके मौके पर बुलाया था। कंपनी प्रबधन ने पुलिस को भी काम से निकलने की कोई वजह नहीं बताई। निमौठ चौकी प्रभारी एसआई विक्की ने बताया कि कर्मचारियों को वेंडर ने रखा था। वेंडर किसी भी प्रकार से कर्मचारियों से बात करने के लिए तैयार नहीं है। वह इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।

### सोहना आईटीआई में हुए 122 के दाखिले

**सोहना।** सोहना आईटीआई में 436 में से 122 के दाखिले हुए हैं। कोपा में सबसे ज्यादा दाखिले हुए हैं। अभी भी 314 सीट खाली हैं। सोहना आईटीआई में दो चरण में चली दाखिला प्रक्रिया में अभी तक 122 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। अभी भी आईटीआई की 314 सीट सभी ट्रेड़ में खाली है। इलेक्ट्रिशियन में सबसे ज्यादा 20 दाखिले हुए हैं। सबसे कम कारपेंटर में 24 सीट पर एक दाखिला हुआ है। प्रधानाचार्य सालिनी तक्षक ने बताया कि तीसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया सात से नौ सितम्बर के बीच चलेगी। अभी उनके यहा पर 314 सीट खाली हैं।



घामडौज में बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर पानी का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीओ ओमप्रकाश और विधायक संजय सिंह के पीए।

### हस्ताक्षर को हिंदी में करने का करना चाहिए प्रयास



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विवि के छात्र कल्याण विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन मंगलवार को उच्च शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने में शिक्षकों की भूमिका विषय पर सार्थक चर्चा की गई। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार एवं हिंदी प्रेमी डॉ. वेद प्रताप वैदिक एवं कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। अपने संबोधन में डॉ. वेद प्रताप वैदिक ने कहा कि हमें उच्च शिक्षा के सभी स्तरों पर भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना होगा। तभी वैज्ञानिक चेतना और शोध में रचनात्मकता आएगी। इस प्रयास में देश के सभी शिक्षकों की मुख्य भूमिका होनी चाहिए क्योंकि शिक्षक ही हमारी शिक्षा प्रणाली के आधार स्तंभ हैं। डॉ. वेद प्रताप वैदिक ने सभी को सुभाव दिया कि जितना ज्यादा हो सके हमें अपने हस्ताक्षर को हिंदी में करने का प्रयास करना चाहिए। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने उच्च शिक्षा में भारतीय भाषाओं के प्रयोग पर जोर देते हुए कहा कि आज यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि प्राइमरी से लेकर हायर एजुकेशन तक भारतीय भाषाओं में अध्ययन की व्यवस्था उपलब्ध हो। इसके अलावा सरकारी कामकाज से लेकर न्यायतंत्र तक भारतीय भाषाओं के प्रयोग को बढ़ावा देने की जरूरत है। क्योंकि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भारतीय भाषाओं के माध्यम से ही पूरा किया जा सकता है।

### फरीदाबाद-गुरुग्राम के बीच जल्द चलेगी सिटी बस




**गुरुग्राम।** शाम के समय फरीदाबाद से गुरुग्राम आने के लिए दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी होती है। उस समय कोई बस सुविधा नहीं है। इसलिए यात्री निजी वाहनों में परेशानी झेलते हुए अपने घर पहुंचते हैं। यात्रियों की इस समस्या को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने जीएमडीए की अतिरिक्त सीईओ एवं गुरुग्राम मेट्रोपोलिटन सिटी बस लिमिटेड की सीईओ (अतिरिक्त कार्यभार) अंजू चौधरी को मांग पत्र सौंपा। नवीन गोयल ने सीईओ अंजू चौधरी को बताया कि फरीदाबाद से गुरुग्राम आने के लिए शाम के समय काफी दैनिक यात्री होते हैं। सरकारी तौर पर परिवहन की कोई सुविधा उस समय पर नहीं होने के कारण वे निजी वाहनों में परेशान होकर आते हैं। देर रात अपने घर पहुंचते हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों, विशेष तौर पर महिला शिक्षकों को सबसे अधिक परेशानी आती है। यह विषय उनकी सुरक्षा से भी जुड़ा है। इसलिए शाम को छह बजे के करीब बस का संचालन शुरू किया जाए, ताकि सभी दैनिक यात्री जो शाम को गुरुग्राम आने के लिए परेशान होते हैं उन्हें सुविधा मिल सके। इस मांग पर सीईओ अंजू चौधरी ने आश्वासन दिया कि इस विषय पर जल्द ही निर्णय लेकर शाम के समय फरीदाबाद से गुरुग्राम के लिए बस का संचालन शुरू किया जाएगा। नवीन गोयल ने उनका इस मांग पर सकारात्मकता दिखाने के लिए धन्यवाद किया।

## स्ट्रीट वेंडिंग योजना से रेहड़ी-पटरी लगाने वालों के जीवन स्तर में होगा सुधार : मधु आजाद



नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में स्ट्रीट वेंडर्स सम्मान समारोह में रेहड़ी वालों को सम्मानित करतीं मेयर मधु आजाद।

**गुरुग्राम।** मेयर मधु आजाद ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाकर उसका जीवन स्तर ऊंचा उठाना सरकार का उद्देश्य है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फ्लैगशिप कार्यक्रम है, जिसे नगर निगम गुरुग्राम द्वारा बेहतर तरीके से लागू किया जा रहा है। यह बात उन्होंने मंगलवार को सिविल लाईंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आयोजित स्ट्रीट वेंडर्स सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए व्यक्त किए।

मेयर ने स्ट्रीट वेंडर्स को भारत सरकार के माध्यम से प्राप्त हुए वेंडिंग प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा बैंकों के माध्यम से लोन दिलाने के लिए जारी एलओआर पत्र भेंट किए। अपने संबोधन में मेयर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई पीएम-स्वनिधि योजना को मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केन्द्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इन्द्रजीत सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा बेहतर तरीके से लागू किया गया है।

उन्होंने कहा कि उनका यह पूरा प्रयास है कि स्ट्रीट वेंडिंग योजना व पीएम स्वनिधि योजना का लाभ हर जरूरतमंद को मिले, ताकि उसका जीवन स्तर ऊंचा हो। द्रोण रेहड़ी-पटरी-फेरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र सरोहा ने कहा कि मेयर मधु आजाद के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है। मेयर हमेशा गरीब की मदद करने एवं गरीबों केलिए सरकार की योजनाओं को लागू करवाने के लिए तत्पर रहती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से अब रेहड़ी-पटरी विक्रेता अतिक्रमणकारी नहीं, बल्कि स्वरोजगारी हैं।

डिप्टी म्यूनिसिपल कमिश्नर डॉ. विजयपाल यादव ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स से कहा कि वे किसी दूसरे की रेहड़ी पर नौकरी करने की बजाए स्वरोजगारी बनें। इसके लिए सरकार द्वारा उन्हें आसान ऋण सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। स्ट्रीट वेंडर नगर निगम में अपना पंजीकरण करवाएं, ताकि उन्हें कोई भी व्यक्ति परेशान व शोषित ना कर सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स को किसी भी व्यक्ति को अवैध रूप से पैसे देने की जरूरत नहीं है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो उसके बारे में नगर निगम गुरुग्राम को सूचित करें। उन्होंने कहा कि कुछ मामले ऐसे सुनने में आए हैं कि कुछ मार्केट के प्रधान स्ट्रीट वेंडर्स से अवैध वसूली करते हैं। नगर निगम द्वारा ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पानी में कमी न होने का दावा : एसडीओ

**सोहना।** शहर में पेयजल आपूर्ति में आ रही खराब सप्लाई को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ने घामडौज में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया। सप्लाई में आने वाले पानी को दुरुस्त बताया है। शहर में पिछले करीब दो माह से पेयजल आपूर्ति में दूधिया रंग का पानी आ रहा है। नागरिकों में जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ भारी रोष पनप रहा है। नागरिकों ने शिकायत विधायक संजय सिंह को की। विधायक ने नागरिकों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश को पेयजल आपूर्ति में आने वाले पानी की तुरन्त से जांच कराने को कहा। एसडीओ ने बताया कि नहर से जो पानी आ रहा है। उसमें बरसात का पानी है, लेकिन ट्रीटमेंट प्लांट पर पानी को शुद्ध करने के बाद ही सप्लाई में दिया जा रहा है। जिससे किसी प्रकार खतरा नहीं है।

## ऑनलाइन पोर्टल फिर से खोलने के लिए कुलपति से मिले नवीन गोयल

### कॉलेजों में दाखिलों के लिए वंचित रहे छात्रों के हित की बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्नातक** कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन से वंचित रहे विद्यार्थियों के हित के लिए फिर से ऑनलाइन पोर्टल खोला जाए। इस मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार को मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में नवीन गोयल ने कहा है कि कालेजों में दाखिलों के लिए ऑनलाइन पोर्टल सोमवार को बंद हो गया है। इस कारण वे विद्यार्थी परेशान हैं, जो कि ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। प्रदेश सरकार का भी यही प्रयास है। इसलिए सरकार लगातार छात्र हितों के लिए काम कर रही है। नए-नए कॉलेज भी खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के इच्छुक सभी विद्यार्थियों को दाखिला लेने का मौका मिलना चाहिए। बहुत सारे विद्यार्थियों, उनके परिजनों ने गुहार लगाई है कि ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल को फिर से खोला जाए, ताकि विद्यार्थी आवेदन करके दाखिला लेने की दौड़ में आ जाएं। इससे पढ़ाई के इच्छुक विद्यार्थियों को दाखिला भी मिल जाएगा और कालेजों में खाली रहने वाली सीटें भी भर जाएंगी। नवीन गोयल ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से आग्रह किया कि आवेदन से वंचित रहे छात्रों के हित को देखते हुए ऑनलाइन पोर्टल को फिर से खोला जाए। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस मांग को चंडीगढ़ उच्चाधिकारियों तक भेजकर जल्द ही पोर्टल खुलवाने की बात कही। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी इसी तरह से काफी विद्यार्थी दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने से वंचित रह गए थे।



गुरुग्राम विवि के कुलपति को ज्ञापन सौंपते नवीन गोयल।

## कचरे को कम करने के लिए उठाए जाएंगे ठोस कदम

### संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) ने स्वच्छता शाखा से जुड़े अधिकारियों के साथ की विशेष बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



स्वच्छता शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक करते संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार।

**नगर** निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि बंधवाड़ी में जाने वाले कचरे को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए निगम क्षेत्र में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों को ऑनसाईट कंपोस्टिंग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बल्क वेस्ट जनरेटर ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना अवश्य करें। यह बात उन्होंने मंगलवार को अपने कार्यालय में स्वच्छता शाखा के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले प्रत्येक जोन में सबसे बड़े ऐसे बल्क वेस्ट जनरेटरों की पहचान करें, जो ऑनसाईट कंपोस्टिंग नहीं कर रहे हैं। उनकी पहचान करके उन्हें ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत उनकी जिम्मेदारियों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए प्रेरित करें। अगर कोई नियमों की पालना नहीं करता है, तो नियमानुसार उसका चालान व अन्य कार्रवाई की जाए। सभी सहायक सफाई निरीक्षक अपने-अपने जोन में ऐसे चार-चार बल्क वेस्ट जनरेटरों की पहचान करें तथा 9 सितम्बर तक उनके कार्यालय में सूचना भिजवाएं। अगले 15 दिन में ऐसे बल्क वेस्ट जनरेटरों से ऑनसाईट कंपोस्टिंग करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सभी सहायक सफाई निरीक्षक अपने-अपने जोन में सभी आरडब्ल्यूए से मिलकर उस क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की पहचान करवाएं। आरडब्ल्यूए को अपना, सफाई निरीक्षक का, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक का तथा संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) का मोबाइल नंबर सांझा करें, ताकि अगर किसी कर्मचारी द्वारा कोताही बरती जाती है, तो उचित माध्यम से शिकायत दर्ज करवा सकें। उन्होंने सहायक सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे ठोस कचरा प्रबंधन नियम की अवहेलना करने वालों के चालान प्रक्रिया में तेजी लाएं तथा चालान राशि की वसूली सुनिश्चित करें।

## व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है : विहर्ष सागर

### जैन बारादरी में जैन भक्तों को प्रवचनों का कराया रसपान

### महाराजश्री विहर्ष सागर जी महाराज गुरुग्राम में कर रहे हैं चातुर्मास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम जैन बारादरी में प्रवचन करते विहर्ष सागर जी महाराज।

**महापुरुष** कभी जन्म नहीं लेते, बल्कि महापुरुष तो बनना पड़ता है। व्यक्ति दुनिया में अपने नाम से नहीं काम से जाना जाता है। वह अपने कर्म से महान बनता है। यह बात राष्ट्र संत मुनि विहर्ष सागर महाराज ने यहां जैन बारादरी में जैन भक्तों को प्रवचनों का रसपान करते हुए कही। इस दौरान मुनि विजयेश सागर महाराज, मुनि विनिबोध सागर महाराज और ऐलक 105 विनियोग सागर महाराज जी भी विराजमान रहे। पर्यूषण दसलक्षण पर्व के उपलक्ष में यहां चातुर्मास के लिए ठहरे मुनिश्री विहर्ष सागर जी महाराज ने आगे कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके उठने, खाने, बैठने आदि हर क्रिया में झलकता है। इसलिए हमें सदैव अपने व्यक्तित्व पर ध्यान रखना चाहिए। हमें अपना आचरण सही रखना चाहिए। जीवन में अगर आगे बढ़ना चाहते हो तो दूसरों की बुराई करने जैसी आदत का त्याग कर दो। सोच बड़ी रखो।

उन्होंने कहा कि पहले केवल जैन दर्शन कहता था कि पानी छानकर पीओ, लेकिन आज सारा विश्व कह रहा है कि पानी को प्योर (साफ करके) करके पीना चाहिए। जैन दर्शन जीव दया की दृष्टि से कहता है और विज्ञान स्वास्थ्य की दृष्टि से कह रहा है।

यानी जैन दर्शन के विचारों को दुनिया में किसी न किसी रूप में आत्मसात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें जीवन को सही चलाने के लिए सिर्फ आर्थिक रूप से संपन्न नहीं, बल्कि मानसिक और शारीरिक रूप से भी संपन्न यानी स्वस्थ रहना चाहिए। इसके लिए हमें धर्म-कर्म के मार्ग को अपनाना चाहिए। इंसान का धर्म उसे कभी गिरने नहीं देता, डिगने नहीं देता। इस अवसर पर जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि महाराज श्री के प्रवचनों का सेंकड़ों जैन महिला, पुरुषों ने लाभ लिया। श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के प्रधान नरेश जैन, उप-प्रधान रविंद्र जैन, महामंत्री अशोक जैन, सह-मंत्री जैनेंद्र जैन और कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जैन ने बताया कि महाराजश्री का चातुर्मास गुरुग्राम में नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। उनके सानिध्य में समाज को नई दिशा मिल रही है।

### पति समेत छह पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति समेत छह आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। विवाहिता ने पति पर पहले से ही शादीशुदा होने का आरोप लगाया है। भोंडसी निवासी आरती राघव ने पुलिस को बताया कि उसने 2019 में कंपनी में कार्यरत रहते हुए साथी कर्मचारी सचिन देव निवासी गांव सुनायी जिला नारनौल से शादी की थी। सचिन देव व उसके परिवार वालों ने शादी में गाड़ी के अलावा नकदी और आभूषण की मांग की थी। उसके पिता ने गाड़ी न देकर सौ वर्गगज का प्लॉट और ढाई लाख रुपये नकद दिये थे, लेकिन ससुराल वाले शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे। शादी के बाद ससुराल में रहते हुए उसे सचिन देव की असल जिन्दगी के बारे में पता लगी। सचिन अपराध में जेल भी जा चुका है। उसके द्वारा बेटे को जन्म देने पर ससुराल वालों ने गाड़ी की मांग पूरी करने के लिए प्रताड़ित किया।

## एम3एम फाउंडेशन ने शिक्षक दिवस पर शामली जिले के 134 प्राथमिक शिक्षकों को किया सम्मानित

### शामली जिले की सीबीएसई दसवीं की टॉपर दीया नामदेव को एम3एम फाउंडेशन की साक्षर स्कॉलरशिप द्वारा सम्मानित किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**शामली,** शिक्षक दिवस के अवसर पर, एम3एम ग्रुप की परोपकारी शाखा, एम3एम फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश के शामली जिले के 134 प्राथमिक शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र को समृद्ध बनाने में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र सिंह (एमएलसी), जसजीत कौर (आईएएस, डीएम), राहुल मिश्रा (बीएसए), शंभू नाथ तिवारी (सीडीओ), एम3एम फाउंडेशन के प्रेसिडेंट डॉ. ऐश्वर्य महाजन, प्रिंसिपल, हेडमास्टर्स, शिक्षक और छात्र मौजूद थे फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) के हिस्से के रूप में और जिला बेसिक शिक्षा विभाग, शामली के सहयोग से, 05 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम, एक गैर सरकारी संगठन, देवी संस्थान द्वारा कार्यान्वित किया गया था, जो वंचित बच्चों और वयस्कों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गरिमा प्रदान करने की दिशा में काम करता है। एम3एम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने कहा, शिक्षक दिवस ज्ञान का उत्सव मनाने और हमारे शिक्षकों को हमारे राष्ट्र के निर्माण में उत्प्रेरक के रूप में उनके योगदान के लिए सम्मानित करने का अवसर है। एम3एम फाउंडेशन में हम मानते हैं कि सीखना प्रत्येक व्यक्ति के अपने लक्ष्य तक पहुंचने की यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमने हमेशा सामाजिक भलाई को बढ़ावा देने और लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए सीखने की प्रक्रियाओं पर जोर दिया है ताकि वे अपने और राष्ट्र के लिए बेहतर और उज्ज्वल भविष्य सुरक्षित कर सकें। आज का अभिनंदन समारोह हमारी ओर से उन सभी शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है जो छात्रों को सशक्त बनाकर राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में काम कर रहे हैं। इस दिन के महत्व और हमारे देश के युवाओं को एक अच्छा नागरिक बनाने में शिक्षक की भूमिका के महत्व पर गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार साझा किए। एम3एम फाउंडेशन ने दीया नामदेव को साक्षर छात्रवृत्ति से सम्मानित किया; सीबीएसई दसवीं की टॉपर जो शामली की रहने वाली है। दीया नामदेव का शैक्षिक रूप से पिछड़े शामली जिले से टॉप करना एक बहुत बड़ी बात है यह उनकी मेहनत और लगन को दर्शाता है। डॉ. कनोडिया ने आगे बताया कि यह स्कॉलरशिप कम आय वाले परिवारों के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए फाउंडेशन की एक हस्ताक्षर पहल है ताकि वे अपनी शिक्षा जारी रख सकें और अपनी शिक्षा पूरी कर सकें।

# बीके : सुविधाओं के अभाव में एक बिस्तर पर तीन-तीन मरीज

कविता। फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में बेहतर सुविधाओं के दावे किए जाते हैं, वहीं यहां अधिकारियों व एजेंसियों की टीमों के दौरे के दौरान सभी सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध करवा दी जाती हैं।

इस दिखावे के कारण अस्पताल को कई अवॉर्ड भी मिल चुके हैं, लेकिन असल में स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। यहां मरीजों को रोज सुविधाओं के लिए तरसना पड़ता है। ऐसा ही मंगलवार को यहां देखने को मिला। जब एक-एक बिस्तर पर दो से तीन मरीजों को भर्ती देखा गया। यह हाल अस्पताल के आपातकालीन कक्ष का था। वहीं बिस्तर न होने पर कुछ मरीज स्ट्रेचर पर लेटे नजर आए। जिसके कारण मरीजों को स्ट्रेचर नहीं मिले। ऐसे में एक महिला अपनी बुजुर्ग मां को गोद में उठाकर ले जाती हुई नजर आई, लेकिन मरीजों की हालत पर किसी को भी तरस नहीं आया। अस्पताल प्रबंधन भी इन सबसे अंजान बना रहा।

### बिस्तर पर गंदगी के कारण मरीज हो रहे हैं परेशान



गंदे बिस्तर के कारण एक बेड पर दो से तीन मरीज और स्ट्रेचर पर मरीज होने से गोद में अपनी मां को उठाकर बाहर जाती महिला।

**परेशान मरीजों का कथन :** बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में जाते ही देखने को मिला कि एक-एक बिस्तर पर दो से तीन मरीज भर्ती हैं। जिस पर मरीजों से कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यहां बिस्तर गंदे हैं, कई बार कहने पर भी साफ नहीं किये जा रहे हैं। जिस कारण एक-एक बिस्तर पर दो से तीन मरीजों को भर्ती होना पड़ रहा है। वहीं भर्ती मरीजों ने कहा कि जब यहां बिस्तर ही शेयर करने पड़ रहे हैं, तो सुविधाओं की तो पूछो ही मत 'उन्होंने कहा कि यहां दवाइयां भी बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं।' सफाई व्यवस्था की तो दूर की बात है।

**स्ट्रेचर पर मरीज :** अस्पताल में बिस्तर न होने पर मरीज स्ट्रेचरों पर भी भर्ती नजर आए। जिस पर अपने मरीजों को तीमारदार गोद में उठाकर ले जाते नजर आए। जहां एक महिला को बाहर अपनी मां को गोद में उठाकर जाते हुए देखा गया। जिससे बात करने का प्रयास किया, तो उसने बताया कि यहां बिस्तर न मिले और न स्ट्रेचर जिस कारण वह यहां से लौट रही हैं।

# खुद को गैंगस्टर बता डाक कर्मी ने मांगी 20 लाख की फिरौती, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा-निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने 20 लाख की फिरौती के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी श्यामवीर पलवल जिले के अलावलपुर गांव का रहने वाला है। आरोपी डाक विभाग में कर्मचारी है और फरीदाबाद में कार्यरत है। मार्च 2022 में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वाले देवेंद्र कुमार को डाक द्वारा पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें आरोपी ने खुद को गैंग का सदस्य बताते हुए पीड़ित से 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी। आरोपी ने पीड़ित से फिरौती की रकम स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपने घर के पास एक अनाथ आश्रम में भिजवाने की बात लिखी और फिरौती न देने पर पीड़ित के परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित ने पत्र मिलते ही शिकायत थाना मुजेसर में दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया करके मामले की जांच शुरू की।

### फिरौती न देने की सूरत में पीड़ित के परिवार को दी थी जान से मारने की धमकी

जब देवेंद्र कुमार ने फिरौती नहीं दी तो 29 जुलाई को आरोपी ने फिर स्पीड पोस्ट के माध्यम से पीड़ित को दोबारा एक पत्र भेजा। जिसमें उसने फिर धमकी देकर फिरौती की मांग की। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस बार



फिरौती मांगने के आरोप में गिरफ्तार श्यामवीर।

स्पीड पोस्ट से प्राप्त हुए पत्र को ट्रैक करते हुए आरोपी श्यामवीर को पलवल से गिरफ्तार कर लिया। मामले में पूछताछ करने के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 12वीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है और वर्ष 2004 में एमटीएस के पद पर भर्ती हुआ था। फिलहाल सेक्टर-22 डाकघर में तैनात था। इससे पहले आरोपी जब प्रेस कॉलोनी स्थित डाकघर में तैनात था उस समय पीड़ित देवेंद्र ने उसी डाकघर में बहुत बड़ी रकम की एफडी कराई थी। आरोपी ने सोचा कि देवेंद्र ने जब इतनी बड़ी एफडी करवाई है तो उसके पास बहुत सारे पैसे होंगे।

आरोपी के सिर पर काफी कर्जा था और उसे पैसों की आवश्यकता थी। इसलिए आरोपी को लालच आ गया और उसने पीड़ित से पैसे ऐंठने का तरीका ढूंढने लगा। आरोपी ने यूट्यूब पर सर्च किया और पीड़ित के घर का पता निकल कर डाकघर से ही देवेंद्र को एक पत्र भेजा। उसमें अपने आपको आपराधिक गैंग का सदस्य बताते हुए उससे फिरौती मांगी थी। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्वात आरोपी को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# ड्राइवर को बंधक बना माल से लदा ट्रक लूटा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने दो सप्ताह पहले ट्रक लूट की वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में अभी एक आरोपी के गिरफ्तारी बकाया है जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में तरुण उर्फ तनु और चेतन उर्फ लाडू का नाम शामिल है। आरोपी तरुण फरीदाबाद के पर्वतीय कॉलोनी तथा आरोपी चेतन पंजाब के लुधियाना जिले का रहने वाला है। दोनों आरोपियों की उम्र 32 वर्ष है और दोनों ट्रक ड्राइवरी करते हैं। 24 अगस्त की रात आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पुलिस थाना मुजेसर एरिया से ट्रक लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस को दी अपनी शिकायत में ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक अभिनव ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का काम करता है और उसका 20 लाख कीमत की 20 टन लोहे की रॉड से भरा एक ट्रक मुजेसर एरिया में खड़ा हुआ था। ट्रक का ड्राइवर मुन्नालाल आराम कर रहा था कि रात



ट्रक लूटने के आरोप में गिरफ्तार तरुण और चेतन।

करीब 10:30 बजे एक बाइक से तीन लड़के आए और उन्होंने ड्राइवर को गाड़ी में ही हाथ पैर बांधकर गाड़ी को माल सहित दिल्ली की तरफ ले गए। आरोपियों ने खेड़ी पुल के पास नहर में मुन्नालाल को फेंक दिया और ट्रक लेकर फरार हो गए। क्राइम ब्रांच की टीम में आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपी तरुण को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर पर्वतीय कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया।

# दसवें दिन भी बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन जारी




बीपीटीपी के खिलाफ प्रदर्शन करते सोसायटी के निवासी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बीपीटीपी** के खिलाफ किए जा रहे प्रदर्शन का मंगलवार को दसवां दिन था। इस दौरान पार्क फ्लोर दो के प्रदर्शन को पार्क फ्लोर -एक एवं अन्य सोसायटियों ने भी सपोर्ट किया।

जानकारी के मुताबिक बीपीटीपी पार्क फ्लोर-2ए सेक्टर 76 के रेजिडेंट ने दसवें दिन भी रोज सुबह बीपीटीपी के मेन ऑफिस नेक्स्ट डोर मॉल, सेक्टर-76 में धरना जारी रखा। इस धरने को उस समय और बल मिल गया जब अनशनकारी बाबा राम केवल ने धरना स्थल पर पहुंच कर धरनारत लोगों को समर्थन दिया। अनशनकारी बाबा रामकेवल ने कहा कि पार्क फ्लोर-2 के निवासी नरकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इनकी लड़ाई को आगे और लड़ूंगा तथा लोगों के अनुरोध पर जल्द ही पूरे 24 घंटे का धरना शुरू कर दूंगा। प्रेसिडेंट पार्क फ्लोर-2 के अध्यक्ष राजीव भारद्वाज व उपाध्यक्ष चौधरी कर्मबीर सिंह ने अनशनकारी बाबा रामकेवल का आभार व्यक्त किया।

भारद्वाज ने कहा कि आरडब्ल्यूए, बीपीटीपी पार्क फ्लोर 2, सेक्टर-76 ने अपने बिल्डर बीपीटीपी के खिलाफ निर्णय लिया है जो सीजीआरएफ के आदेश का पालन नहीं कर रहा है और आदेश में बताई गई बातों को लागू नहीं कर रहा है जो निवासियों के पक्ष में जाता है। साथ ही बिल्डर को अभी तक इस परियोजना के लिए ओसी प्राप्त नहीं हुई है, हालांकि परियोजना को 2008 में बहुत पहले शुरू किया था और 2013 में फ्लैट खरीदारों को कब्जा दिया गया था। जाहिर है, चूंकि ओसी नहीं है, अभी सोसायटी के नाम पर कोई बिजली कनेक्शन नहीं है।

# स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने अवैध नशा तस्करी में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में विकास तथा जावेद का नाम शामिल है। आरोपी विकास मुजेसर का रहने वाला है वहीं आरोपी जावेद अलीगढ़ के जमालपुर गांव का निवासी है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी विकास को स्मैक सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 15 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई। आरोपी को पुलिस थाना मुजेसर लाकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। इस दौरान आरोपी विकास ने बताया कि यह स्मैक वह आरोपी जावेद से लेकर आया था। आरोपी विकास की जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी जावेद को भी गिरफ्तार कर लिया और उसे अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह समय बरेली से किसी व्यक्ति से लेकर आया था जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# गुरु का दर्जा भगवान से भी ऊंचा : रोहित जैन



डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ स्कूल की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना।

**फरीदाबाद।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ग्रेटर फरीदाबाद द्वारा प्रतिवर्ष की भांति गुरु शिष्य परम्परा का निर्वाह करते हुए कक्षा 12वी के विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण में धूमधाम से शिक्षक दिवस का उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।

स्कूल के हेड बॉय श्रेयस ठाकुर एवं हेड गर्ल अलंकृता मल्होत्रा ने विद्यालय प्रधानाचार्य सुरजीत खन्ना एवं मुख्याध्यापिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। उत्सव में कक्षा 4-12वीं के सभी विद्यार्थी और कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के शिक्षकगण सम्मिलित हुए। बच्चों ने गणेश वंदना की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दे सभी को जोश से भर दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रो. वीसी रोहित जैनेंद्र जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से ऊंचा दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि यदि शिष्य गुरु से आगे निकल जाए तो गुरु के लिए यही सबसे बड़ी गुरु दक्षिणा होती है। स्कूल की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना ने अध्यापकों के साथ स्कूल के 3 दिवंगत अध्यापकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया और प्रत्येक विषय विभाग के शिक्षकों को मंच पर आमंत्रित करके अपने भावों को शब्दों में पिरोकर आभार प्रकट किया। प्रधानाचार्या ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# 30 पेटी अवैध पटाखे बरामद



**फरीदाबाद।** एक गुप्त सूचना के आधार पर आदर्श नगर थाना पुलिस की टीम ने मंगलवार को विष्णु कॉलोनी के दो मकानों में छापा मारा। वहां से पुलिस टीम ने 30 पेटी अवैध पटाखे बरामद किए हैं। जिसकी कीमत लाख रुपये से अधिक है। बताया जा रहा है, कि यह पटाखे दीवाली पर बेचने के लिए अवैध तरीके से एकत्रित किए गए थे। पुलिस कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को सूचना मिली कि विष्णु कॉलोनी के दो मकानों में दो लोगों ने पटाखा का अवैध स्टॉक किया गया है। सूचना पर एएसआई तालीम हुसैन के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने कृष्ण और गणेश के घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध पटाखा बरामद किया। पुलिस का कहना है कि दोनों के यहां से करीब 30 पेटी पटाखा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लाख रुपये से अधिक है। पुलिस इस मामले में दोनों लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# जल संकट से निपटने को सीपीपी का नया बेंचमार्क

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मानव** का अस्तित्व स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता पर निर्भर है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वैश्विक स्तर पर लगभग एक अरब लोगों के पास पीने के पानी की कमी है और 2050 तक यह संख्या 1.4 अरब तक पहुंचने का अनुमान है। पीने के पानी के लिए अन्य स्त्रोत तलाशने का समय आ गया है। भारत के पश्चिम में गुजरात से लेकर पूर्व में कोलकाता तक फैली एक लंबी तटरेखा है। 1.3 अरब से अधिक आबादी के साथ भारत में धीरे-धीरे देश के लिए पीने योग्य पानी की आपूर्ति में मदद के लिए गुजरात और तमिलनाडु जैसे प्रमुख तटीय क्षेत्रों में डिसैलिनेशन (खारे समुद्री जल से नमक अलग कर मीठा पानी बनाना) प्लांट स्थापित करने की आवश्यकता को महसूस किया जा रहा है। भारत की 60 साल पुरानी और इंडस्ट्रियल पाइपिंग सॉल्यूशन देने वाली नंबर एक कंपनी केमिकल प्रोसेस पाइपिंग (सीपीपी) ने दुनियाभर में विभिन्न डिसैलिनेशन प्लांट स्थापित करने में एक अभिन्न भूमिका निभाई है। यह कंपनी भारतीय पाइपिंग उद्योग के लिए जीआरपी और एफआरपी आधारित पाइप बनाने में अग्रणी है। सीपीपी ने दिल्ली में आयोजित 'भारत में डिसैलिनेशन' के चौथे संस्करण में भाग लिया।

दुनियाभर में सीपीपी की पाइपों के माध्यम से दो अरब लीटर से अधिक डिसैलिनेटेड पीने योग्य पानी बहता है और धीरे-धीरे यह मात्रा लगातार बढ़ रही है। सीपीपी 2004 से वैश्विक स्तर पर डिसैलिनेशन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। इसकी शुरुआत सिंगापुर, मेलबर्न, शारजाह, अबू धाबी और अन्य कुछ स्थानों से हुई। कंपनी ने इस दिशा में कई प्रमुख परियोजनाओं पर काम किया है। गुजरात के भरूच में दाहेज में हाल ही में स्थापित किया




गया डिसैलिनेशन प्लांट एक ऐसा ही उदाहरण है, जहां सीपीपी देश में पानी की समस्या के समाधान की दिशा में भारत सरकार की मदद कर रही है। दाहेज डिसैलिनेशन प्लांट प्रतिदिन 100 एमएलडी पीने योग्य पानी बनाने में सक्षम है, जिसका उपयोग उद्योगों के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए भी किया जाएगा।

भारत में डिसैलिनेशन' के चौथे संस्करण को संबोधित करते हुए विजय राजपुरोहित ने कहा, भारत में औद्योगिक पाइपिंग सॉल्यूशन में नंबर एक होने की हमारी छह दशक पुरनी विरासत के साथ सीपीपी भारत और दुनियाभर में डिसैलिनेशन बाजार में शुरुआती स्तर पर ही प्रवेश कर चुका है। अब हम देश की पानी की समस्या को हल करने की लड़ाई में भारत सरकार के लिए एक सुसज्जित मेक इन इंडिया भागीदार बनने के लिए तैयार हैं। ज्यादा दबाव सहने में सक्षम और टिकाऊ पाइप के साथ हम डिसैलिनेशन, ईपीसी और अन्य परियोजनाओं के लिए एफआरपी पाइपिंग के डिजाइन, निर्माण और स्थापना के लिए भारतीय बाजार में अग्रणी हैं। भारत सरकार समुद्र तट पर शहरों और कस्बों में कई डिसैलिनेशन संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया में है। यह जल संकट से निपटने की दिशा में एक कदम है, जो बारिश की कमी या जनसंख्या में वृद्धि के कारण कई राज्यों में दस्तक दे रहा है।

# मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर ने इनोवेशन सेल स्थापित की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उच्च** गुणवत्ता एवं लागत-प्रभावी डायग्नोस्टिक्स को सर्वसुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता बरकरार रखते हुए, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड ने मॉलीक्युलर जीनोमिक्स, सुपरस्पेश्यलिटी पैथोलॉजी और कम्पेनियन डायग्नोस्टिक्स पर फोकस करने वाले इनोवेशन सेल के लॉन्च की घोषणा की है। हम नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेंसिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से आगे इसका विस्तार ऑन्कोलॉजी, प्रिनेटल टेस्टिंग, ट्रांसप्लांट इम्युनोलॉजी, संक्रामक एवं क्रॉनिक रोगों के लिए भी करेंगे।

मेट्रोपोलिस के महिला एवं बाल स्वास्थ्य विभाग, गाइनेकएक्सपर्ट ने नेक्स्टजेन एनआइपीटी को लॉन्च किया है। यह प्रिनेटल जांच के लिए एक उन्नत विधि है जिसमें मैटरनल ब्लड से सर्कुलेटिंग डीएनए और नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेंसिंग का उपयोग किया जाता है ताकि पारंपरिक मैटरनल बायोमार्कर स्क्रीनिंग टेस्ट की तुलना में ज्यादा सटीक ढंग से क्रोमोसोमल डिसऑर्डर्स के जोखिम का पता लगाया जा सके। एक कॉन्क्लूसिव मैटरनल स्क्रीनिंग समाधान प्रेगास्क्रीन का भी निर्माण किया गया था जिसमें भावी माँ के लिए बिना किसी अतिरिक्त खर्च के ये उन्नत महँगे मॉलीक्युलर जेनेटिक्स टेस्ट किए जाते हैं। इससे उन जोखिमों का पता लगाया जाता है जो नियमित मैटरनल जाँच में सामने नहीं आ पाते हैं, यह रिफ्लेक्स अप्रोच सुलभता और वहनीयता दोनों में सुधार करती है। मेट्रोपोलिस की एकीकृत ऑन्कोपैथोलॉजी इकाई ऑन्कोमेट मॉर्फोलॉजी से लेकर मॉलिक्यूलर कॉन्क्लूसिव डायग्नोसिस अप्रोच के साथ कैंसर पर फोकस करती है। नेक्स्टजेन बीआरसीए, एनजीएस आधारित एक परीक्षण है और यह बीआरसीए1 या बीआरसीए2 में कुछ निश्चित म्यूटेशन (उत्परिवर्तन) द्वारा होने वाले हेरेडिटरी ब्रेस्ट एवं ओवेरियन कैंसर (एचबीओसी) सिंड्रोम से ग्रस्त परिवारों की मदद करते हैं। लगभग 7 प्रतिशत ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर और 15 प्रतिशत ओवेरियन कैंसर बीआरसीए जीन्स में होने वाले म्यूटेशन के कारण होते हैं। बीआरसीए की स्थिति ना सिर्फ निगरानी एवं जांच के लिए अत्यंत आवश्यक है बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि टार्गेटेड थेरेपी उपलब्ध है।

भारत में, पुरुषों एवं महिलाओं में कैंसर के सभी नए मामलों में फेफड़ों के कैंसर का योगदान 6.9 प्रतिशत है जबकि कैंसर से होने वाली सभी मौतों में 9.3 प्रतिशत मौतें फेफड़ों के कैंसर के कारण होती हैं। इस मेटास्टैटिक रोग के लिए 5-साल की सर्वाइवल दर लगभग 6 प्रतिशत है, वह भी तब जब मरीजों को ऐतिहासिक साइटोटॉक्सि कीमोथेरैपी की सुविधा मिलती है। हालाँकि, फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित 75ब्र मरीजों में ऑन्कोजेनिक ड्राइवर म्यूटेशन की उपस्थिति में, सबसे आम ईजीएफआर है जो 5-साल की सर्वाइवल दर को चमत्कारिक रूप से बढ़ाकर 15 प्रतिशत से 50 प्रतिशत कर देता है। मरीज की उत्तर्वीजिता पर मॉलिक्यूलर सिग्नेचर के प्रभाव के कारण कम्पैनियन डायग्नोस्टिक्स के लिए कारवाई करने योग्य म्युटेशन बायोमार्कर की पहचान करने के प्रयास में यथासंभव अधिकाधिक संख्या में मरीजों की एनजीएस द्वारा जाँच आवश्यक हो जाती है।

इनोवेशन सेल दिशानिर्देशों, मेडिकल एडवायजरी बोर्ड और मेट्रोपोलिस की डेटा साइंस में 40 साल की विरासत के आधार पर पुरानी (क्रॉनिक) एवं संक्रामक बीमारियों के लिए एआइ अल्गोरिदम को एनकोड कर रही है। इससे मरीजों की अधिक से अधिक देखभाल करने के लिए अगले सबसे बेहतरीन कदम की वैज्ञानिक रूप से भविष्यवाणी करने में मदद मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक दिवस का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी स्तरों के छात्र-छात्राओं और अध्यापक-गण ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मुख्य अतिथि निदेशक सुरेश चंद्र और प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में सभी स्तरों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कोलंबियनस के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। निदेशक ने छात्रों को संबोधित संबोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात प्रधानाचार्या जी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए छात्रों को भविष्य में एकाग्रचित्त होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। विद्यालय के सभी शिक्षकों के लिए रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा भाग और अपनी छुपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तदुपरांत सभी के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की।

### अलायंस क्लब जागृति ने मनाया शिक्षक दिवस



**फरीदाबाद।** हिन्दुस्तान के इतिहास में पांच सिम्बर विशेष महत्व रखता है। इसी दिन भारत वर्ष के भूतपूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्मदिन है। इस दिन को शिक्षा दिवस के तौर भी मनाया जाता है। अलायंस क्लब मे भी इस दिन का महत्व कम नही है। आज से 15 वर्ष पहले इसी दिन अलायंस क्लब इंटरनैशनल की अलाय सतीस लाखोटिया के सानिध्य मे कोलकत्ता मे नीव रखी गई। इसी दिन अलाय सतीष लाखोटिया को क्लब का अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। अलायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट फरीदाबाद 150 की शाखा जागृति ने भी एक बच्चों का स्कूल चुन कर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों में बिस्कुट खाने की प्रतियोगिता, थ्री लैग दौड़, एव लैमन सपून बैलेन्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अलाय साधना अग्रवाल कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अलाय माया अग्रवाल, अलाय कौशल गोयल, अलाय अनिता मित्तल, अलाय अन्नू जैन, अलाय नीशा गर्ग एव सुनिता गुप्ता की उपस्थिति भी प्रमुख रही।

### कंपनी में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के सौजन्य से मंगलवार को सेक्टर-24 स्थित इंडो ऑटो टेक लिमिटेड कंपनी में हेल्थ चेक अप कैंप का नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। भारत विकाश परिषद् सोशल वेलफेयर ट्रस्ट से राज कुमार अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए बताया कि ट्रस्ट द्वारा बहुत ही कम दरों पे स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है। कैंप में डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के प्रोजेक्ट चेयरमैन राज कुमार अग्रवाल उपस्तिथ रहे। भारत विकास परिषद् के ट्रस्टी सज्जन जैन व आनंद जैन का विशेष सहयोग रहा।

### शिक्षक दिवस पर दिए स्मृति चिह्न



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद ब्रॉच ऑफ एनआईआरसी ऑफ आईसीएआई ने सोमवार को आईसीएआई भवन, फरीदाबाद में शिक्षक दिवस मनाया। जिसमें शाखा के चेयरमैन, सीए हर्ष कुमार मित्तल, वाईस चेयरमैन सीए नितेश पाराशर, सचिव सीए राजेंदर सिंह ढिल्लों, कोषाध्यक्ष सीए मोहित अग्रवाल, स्टूडेंट समिति चेयरमैन सीए संदीप शर्मा ने प्रोग्राम में उपस्थित शिक्षकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन सचिव सी ए राजेंदर सिंह ढिल्लों ने सफलता पूर्वक किया। शाखा के चेयरमैन, सीए हर्ष कुमार मित्तल ने उपस्थित स्टूडेंट्स एवं मेम्बर्स का धन्यवाद किया। प्रोग्राम में भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिया। शाखा के वाईस चेयरमैन ने उपस्थित छात्रों और मेंबर्स का धन्यवाद किया।

### रावल कान्वेंट स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**बल्लभगढ़।** फ्रेंड्स कॉलोनी रोड बल्लभगढ़ स्थित रावल कान्वेंट स्कूल में शिक्षक दिवस अत्यंत उत्साह से मनाया। प्रात: असेंबली में विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने एक नाटिका प्रस्तुत की जिसके माध्यम से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया तथा उनके जीवन के बारे में विद्यार्थियों को बताया। प्रधानाचार्या प्रीति एनसिंह ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षक वर्ग को बधाई दी। विद्यालय के चेयरमैन सीबी रावल ने सभी शिक्षक वर्ग की उनकी कड़ी-मेहनत व विद्यार्थियों का कुशल मार्ग दर्शन करने की प्रशंसा की तथा भविष्य में अधिक मेंहनत करने की प्रेरणा दी। सीनियर विद्यार्थियों ने शिक्षक बनकर विद्यालय को सुचारू रूप से चलाया। विद्यार्थियों के अवकाश के पश्चात सभी शिक्षक गण एक विशेष पार्टी के लिए फरीदाबाद के एक मॉल के रेस्टोरंट वायरस में गए जहां उन्होंने भरपूर सांस्कृतिक कार्यक्रम, डीजे व भोजन का आनंद लिया। विद्यालय के चेयरमैन सीबी रावल, प्रो-चेयरमैन अनिल रावल व वाईस- चेयरमैन रितेश रावल का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

### नरेन्द्र अग्रवाल बने एफआईए के प्रधान




**फरीदाबाद।** फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान नरेंद्र अग्रवाल ने सर्वसम्मति से प्रधान चुने जाने पर कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा है कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसका कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वाह करेंगे। उन्होंने कहा है कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे क्योंकि टीम वर्क में ही सफलता निहित है, ऐसा उनका विश्वास है। उद्योग जगत की प्रत्येक समस्या को उठाने, सरकार एवं प्रशासन के साथ तालमेल बैठाकर समस्या का समाधान कराने का वह हर संभव प्रयास करेंगे। अग्रवाल ने कहा कि एफआईए एक प्रतिष्ठित एवं प्रमुख औद्योगिक संगठन है, मैं इसकी प्रतिष्ठा एवं प्रभाव को बढ़ाने का प्रयास करूंगा। ताकि अधिकाधिक उद्योग जगत का कल्याण हो सके। उल्लेखनीय है कि सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव एवं प्रधान और अन्य पदाधिकारियों का चुनाव फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की विशेषता रही है।

### डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जयंती पर दिखा उत्साह

**फरीदाबाद।** रावल शिक्षण संस्था द्वारा संचालित सभी स्कूलों में डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रो. चेयरमैन अनिल रावल व प्रियंका रावल ने केक काट कर कार्यक्रम का आगाज किया तथा उनके जीवन व प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। रावल शिक्षण संस्था के चेयरमैन सीबी रावल ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### गोविंद सिंह का हुआ निधन



**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा निवासी गांव दयालपुर के ताऊ स्वर्गीय गोविंद सिंह हवलदार हुड्डा का निधन मंगलवार की शाम को हो गया। जिस पर उनके पैतृक गांव दयालपुर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय गोविंद सिंह हवलदार 86 वर्ष के थे। वह अपने घर में भरा पूरा परिवार छोड़कर गए।

## सोरेन सरकार
### विश्वास मत प्राप्त

**हेमंत** सोरेन की सरकार ने विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त कर लिया है, लेकिन झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में उनके बचे रहने पर गंभीर सवाल हैं। असंदिग्ध रूप से उनके ऊपर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप हैं और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में उन पर अनेक राजनीतिक हमले हो रहे हैं। राजनीतिक संकट की शुरुआत कथित रूप से उनके अवैध खनन मामले में दोषी पाए जाने तथा उनको अयोग्य घोषित करने की संस्तुति के बाद हुई। घटनाक्रम की शुरुआत इस साल फरवरी से हुई जब भारतीय जनता पार्टी नेता व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने सोरेन पर स्वयं को एक सरकारी जमीन पर पत्थर खदान पट्टा देने में पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया। कथित रूप से यह घटना 2021 में हुई, जब उनकके पास इस मंत्रालय की जिम्मेदारी थी। 11 फरवरी को राज्यपाल से की गई शिकायत में भाजपा ने कहा कि सोरेन का यह निर्णय लोक प्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 9ए का उल्लंघन था। राज्यपाल ने नियमानुसार यह शिकायत 28 मार्च को उसकी राय जानने के लिए निर्वाचन आयोग के पास भेज दी। निर्वाचन आयोग ने 25 अगस्त को अपने निर्णय की सूचना राज्यपाल को दी तथा उसे एक सीलबंद लिफाफे में सौंप दिया। राज्य भाजपा नेताओं का दावा है कि निर्वाचन आयोग ने सोरेन की राज्य विधानसभा सदस्यता रद्द करने की संस्तुति की है। लेकिन राज्यपाल ने अभी अपने निर्णय की घोषणा नहीं की है। यदि वे सोरेन को अयोग्य घोषित कर देते हैं तो भी वे बिना



विधायक बन 6 महीने तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं। इस कालखंड में वे पुन: निर्वाचित होकर भविष्य में भी इस पद पर बने रह सकते हैं। प्रवर्तन निदेशालय भी भ्रष्टाचार के अन्य मामलों की जांच कर रहा है जिसमें मनरेगा मनी लांड्रिंग मामला भी शामिल है। उसने झारखंड की खनन सचिव पूजा सिंघल को मई में गिरफ्तार किया था और कथित रूप से उनके कार्यकाल में योजना के खातों में अनियमिततायें पाई थीं।

आश्चर्य नहीं कि गैर-भाजपा पार्टियां भाजपा पर तथाकथित 'आपरेशन लोटस' चलाने का आरोप लगा रही हैं जिसका लक्ष्य राज्यों से गैर-भाजपा सरकारों को हटाना है। हालांकि, भाजपा ने इस आरोप से इनकार किया है, पर राजनीतिक क्षेत्र में इस बारे में काफी आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं तथा भ्रष्टाचार व पक्षपात का माहौल बनता दिख रहा है। लेकिन यह स्थिति केवल इस क्षेत्र तक सीमित न रह कर जीवन के सभी क्षेत्रों में फैल रही है। इसके अनेक दु:खद परिणाम हो सकते हैं। पहला, भ्रष्टाचार का राजनीतीकरण हो रहा है क्योंकि एजेंसियां व पुलिस आमतौर से केन्द्र व राज्य सरकारों में अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर काम करती है। ऐसे में आधिकारिकता पर पक्षपात के आरोप हावी हो रहे हैं, जबकि कुछ साल पहले तक ऐसी स्थिति नहीं थी। अब किसी राजनेता के खिलाफ लगने वाले असली आरोपों व राजनीतिक उद्देश्य से लगाए आरोपों में अंतर करना कठिन हो गया है। दूसरा, भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष कर रहे अधिकारियों की विश्वसनीय संदेह में घिर गई है क्योंकि अक्सर उन पर राजनेताओं के आदेश पर आंख बंद कर काम करने के आरोप लगते हैं। तीसरा, राज्यपाल व अब निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक पदों की विश्वसनीयता घटनी शुरू हो गई है। हालांकि, कांग्रेस ने राज्यपाल पद का दुरुपयोग किया था, पर भाजपा ने यह परंपरा जारी रखी है। यह भी महत्वपूर्ण है कि जनता का राजनीतिक व्यवस्था में विश्वास घट रहा है। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है क्योंकि व्यवस्था के प्रति न केवल लंबे समय, बल्कि थोड़े समय के लिए भी अविश्वास हमारी व्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा सकता है।

# अमीरों को न मिले सस्ता राशन

सरकार पर स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून लागू करने का वित्तीय बोझ बढ़ता जा रहा है और यह बहुत बड़ा बोझ बन गया है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने एक याचिका पर केन्द्र सरकार को निर्देश दिया कि वह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून, 2013-एनएफएसए का विस्तार करे ताकि 'ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद नागरिकों को इसका लाभ मिल सके।' एनएफएसए के अंतर्गत केन्द्र भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर अनाज खरीदने तथा उसके 820 मिलियन जनसंख्या में वितरित करने की व्यवस्था का निर्देश देती है। इस जनसंख्या का 50 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में तथा 75 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में है जिसे गेंहूं, चावल व मोटे अनाज 2, 3 व 1 रुपये प्रति किलो की सस्ती कीमत या 'बिक्री मूल्य' पर सस्ते गल्ले की दूकानों के नेटवर्क से मिलता है। प्रत्येक व्यक्ति को हर महीने पांच किलो अनाज खरीदने का अधिकार है। अन्त्योदय अन्न योजना-एएवाई के अंतर्गत गरीबों में सबसे गरीब परिवारों को प्रति माह 35 किलो अनाज मिलता है। दिसंबर, 2000 में शुरू की गई एएवाई में शुरुआत में 10 मिलियन परिवार थे, पर वर्तमान में इनकी संख्या लगभग 24 मिलियन हो गई है, इसका अर्थ 120 मिलियन लोग हैं। इस प्रकार कुल 820 मिलियन लाभार्थियों में से 120 मिलियन को हर माह 7 किलो तथा बाकी 700 मिलियन को 5 किलो प्रति माह अनाज मिलता है। वर्तमान कवरेज 2011 के जनसंख्या अनुमानों के आधार पर है। सर्वोच्च न्यायालय 2021 की जनसंख्या को ध्यान में रख कर इसे बढ़ाने की इच्छा रखता है। इसका अर्थ है कि लाभार्थियों की सूची में लगभग 100 मिलियन लोग और जुड़ जाएंगे और इनकी कुल संख्या 920 मिलियन हो जाएगी।

समन्वित बाल विकास सेवाओं-आईसीडीएस व मिड डे मील योजना-एमडीएम के अंतर्गत 6 माह से 14 वर्ष आयु तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली महिलाओं को उनके विशिष्ट पोषण मानकों के अनुसार भोजन का अधिकार है। इसके साथ ही केन्द्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई शुरू की है। इसके अंतर्गत एनएफएसए के अंतर्गत आने वाले सभी 820 मिलियन लाभार्थियों को प्रति परिवार पांच किलो चावल या गेंहूं व एक किलो दाल 'मुफ्त' दी जा रही है। मार्च, 2020 में शुरू इस योजना का उद्देश्य कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण आर्थिक गतिविधियों में बाधा तथा रोजगारों व आमदनी के नुकसान से पैदा कठिनाई से निपटने में सहायता करना था। मूल योजना के अनुसार यह योजना 30 जून, 2020 को समाप्त हो जानी थी। लेकिन इसे वित्त वर्ष 2020-21 में दो बार तथा 2021-22 में दो बार विस्तार दिया गया। वर्तमान वित्त वर्ष में इसे 30 सितंबर, 2022 तक विस्तार दिया गया था, लेकिन संभावना है कि इसे इस वर्ष के अंत तक जारी रखा जा सकता है।

कोविड का प्रभाव घटने तथा 2021-22 से आर्थिक गतिविधियों में बहाली को देखते हुए वित्त वर्ष 2020-21 के बाद पीएमजीकेवाई को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं था। इसके बावजूद यह बनी रही तथा इसे 2023-24 के पहले समाप्त करने की कोई संभावना नहीं दिखती है। खाद्य संबंधी नीतियों से जुड़े सभी पक्ष, यानी केन्द्र सरकार, विधि-निर्माता एवं न्यायपालिका भी जल्दी से ऐसे तर्कों की पैरवी करते हैं कि गरीबों को उचित मूल्य पर भोजन मिलना चाहिए, उनको पोषण सुरक्षा दी जानी चाहिए, जीवन के अधिकार की सुरक्षा होनी चाहिए तथा कोविड जैसी विभीषिका से सुरक्षा दी जानी चाहिए। इस प्रकार वे लगातार एनएफएसए को व्यापक बनाने के पक्ष में तर्क देते हैं। लेकिन सवाल यह है कि इसे जारी रखने पर कितना खर्च होगा?

एमएसपी के साथ हैंडलिंग व वितरण खर्च-एचएंडडीसी तथा नियमित एनएफएसए के अंतर्गत गेंहूं, चावल, मोटे अनाज 2,3 व 1 रुपये प्रति किलो सप्लाई पर होने वाले खर्च को एकसाथ रख कर 'खाद्य सब्सिडी' कहा जाता है। इसके साथ ही पीएमजीकेवाई के अंतर्गत अनाज का 'मुफ्त' वितरण होता है। अत: इस पर दिए जाने वाले एमएसपी व एचएंड डीसी को भी सब्सिडी में जोड़ना होगा। इसके अलावा आईसीडीएस व एमडीएम योजनाओं पर आने वाले खर्च से सब्सिडी खर्च और बढ़ता है। अतीत में खाद्य सब्सिडी बढ़ाने का नतीजा बजट निर्माताओं के लिए कष्टदायक रहा है। लेकिन हालिया वर्षों में इसने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। यह 2019-20 में 219,000 करोड़, 2020-21 में 525,000 करोड़, 2021-22 में 286,000 करोड़ तथा 2022-23 में 207,000 करोड़ होगी। लेकिन वास्तव में पीएमजीकेवाई के इस वर्ष के अंत तक विस्तार देने से यह अनुमान से बहुत अधिक होगी। 2016-17 से बजटीय स्थिति इतनी कठिन रही कि एक बार एफसीआई को राष्ट्रीय अल्पबचत फंड-एनएसएसएफ से कर्ज लेने पर मजबूर होना पड़ा क्योंकि सरकार इसे भुगतान करने की स्थिति में नहीं थी। 2019-20 के अंत में एफसीआई पर एनएसएसएफ का 300,000 करोड़ बकाया था। केवल 2020-21 में केन्द्र ने उपयुक्त प्राविधान कर एफसीआई को बकाया अदा करने तथा उस साल की जरूरत पूरी करने योग्य भुगतान किया। लेकिन 2022-23 में फिर ऐसी ही स्थिति पैदा हुई और एफसीआई को कर्ज लेना पड़ा क्योंकि बजटीय आबंटन उसकी जरूरतों की तुलना में बहुत कम था। पहले ही केन्द्र का कर्ज जीडीपी का 60 प्रतिशत हो गया है, जबकि लक्ष्य 40 प्रतिशत था। ब्याज का भुगतान बजट के एक चौथाई से अधिक हो गया है और आधा कर राजस्व इस पर खर्च हो जाता है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से 820 मिलियन की वर्तमान कवरेज को बढ़ा कर 920 मिलियन करने का कोई औचित्य नहीं है। सवाल है कि क्या भारतीय जनसंख्या के बहुत बड़े हिस्से को हमेशा लगभग मुफ्त भोजन की जरूरत बनी रहेगी? इसका जवाब स्पष्ट रूप से 'नहीं' है। 2015 में शांता कुमार कमेटी ने स्पष्ट रूप से कहा था कि एनएफएसए के अंतर्गत सस्ता खाद्यान्न पाने वाले लोगों की संख्या वर्तमान समय में 67 प्रतिशत से घटा कर 40 प्रतिशत की जानी चाहिए। यहां तक कि नीति आयोग ने 2021 में सुझाव दिया था कि लाभार्थियों की संख्या में कटौती की जानी चाहिए, शहरी लाभार्थियों की संख्या 50 प्रतिशत से घटा कर 40 प्रतिशत तथा ग्रामीण लाभार्थियों की संख्या 75 प्रतिशत से घटा कर 60 प्रतिशत की जानी चाहिए।


शांता कुमार समिति की संस्तुति के अनुसार 27 प्रतिशत या लगभग 380 मिलियन लोगों को सब्सिडी से वंचित करने का अर्थ हर साल लगभग 64,000 करोड़ की बचत होगी। यह इस अनुमान पर आधारित है कि हर व्यक्ति अपने हिस्से का सारा 5 किलो मासिक कोटा प्राप्त कर लेगा।

बाकी 440 मिलियन लोगों के बारे में समिति का विचार था कि केवल एएवाई के अंतर्गत आने वाले 120 मिलियन लोगों को ही 2,3, 1 रुपये प्रति किलो अनाज प्राप्त करने के योग्य होना चाहिए। उसकी संस्तुति थी कि 320 मिलियन लोगों को एमएसपी का आधा, यानी 10 रुपये किलो गेंहूं का भुगतान करना चाहिए। इससे हर साल लगभग 15,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। उनसे एमएसपी या 20 रुपये प्रति किलो गेंहूं का भुगतान करने को कहने से 35,000 करोड़ की बचत होगी। एनएफएसए कानून में गेंहू, चावल व मोटे अनाजों के लिए 2,3 व 1 रुपये 'बिक्री मूल्य' का प्राविधान किया गया था। यह कानून 2013 में लागू हुआ था और उसने तीन साल के लिए इन दरों को तय कर दिया था। लेकिन 2016 से ये मूल्य बढ़ाने पर कोई विधिक प्रतिबंध नहीं है। कीमतों में 1 रुपया प्रति किलो वृद्धि से हर साल 5,000 करोड़ की बचत होगी। इसके साथ ही चोरी रोकने से बचत बढ़ाने की काफी संभावनायें हैं। समस्या समाधान में आगे बढ़ने का रास्ता 3, 2 व 1 रुपये किलो पर अनाज देना बंद करना है। बाजार में गेंहूं का मूल्य 30 रुपये किलो होने के कारण सर्वाधिक ईमानदार सस्ते गल्ले की दूकान का मालिक भी इसकी चोरी कर सकता है। इन सभी कारणों को देखते हुए खाद्य सब्सिडी को सीधे लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित करना ही सर्वोत्तम विकल्प है।

# नेत्रदान को प्रोत्साहन के लिए ढांचे की जरूरत

> स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा देश में कॉर्निया सर्जनों और विशेषज्ञों की संख्या को अधिकतम करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।


**निखिल के मसूरकर**
(लेखक एनटोड फार्मास्युटिकल्स के सीईओ हैं)



वैसे तो शरीर का हर अंग समान रूप से महत्वपूर्ण होता है, लेकिन आंखें ज्यादा खास होती हैं। यह हमें इस खूबसूरत दुनिया और इसके द्वारा पेश किए जाने वाले सौंदर्यशास्त्र को देखने की अनुमति देता है। लेकिन, दुर्भाग्य से, भारत में लाखों लोग दृष्टि दोष से पीड़ित हैं, जो उन्हें उनकी दृष्टि से वंचित कर देता है। भारत में, लगभग 6.8 मिलियन लोग कॉर्नियल रोगों के कारण कम से कम एक आंख में दृष्टि हानि से पीड़ित हैं और इनमें से लगभग दस लाख दोनों आंखों में प्रभावित हैं। इस बढ़ती चिंता को दूर करने का एकमात्र तरीका कॉर्निया प्रत्यारोपण है। हालांकि, भारत को कॉर्निया दान की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। हर साल कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित लगभग 75,000 लोग भारत में अपनी दृष्टि फिर से हासिल करने के अवसर से चूक जाते हैं। प्रचलित मिथक नेत्रदान के खिलाफ काम करते हैं, इसके अलावा प्रक्रिया से जुड़े जागरूकता और भय की कमी है।

नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए बहुत सारे स्कोप हैं, इस तथ्य को देखते हुए कि बहुत से लोग अपनी आंखें दान करने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि, एकमात्र बाधा एक सुनियोजित, पर्याप्त दृष्टिकोण है। जहां तक नेत्रदान के प्रति जागरूकता की बात है तो यह देश में बेहद कम है, ग्रामीण इलाकों में ज्यादा है। जहां शहरी क्षेत्रों में नेत्रदान के बारे में जागरूकता लगभग 80 प्रतिशत है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह लगभग 28 प्रतिशत है। इसके अलावा, जो लोग दान के लिए अपनी आंखें प्रतिज्ञा करते हैं, उनके परिवार अक्सर उनके रिश्तेदारों द्वारा अपनी आंखें दान नहीं करने के लिए मना कर देते हैं।

अज्ञानता और वर्जनाओं के पीछे




जागरूकता की सामान्य कमी एक महत्वपूर्ण कारक है। उसी को संबोधित करने के लिए, नेत्रदान के महत्व पर बल देते हुए राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। इसके अलावा चिकित्सा परामर्शदाताओं और चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली सहायता और परामर्श की एक वांछनीय राशि स्थिति को और बढ़ा सकती है। प्रशिक्षित कार्निया सर्जन और शोक सलाहकारों की कमी के कारण भी स्थिति खराब है। दुर्भाग्य से, कई कॉर्निया एकत्र होने के बाद अप्रयुक्त हो जाते हैं क्योंकि उनके प्रत्यारोपण के लिए कॉर्नियल सर्जनों की अपर्याप्त संख्या होती है। दु:ख परामर्श 1990 में शुरू किए गए अस्पताल कॉर्निया पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम (एचसीआरपी) का एक हिस्सा है। शोक परामर्शदाता मृतक के परिवार को परामर्श प्रदान करते हैं और उन्हें मृतक की आंखों को अधिक नियोजित दृष्टिकोण के साथ दान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। एक मजबूत प्रणाली की आवश्यकता है ताकि लोग महत्वपूर्ण अंगों को दान करते समय सहज महसूस करें।

एक अध्ययन के अनुसार, इन शोक परामर्शदाताओं में से केवल 12.1 प्रतिशत के पास लोगों को परामर्श देने के लिए आवश्यक उत्कृष्ट कौशल और ज्ञान था। नेत्रदान के लिए एक उचित हस्तक्षेप पद्धति के साथ आने के लिए, दु:ख सलाहकारों के लिए प्रशिक्षण क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। साथ ही, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा देश में कॉर्निया सर्जनों और विशेषज्ञों की संख्या को अधिकतम करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। इसके अतिरिक्त, भारत को विभिन्न राज्यों में नेत्र बैंकों के समान वितरण की आवश्यकता है। बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करने के लिए 2000 से अधिक नेत्रदान केंद्रों (ईडीसी) और नेत्र बैंकों (ईबी) की आवश्यकता है। ईडीसी और ईबी के अलावा, सभी क्षेत्रों के सर्जनों को प्रशिक्षण सुविधाएं और शल्य चिकित्सा कौशल विकास भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

जबकि नेत्रदान वास्तव में एक नेक कार्य है, फिर भी बहुत से लोग उचित जानकारी और प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के कारण अपनी आंखें दान करने की प्रतिज्ञा करने में संकोच महसूस करते हैं। जागरूकता में सुधार के लिए सभी हितधारकों (डॉक्टरों, सरकारी एजेंसियों, आदि) के बीच उचित एकीकरण सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है, विशेष रूप से जमीनी स्तर पर जिससे देश के सबसे दूर और दुर्गम क्षेत्रों को भी लाभ होगा।

## आप की बात

### कांग्रेस में हलचल

महोदय, कांग्रेस से गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे के बाद से जो हलचल मची है उस डेमेज को रोकने के लिए कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू कर दी है। मगर यह यात्रा कांग्रेस जोड़ों कम और राहुल गांधी को फिर से कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के माध्यम से चुना जाए इसके लिए ज्यादा की जा रही है. और यह भी तय है कि गांधी परिवार के अलावा अन्य किसी का कांग्रेस अध्यक्ष बनना उसी स्थिति में संभव है जब वह चुना गया अध्यक्ष गांधी परिवार के रिमोट से संचालित होने को तैयार हो। गत एक दशक से कांग्रेस देश के हर भाग से सीमितती जा रही है.2014 के बाद से ऐसे कांग्रेसियों ने भी दल बदला है, जो पीढ़ियों से पार्टी और नेहरू परिवार के प्रति निष्ठावान रहे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एस एम कृष्णा से लेकर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद तक ऐसे कांग्रेसियों की सूची काफी लंबी है। मगर गांधी परिवार इसे एक पारिवारिक संस्था के रूप में ही चला रहा है. और जिन्हें कांग्रेसमें वोटिंग का अधिकार है वह भी गांधी परिवार की वजह से ही एकजुट है। अन्यथा विभिन्न चुनावों में टिकटों के बंटवारे को लेकर इतने मनमुटाव और गुट बन चुके हैं कि हर सदस्य खुद को पार्टी अध्यक्ष ही समझता है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### गुजरात में भाजपा को चुनौती

2017 के चुनाव में कांग्रेस ने गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में बीजेपी से ज्यादा विधायक जीते थे लेकिन शहरी क्षेत्रों में बीजेपी ने जोरदार बढ़त बनाई थी और सरकार बनाने में कामयाब रही थी। लेकिन इस बार परिस्थितियां बदली चुकी है। आम आदमी पार्टी ने पंजाब की तर्ज पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने और महिलाओं को रुपया 1000 प्रति माह का अनुदान देने संबंधी घोषणाओं ने बीजेपी को भी चौकन्ना कर दिया है। इसी तर्ज पर कांग्रेस ने किसानों के 3 लाख रुपए तक के कर्ज माफ करने की घोषणा की है. यही कारण है कि बीजेपी ने पाटीदार के बड़े नेता हार्दिक पटेल को अपने पाले में कर लिया है. वर्तमान चुनावी परिदृश्य को देखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बीजेपी और आम आदमी पार्टी पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी और संभावित त्रिकोणीय संघर्ष में बीजेपी का पलड़ा भारी हो सकता है। लेकिन यदि आम आदमी पार्टी के कारण शहरी क्षेत्रों में बीजेपी को नुकसान होता है तो कांग्रेस बड़ी जीत की तरफ बढ़ सकती है। आने वाले दिनों में पाला बदल राजनीति भी देखने को मिलेगी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर दिल्ली से हटकर गुजरात में देखने को मिलेगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### अभिनव योजना

**हमारा** देश कोरोना महामारी काल में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर काफी परेशान और हैरान रहा है कारण आम बड़े लोगों में कोरोना बीमारी काफी बढ़ चढ़कर चल रही थी। तब हर कोई बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर काफी परेशान रहा था। एवं उसे हमेशा यह डर बना रहता था कि उनके बच्चों को यह बीमारी ना हो जाए। वह तो यह भगवान का शुक्र हैं हमारे अधिकांश बच्चे इस बीमारी से सुरक्षित एवं स्वस्थ रहे इस शिक्षक दिवस पर हरियाणा सरकार ने अपने प्रदेश के स्कूली बच्चों के साल में दो बार स्वास्थ्य परीक्षण की बात कही है। हम इसका स्वागत करते हैं काश यह योजना 20 को बीच में ही लागू हो जाती तो उचित होता खैर देर आयद दुरुस्त आयद अब हमारा यही कहना है कि यह अभिनव योजना हर प्रदेश सरकार को अपने यहां लागू कर देना चाहिए कारण आज भी देर से कोरोना गया नहीं है । अत: बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा आज भी हमारे लिए बेहद जरूरी है केंद्र सरकार भी इस और अवश्य ध्यान दें।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**आईएनएस** विक्रांत केवल युद्धपोत नहीं, बल्कि यह भारत के कठोर श्रम व कौशल का प्रमाण है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**हमारे** सामने आगे बढ़ने में भारी चुनौतियां तथा भारी अवसर भी हैं।

– **ऋषि सुनक**
पूर्व ब्रिटिश वित्त मंत्री



**गुजरात** की सत्ता में आने के बाद हम किसानों से एमएसपी पर फसलें खरीदेंगे।

– **अरविंद केजरीवाल**
आप के राष्ट्रीय समन्वयक

# अयोध्या में मां कामख्या सहित सूबे में चार नई नपं का होगा गठन

## कैबिनेट के फैसले

## छह नगर पंचायतों, देवरिया नगर पालिका और नगर निगम अलीगढ़ का होगा सीमा विस्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में एक दर्जन प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट ने अध्योध्या में मां कामख्या नगर पंचायत सहित चार नई नगर पंचायतों के गठन को मंजूरी प्रदान की है। नगर विकास विभाग की ओर से तैयार किए गए इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद इस साल के अंत में होने वाले नगर निकाय चुनाव में यहां पर भी चुनाव कराए जाएंगे। यहां शहरीकरण को भी तेजी से विस्तार मिलेगा। बैठक में आठ नगर पंचायतों और देवरिया नगर पालिका व नगर निगम अलीगढ़ की सीमा विस्तार का भी निर्णय लिया गया। जल्द ही सीमा विस्तार से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। कैबिनेट बैठक मे बाद नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत मां कामाख्या, अयोध्या, नगर पंचायत संकिसा बसन्तपुर, फर्रुखाबाद, नगर पंचायत हेतिमपुर, देवरिया तथा नगर पंचायत मथौली, कुशीनगर के गठन के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने गठन सम्बन्धी अन्तिम अधिसूचना निर्गत किए जाने के प्रस्तावों को अनुमोदित कर दिया है। कैबिनेट ने अधिसूचना निर्गत होने के उपरान्त किसी त्रुटि के परिलक्षित होने पर उसे आवश्यकतानुसार संशोधित अथवा परिमार्जित किए जाने के लिए नगर विकास मंत्री को अधिकृत किया है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत मां कामाख्या, अयोध्या के प्रादेशिक क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सैमसी-पूर्व 6 गाटा, सैदपुर-पूर्व 2 गाटा, बिहारा-पूर्व 2 गाटा, सैमसी-पश्चिम 88 गाटा, सुनवा-पश्चिम 30 गाटा, सैमसी-उत्तर 20 गाटा, सैदपुर-उत्तर 5 गाटा, बिहारा-दक्षिण 1 गाटा तथा सुनवा-दक्षिण 25 गाटा का क्षेत्र सम्मिलित होगा। नगर पंचायत संकिसा बसन्तपुर जनपद फर्रुखाबाद में सम्मिलित होने वाले क्षेत्र के अन्तर्गत राजस्व ग्राम- संकिसा बसन्तपुर, पुनपालपुर, ईमादपुर केसर, मेरापुर, पमरखिरिया, श्योगनपुर, अर्जुनपुर, पखना हमीरखेड़ा, सिठौली सम्मिलित होंगे। नगर पंचायत हेतिमपुर देवरिया के प्रादेशिक क्षेत्र के अन्तर्गत पूरब दिशा में जिला कुशीनगर की सीमा, पश्चिम में ग्राम भुजौली की गाटा संख्या 1 से 552 तथा ग्राम डुमरी एकलास की गाटा संख्या 1 से 449, उत्तर में ग्राम हेतिमपुर की गाटा संख्या 1 से 1832 तथा जिला कुशीनगर की सीमा एवं दक्षिण दिशा में ग्राम मुण्डेरा चन्द की गाटा संख्या 1 से 828 तक, ग्राम जिगनी मुसाहेब खां की गाटा संख्या 1 से 565 तक, ग्राम रामपुर जगदीश उर्फ सिसवा की गाटा संख्या 1 से 518 तक, ग्राम कोटवा गाटा संख्या 1 से 1099 तक तथा ग्राम सहोदर पट्टी गाटा संख्या 1 से 660 तक स्थित होंगे। नगर पंचायत मथौली जिला कुशीनगर के प्रादेशिक क्षेत्र के अन्तर्गत उत्तर में ग्राम रानीपुर उर्फ हरैया, दक्षिण में ग्राम लोहेपार एवं ग्राम सिरसिया, पूरब में ग्राम फरदहा एवं ग्राम लोहेपार तथा पश्चिम में ग्राम सिरसिया एवं ग्राम बहुआस स्थित होंगे।

नगर विकास मंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने नगर पालिका परिषद, देवरिया, नगर निगम अलीगढ़ और फर्रुखाबाद की नगर पंचायत कम्पिल, बांदा की नगर पंचायत बिसण्डा, बाराबंकी की नगर पंचायत रामनगर, कुशीनगर की नगर पंचायत रामकोला, लखीमपुर खीरी की नगर पंचायत धौरहरा तथा शाहजहांपुर की नगर पंचायत अल्हागंज के सीमा विस्तार के प्रस्तावों को भी अनुमोदित कर दिया है। कैबिनेट ने सीमा विस्तार की अधिसूचना की अन्तर्वस्तु में संशोधन अथवा परिवर्तन की आवश्यकता होने पर सुसंगत संशोधन के लिए नगर विकास मंत्री को अधिकृत किया है। निर्णय के उपरान्त अन्तिम अधिसूचना निर्गत कर दी जाएगी, जो निर्गत होने की तिथि से लागू होगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट के निर्णय से प्रस्तावित क्षेत्र के जनमानस को व्यावसायिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, यातायात, सफाई व अन्य नागरिक सुविधाएं सुलभ होंगी। इससे उनकी जीवन शैली की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर सुधार होगा।

---

मौसम की मार से किसानों का भविष्य सुरक्षित करेगी योगी सरकार

# किसानों को कीट रोग नियंत्रण योजना का लाभ अगले पांच साल तक दिए जाने को मंजूरी

- कैबिनेट ने अगले पांच साल तक सुरक्षित भंडारण के लिए 192 करोड़ 57 लाख 75 हजार खर्च करने का फैसला लिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने प्रदेश में कभी सूखा तो कभी बाढ़ से पड़ने वाली मौसम की मार से किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने का फैसला किया है। अगले पांच साल तक राज्य सरकार किसानों की फसलों का नुकसान नहीं होने देगी। किसी कारण से नुकसान हो भी गया तो सरकार उसकी भरपायी भी करेगी। लोकभवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों की मेहनत से खेत में खड़ी फसल, तैयार उपज के सुरक्षित भंडारण के लिए अगले पांच साल तक 192 करोड़ 57 लाख 75 हजार रुपए की धनराशि खर्च करने का फैसला लिया गया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोकभवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान इस फैसले की विस्तृत जानकारी दी। शाही ने बताया कि किसानों को कीट रोग नियंत्रण योजना का लाभ अगले पांच साल तक दिये जाने को मंजूरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में फसलों को प्रतिवर्ष खरपतवार की वजह से 15.20 प्रतिशत क्षति होती है। इसके अलावा फसली रोगों से 26 प्रतिशत, कीटों से 20 प्रतिशत, भंडारण से 7 प्रतिशत, चूहों से 6 प्रतिशत और अन्य कारकों से आठ प्रतिशत क्षति होती है। शाही ने कहा कि इस क्षति को कम किये जाने के लिए कीट रोग नियंत्रण योजना को अगले 5 वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक तक के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस पर अगले 5 वर्ष में 192 करोड़ 57 लाख 75 हजार रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। शाही ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में इस योजना पर 34 करोड़ 17 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। इससे किसानों को कीट रोग नियंत्रण के लिए लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फसलों को सुरक्षित रखे जाने के लिए 2, 3 और 5 कुंतल की बखारी भी 50 प्रतिशत के अनुदान पर किसानों को उपलब्ध करवाई जायेगी। साल 2022 से 2027 तक इस योजना के दायरे में 41 लाख 42 हजार किसानों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईपीएम प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण, कीट रोग के प्रकोप के सर्विलान्स, सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली आईपीएम एवं कृषि रक्षा की नई तकनीकी की जानकारी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 के लिए भी कीट रोग नियंत्रण के लिए योजना संचालित की गयी थी। योजना के तहत कुल 1158321 कृषकों को विभिन्न कार्य मदों में लाभान्वित किया गया। योजना के क्रियान्वयन से कीट रोग पर समुचित नियंत्रण रहा तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई।

## 19 सितंबर से होगा विधानसभा का मानसून सत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की योगी आदित्यनाथ सरकार ने विधानसभा का प्रस्तावित मानसून सत्र आगामी 19 सिंतबर से आहूत करने का फैसला किया है। इस मानसून सत्र के दौरान अनुपुरक बजट भी सरकार पेश कर सकती है। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और शहरी विकास मंत्री अरविंद शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मंत्रिपरिषद ने विधानसभा का मानसून सत्र 19 सितंबर से बुलाने के लिए निर्णय लिया है। इस प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए राज्यपाल के समक्ष भेजा गया है।

---

## चार तस्कर गिरफ्तार, दस करोड़ मूल्य का अम्बरगेरिस बरामद

**लखनऊ।** एसटीएफ ने लखनऊ के गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र से अम्बरगेरिस (कच्चा अम्बर) की तस्करी करने वाले गिरोह के चार तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 4.120 किग्रा. अम्बर गेरिस बरामद हुआ। एसटीएफ के अनुसार बरामद अम्बरगेरिस की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग दस करोड़ रुपए है। एसटीएफ के अनुसार अम्बरगेरिस व्हेल मछली की आंतों में जमा एक प्रकार पदार्थ होता है। जिसका उपयोग इत्र बनाने में किया जाता है। यह पूरी तरह से प्रतिबंधित है। एसटीएफ को सूचना मिली कि गोमती नगर विस्तार थाना क्षेत्र के जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर छह के पास कुछ लोगों द्वारा अम्बरगेरिस (कच्चा अम्बर) की खरीद फरोख्त की जाने वाली है। इस सूचना पर एसटीएफ ने वन विभाग की टीम के साथ पहुंचकर संयुक्त कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद दानिश अख्तर निवासी झारखंड, अविनाश खरवार निवासी इंदिरा नगर, लखनऊ, अभय खरवार निवासी इंदिरा नगर, लखनऊ और फिरोज अहमद किदवई निवासी एफ ब्लाक राजाजीपुरम, लखनऊ को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में जानकारी हुई कि मुम्बई नाला सुपाडा के रहने वाले तुफैल जो मूल रूप से कुण्डा, प्रतापगढ़ का निवासी है उसके द्वारा अम्बरगेरिस (कच्चा अम्बर) फिरोज को बेचने के लिए दिया गया था। फिरोज द्वारा दानिश, अविनाश व अभय की मदद से किसी नेपाली व्यक्ति को बेचने की कोशिश की जा रही थी।

## अखिलेश ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** सपा मुखिया मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनपद लखीमपुर खीरी के गोला विधानसभा क्षेत्र से विधायक अरविन्द गिरि, सपा लखनऊ के पूर्व नगर अध्यक्ष राम शंकर यादव की पत्नी तथा सपा मजदूर सभा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह के दादाजी राम बरन यादव के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## सितंबर में गुरु-शिष्य के रिश्ते की मिसाल बनती है गोरक्षपीठ

**लखनऊ।** करीब आधी सदी से गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के लिए सितंबर खास होता है। ऋषि परंपरा में गुरु-शिष्य के जिस रिश्ते का जिक्र किया जाता है इस महीने में सप्ताह भर पीठ उसकी जीवंत मिसाल बनती है। दरअसल सितंबर में ही ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पड़ती है। इस साल भी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 53वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 8वीं पुण्यतिथि है। इस उपलक्ष्य में 7 सितंबर से सप्ताह भर कई आयोजन होंगे। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भी सोशल डिस्टेंसिग का पालन करते हुए ये कार्यक्रम हुए थे। 7 सितंबर से संगीतमयी श्रीराम कथा और 8 सितंबर से देश के ज्वलंत मुद्दों पर राष्ट्रीय स्तर के व्याख्यान होंगे। बुधवार से दोपहर बाद 3 बजे से मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में संगीतमयी श्रीराम कथा ज्ञानयज्ञ में अयोध्या से पधारे जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज पीठाधीश्वर अशर्फी भवन अयोध्या कथा का रसपान कराएंगे।

---

# रोडवेज बसों में डीजल की चोरी व टिकट की धांधली पर अंकुश लगाया जाए: दयाशंकर सिंह

- ओटीएस योजना में धीमी प्रगति पर अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: परिवहन मंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जिन जनपदों में ओटीएस की प्रगति रिपोर्ट धीमी है उनके खिलाफकार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही परिवहन मंत्री ने कहा कि रोडवेज की बसों में डीजल, पेट्रोल एवं टिकट चोरी का मामला प्रकाश में आया तो किसी भी स्तर पर दोषियों को बख्शा नही जाएगा। इसके साथ ही परिवहन मंत्री श्री सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी स्कूल, कालेज प्रबंधकों से वार्ता कर 17 सितम्बर को सड़क सुरक्षा रैली निकालने की व्यवस्था की जाए।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को अलीगंज स्थित उपाम में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से परिवहन विभाग, निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कही। इस मौके पर परिवहन मंत्री ने निर्देश दिया कि 17 सितम्बर को सड़क सुरक्षा रैली में अधिकारीगण, छात्रों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलायें ताकि सड़क सुरक्षा जन आन्दोलन बन सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना को लेकर सख्त हैं। प्रदेश सरकार का सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य है। इसके लिए स्कूलों, कालेजों में रोड सेफ्टी क्लब को और क्रियाशील एवं उपयोगी बनायें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सम्भागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि एकमुश्त पेनाल्टी योजना को बस आपरेटरों तक पहुंचाये। दयाशंकर सिंह ने कहा कि अधिकारीगण अनधिकृत बसों को चिन्हित करें एवं उन्हें परिवहन निगम से अनुबन्ध करने का मौका दिया जाय। जिन बसों की स्थिति अच्छी होगी उन्हें मुख्य एवं ग्रामीण मार्गों पर संचालित किया जायेगा। उन्होंने परिवहन विभाग एवं निगम के अधिकारियों को टीमवर्क बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। दयाशंकर सिंह ने कहा कि बस स्टैण्डों पर यात्री मूलभूत सुविधाओं का अधिकारी विशेष ध्यान रखें। सभी आरएम/एआरएम निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं को ठीक करायें।

## सोनभद्र के जीवाश्म पार्क को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी सरकार

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि सोनभद्र के विधानसभा क्षेत्र ओबरा के ग्राम पंचायत सलखन में स्थित जीवाश्म पार्क को ईको टूरिज्म बोर्ड से जोड़ते हुए पर्यटकों के लिए आकर्षण के केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके लिए जिलाधिकारी सोनभद्र को जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से कार्ययोजना तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह जीवाश्म पार्क अमेरिका के एलो स्टोन जीवाश्म पार्क की तरह देश की बहुमूल्य धरोहर है। यह पार्क धरती पर जीवों की उत्पत्ति का रहस्य समेटे हुए है। पर्यटन मंत्री ने मंगलवार को विधानभवन स्थित कार्यालय कक्ष में समीक्षा करते हुए बताया कि सोनभद्र का यह जीवाश्म पार्क 150 करोड़ वर्ष पुराना है और 25 हेक्टे. में फैला हुआ अमेरिका के एलो. स्टोन पार्क से भी बड़ा है। भू. वैज्ञानिकों की दृष्टि से इसकी प्राकृतिक संरचना अद्भुत है। यह कैमूर वन्य जीव विहार के परिक्षेत्र में स्थित है और सोनभद्र के मुख्यालय रावट्र्सगंज से लगभग 16 किमी. की दूरी पर स्थित है। उन्होंने बताया कि इस पार्क को संरक्षण एवं अतिक्रमण से बचाने के लिए पूर्व में सुरक्षा की व्यवस्था की गयी थी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस जीवाश्म पार्क को प्रकृति की बहुमूल्य धरोहर मानते हुए इसके संरक्षण के लिए स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही इसके आस-पास अवैध खनन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए स्थानीय प्रशासन को जरूरी निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक धरोहरों के प्रति संरक्षण की भावना जागृत करने तथा जैव विविधता पारिस्थितिकीय तंत्र को हानि पहुचाये वगैर विकास एवं संरक्षण का कार्य किये जाने के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है।

## सीएम योगी ने सुरेश रैना के योगदान को सराहा

- पूर्व क्रिकेटर को नई पारी के लिए मुख्यमंत्री ने दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। सुरेश रैना ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से उत्तर प्रदेश रणजी टीम के पूर्व कप्तान के देश और प्रदेश के लिए किए गए योगदान को सराहा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने लिखा प्रिय सुरेश रैना, भले ही आज आपने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है लेकिन मुझे लगता है कि अभी भी आप में बहुत क्रिकेट बाकी है। अपने अदभुत खेल कौशल से आपने भारतीय क्रिकेट को नव क्षितिज पर पहुंचाया है। उत्तर प्रदेश को आप पर गर्व है। ट्वीट की श्रृंखला में योगी आदित्यनाथ ने अतीत में रैना के प्रदर्शन की तारीफ की। उन्होंने लिखा विपरीत परिस्थितियों में कई बार आपकी साहसिक पारियों द्वारा सुनिश्चित हुई भारत की विजय सदैव अविस्मरणीय रहेगी।

---

# लेवाना सुइट्स अग्निकांड को लेकर कांग्रेस ने योगी को लिखा पत्र

- दोषी अफसरों पर कार्रवाई मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के होटल लेवाना सुइट्स में हुए अग्निकांड को लेकर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। मोना ने पूछा है कि अधिकारी एवं कर्मचारी जो इस घटना के लिए जिम्मेदार है उनके खिलाफ सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है? उन्होंने इस घटना में मरने वालों के परिवारजनों को पचास-पचास लाख रुपए तथा घायलों को पच्चीस- पच्चीस लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने कि मुख्यमंत्री से मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आराधना मिश्रा मोना ने कहा है आग की चपेट में आने वाले लोगों का हाल जानने के लिए आप स्वयं भी अस्पताल गए थे। घटना के लिए होटल के मालिक एवं उसके प्रबन्धक को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। आपके निर्देष पर गठित टीम द्वारा प्रकरण की जांच में पाया गया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण से इसका नक्शा नहीं पास कराया गया था एवं अग्निशमन विभाग की फायर अनापत्ति में भी कमियां पाई गईं। बिना नक्शा पास कराए और अग्निषमन की कमियों आदि के बावजूद वर्ष 2017 से होटल का संचालन शुरू कर दिया गया, जिसका खामियाजा आज 4 लोगों को अपनी जान गवांकर चुकानी पड़ी, तथा कई लोग जिन्दगी और मौत की बींच झूल रहे हैं। लखनऊ स्थित होटल में घटने वाली यह कोई पहली अग्निकाण्ड की घटना नहीं है बल्कि इसके पूर्व भी लखनऊ स्थित कई होटलों में अग्निकाण्ड की घटनायें हो चुकी हैं जिसमें बहुत सी जाने जा चुकी है किन्तु इन घटनाओं के बाद भी प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। जिसका परिणाम आज फिर एक दर्दनाक हादसे के रूप में सामने आया है।

# भाजपा जातीय जनगणना की मांग पर चुप्पी साधे है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा जातीय जनगणना की मांग पर चुप्पी साधे है। जातीय जनगणना होने से समाज के प्रत्येक वर्ग का विकास में प्रतिनिधित्व तय हो जाता। सबकी भागीदार निश्चित हो जाती। इसी तरह समाजवादी सरकार ने 17 जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की दिशा में जो कदम उठाए थे उन्हें भाजपा सरकार ने विफल कर पिछड़ों और दलितों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा षडयंत्रकारी पार्टी है। भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी के नेतृत्व के खिलाफअभियान चलाने की रणनीति पर काम कर रही है लेकिन अब भाजपा की कोई साजिश सफल नहीं होगी। समाजवादी पार्टी युवाओं की पार्टी है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जुझारू हैं। भाजपा सरकार की सारी साजिशों को समाजवादी पार्टी विफल करने में समर्थ है। 2024 में भाजपा को केन्द्र की सत्ता फिसलती नजर आने लगी है। तब से भाजपा बौखला गयी है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र के विरूद्ध काम कर रही है। साज़िश कर विपक्ष को बांटने की कोशिश में लगी है। निर्दोषों पर झूठे मुकदमें लगाए जा रहे हैं। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, अनाचार और अन्याय बढ़ा है। भाजपा झूठ बोलती है। भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों को धोखा दे रही है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया हैं। संविधान का पालन क्यों नहीं करती हैं, भाजपा ने अपने चुनाव संकल्प पत्र में जो वादे किए थे उन्हें पूरा नहीं किया है। आम जनता को धोखा दिया जा रहा है। किसानों को मुफ्त बिजली, मुफ्त सिंचाई देने की सुविधा हवा हवाई साबित हुई हैं। किसानों की आय 2022 तक दुगनी करने का वादा भी पूरा नहीं किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास कार्य सबसे ज्यादा उपेक्षित है।

## वन प्रभाग के इकाई अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** वन मंत्री डा. अरूण कुमार सक्सेना के निर्देश पर मंगलवार को सुल्तानपुर वन प्रभाग के इकाई अधिकारी हरिप्रसाद तिवारी को तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। श्री तिवारी पर अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबन की कार्यवाही की गई है। वन निगम एसके वर्मा ने निलंबन आदेश जारी कर दिया है। इनके अतिरिक्त श्री तिवारी के साथ कार्यरत छंटनीशुदा स्केलर नतीश कुमार सिंह एवं राघवेंद्र प्रताप पांडेय को भी कार्य में लापरवाही और अनियमितता के चलते एक वर्ष के लिए वन निगम की सेवा से पृथक करते हुए काली सूची में रखा गया है। डॉ. सक्सेना ने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री के जीरो टालरेंस की नीति को ध्यान में रखते हुए विभागीय कार्यकलापों को अंजाम दिया जाये, किसी भी प्रकार की लापरवाही व अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# जहां राम का गुणगान करते थे पक्षी वह झील संवार रही योगी सरकार

## अयोध्या की सबसे बड़ी झील है समदा

- पौराणिकता व ऐतिहासिकता से हो सकेंगे रूबरू, तेजी से हो रहा जीर्णोद्धार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, अयोध्या

**योगी** हैं तो यकीन है कि अयोध्या से जुड़े पौराणिक स्थल गौरवशाली अतीत के साथ समृद्धशाली वर्तमान की गाथा गाएंगे। यह स्थल न सिर्फ प्रदेश वरन देश में भी पुन: अलग पहचान बनाएंगे। सरकार की ऐसी ही प्राथमिकता में शामिल समदा झील के दिन भी जल्द ही बहुरेंगे। आम जनमानस से जुड़े कार्यों को रफ्तार देने के लिए योगी सरकार विकास को नया अमलीजामा पहना रही है। अयोध्या से लगभग 20 किलोमीटर दूर सोहावल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोला भिटौरा मोइयाकपुर सहित तीन ग्राम पंचायतों में 67 एकड़ में फैली समदा सबसे बड़ी झील है। इसका जीर्णोद्धार तेजी से कराया जा रहा है।

अयोध्या की समदा झील ऐतिहासिक और पौराणिक है। इसकी पौराणिक मान्यता है कि यह प्रभु श्रीराम के समय से ही अस्तित्व में है। यहां से प्रवाहित होने वाली समदा नदी जब सूख गई तो उस समय कुछ अवशेष के रूप में इस झील को छोड़ गई जिसे आज समदा झील के रूप में जाना जाता है। यहां के लोगों की मानें तो इस झील पर पक्षियों का समूह अपने राम का गुणगान करता था। मान्यता है कि उस समय स्थानीय लोग पक्षियों की मधुर आवाज सुनने के लिए बैठे रहते थे। इस झील के जीर्णोद्धार को लेकर जिला प्रशासन 2017 के पहले भी प्रयास कर चुका है लेकिन लाखों खर्च करने के बावजूद भी हालात नहीं बदले। जब सूबे में योगी सरकार आई तो प्रयत्न किए गए कि यहां की पौराणिकता को वर्तमान पीढ़ी जाने। इसके लिए पंख लगने शुरू हो गए। इस झील की विशेषता यह भी है कि यहां स्थानीय पक्षियों के साथ प्रवासी पक्षियों साइबेरियन, ऑस्ट्रेलियन व नेपाली का भी जमावड़ा देखा जाता है। आसपास के जनपदों के लोग यहां के विहंगम दृश्य से दो-चार होने पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो झील के कायाकल्प के बाद यहां पक्षियों के लिए भी सुरक्षा का माहौल तैयार हो जाएगा। योगी सरकार की मंशा पर झील का जीर्णोद्धार अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से कराया जा रहा है। अवर अभियंता प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि अभी मिट्टी डालने का काम चल रहा है। बंधा बनाया जा रहा है। यहां लगभग 75 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। यह प्रोजेक्ट मई में शुरू किया गया था अक्टूबर तक इसे पूरा करने का लक्ष्य है। इस पर 8.33 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। शेष कार्य दूसरे चरण में किया जाएगा।

---

# कन्नौज की गलियों से यूरोप और मिडिल ईस्ट तक पहुंचेगा इत्र

- प्रदेश सरकार कन्नौज के इत्र निर्माताओं और उद्यमियों को विदेशी कंपनियों संग व्यापार के लिए उपलब्ध कराएगी मंच

## फरवरी में आयोजित किया जाएगा इंटरनेशनल इत्र फेस्टिवल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की योगी आदित्यनाथ सरकार एमएसएमई के तहत एक जिलाए एक उत्पाद ओडीओपी को अब वैश्विक स्तर पर ले जाने को बेताब है। इसके तहत पहली बार प्रदेश में इंटरनेशनल इत्र फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। अगले साल फरवरी में होने वाले इस आयोजन में इत्र या परफ्यूम बनाने वाले यूरोपीय और मिडिल ईस्ट समेत तमाम अग्रणी देशों के प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल को कन्नौज के इत्र कारोबारियों से मिलने का मौका मिलेगा। साथ ही उन्हें कन्नौज के इत्र की खूबियों, इसके निर्माण की प्रक्रिया से भी परिचित कराया जाएगा। इसके जरिए कन्नौज के इत्र कारोबारियों को भी अपने उत्पादों को विदेशी खरीदारों के समक्ष प्रदर्शित करने व वैश्विक व्यापार की संभावनाओं को टटोलने का मौका मिलेगा। गौरतलब है कि पूरी दुनिया में कन्नौज के इत्र की चर्चा होती है। ऐसा कहा जाता है कि कन्नौज की गलियों, यहां की मिट्टी से भी इत्र की महक आती है। अब ये महक पूरी दुनिया में महकने को तैयार है। जानकारी के मुताबिक इंटरनेशनल इत्र फेस्टिवल के लिए विदेशी प्रतिनिधिमंडल को लाने की जिम्मेदारी कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री सीआईआई की होगी। इस आयोजन के तहत लखनऊ में एक दिन का कार्यक्रम होगा जिसमें विभिन्न सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सभी विदेशी मेहमानों को कन्नौज ले जाया जाएगा। यहां उन्हें इत्र के उद्यमियों, इत्र निर्माताओं व निर्यातकों से मिलने का मौका मिलेगा। यह एक से दो दिन का टूर होगा, जिसमें विदेशी मेहमान कन्नौज के इत्र की खूबियों को जानेंगे और विदेशों में इसकी बिक्री की संभावनाओं को परख सकेंगे। इंटरनेशनल इत्र फेस्टिवल में दुनिया भर के उन देशों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे जो इत्र, परफ्यूम से जुड़े उद्योगों से संबंधित हैं। इनमें निर्माता, उद्यमी और विक्रेता सभी शामिल होंगे। खासतौर पर यूरोपीय देश फ्रांस, जर्मनी, स्विट्जरलैंड जैसे देशों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा दुबई समेत मिडिल ईस्ट के भी कई देश इसमें हिस्सा लेंगे। इन सभी देशों में फ्रांस सबसे अहम है क्योंकि उसे परफ्यूम इंडस्ट्री में अग्रणी माना जाता है। उसके आसपास के देशों में भी परफ्यूम का काफी काम होता है। इंटरनेशनल इत्र फेस्टिवल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के इत्र निर्माता देशों व कंपनियों को भारत के खासतौर पर कन्नौज के इत्र से जोड़ना है। कन्नौज के इत्र की सबसे खास बात ये है कि यहां इत्र के निर्माण में एसेंसियल ऑयल का इस्तेमाल होता है। यह पूरी तरह ऑर्गेनिक होता है और इसके उपयोगकर्ता को किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट या नुकसान नहीं होता। वहींए ज्यादातर देशों में इत्र या परफ्यूम के निर्माण में एल्कोहल का अधिकाधिक इस्तेमाल होता है। धीरे.धीरे दुनिया का मार्केट एसेंसियल ऑयल की ओर जा रहा है। ऐसे में ये देश भारत की ओर देख रहे हैं। यही वजह है कि इन देशों के परफ्यूम निर्माताओं को इस फेस्टिवल में लाने का लक्ष्य रखा गया हैए ताकि अगर वो एसेंसियल ऑयल पर आधारित इत्र की ओर रुख करें तो कन्नौज उनके दिमाग में हो।

जेल में स्थित अस्पताल का भी किया निरीक्षण, जेलर को दिए दिषा निर्देश

# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

● अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की हुई बैठक, बैरकों व पाकशाला का किया निरीक्षण



संवाददाता। सीतापुर

**जिला जेल** सीतापुर में मंगलवार को मॉनीटरिंग सेल की बैठक के साथ-साथ अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप कुमार द्वित्तीय ने की। जिसमें जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जेल का इन अधिकारियों ने मासिक निरीक्षण भी किया। महिला बैरक, किशोर बैरक, पाकशाला सहित सभी बैरको का निरीक्षण कर अधिकारियों ने बंदियों से वार्ता कर हालचाल जाना। उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण हेतु तत्काल जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। जिलाजज, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों की टीम के द्वारा जेल के अस्पताल तथा पाकशाला में किए गए निरीक्षण में व्यवस्थाएं दुरूस्त पायी गई। इन अधिकारियों ने जेल लीगल एंड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह पाया गया किसी भी बंदी द्वारा नि:शुल्क विधिक सेवा दिए जाने की प्रार्थना नहीं की गई, जेल अपील के सम्बंध में पूंछताछ में यह मिला कि सभी दोष सिद्ध बंदियों द्वारा जेल अपील तथा निजी अपील दाखिल कर दी गई है। जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप कुमार द्वितीय ने जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह को निर्देश दिए, कि ऐसे विचाराधीन बंदी जो धारा 336 ए, सीआरपीसी का लाभ पाने के योग्य है, उनकी सूची प्रत्येक सप्ताह जिला विधिक सेवा को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट प्रथम राहुल सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव प्रमोद सिंह यादव के साथ ही जेलर अरविन्द श्रीवास्तव, जिलाजज के पीएस ज्ञानेन्द्र अवस्थी, प्रधान सहायक अशोक कुमार राना और रितिकेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# 18 ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध हुई कार्रवाई




संवाददाता। सीतापुर

● तहसील सदर में आयोजित हुआ विषेष ओटीएस कैंप

**मंगलवार को** तहसील सदर में विशेष ओटीएस कैम्प आयोजित किया गया। विशेष कैम्प के बाद एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी द्वारा, एआरटीओ (प्रवर्तन) द्वितीय दल संजय गुप्ता के साथ बिना टैक्स जमा किये संचालित हो रहे 18 ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। एआरटीओ (प्रशासन) ने बताया कि ई-रिक्शा चालको को एक मुश्त शास्ति समाधान योजना की जानकारी दी गयी। योजना के अन्तर्गत बकाया मार्गकर पर लगायी गयी पूरी पेनाल्टी माफ की जा रही है। 01.04.2020 तक पंजीकृत सभी व्यवसायिक वाहन इस योजना के तहत लाभान्वित होगें टैक्स पर लगायी गयी पूरी पेनाल्टी 1000/-रूपये शुल्क जमा कर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद माफकर दी जायेगी। मा0 न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण, फाइनेंसर द्वारा खीचे गये वाहनों, वसूली पत्र जारी हो चुके वाहनों को भी इस योजना के तहत लाभ दिया जायेगा। वाहन स्वामियों की सुविधा के लिये तहसील स्तर पर भी कैम्पो का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि किसी भी स्थिति में कोई भी बकाया कर वाला वाहन संचालित नही किया जायेगा। बिना रजिस्ट्रेशन ई-रिक्शा का विक्रय कर रहे डीलरो के विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया कि 7 सितंबर को लहरपुर व 8 सितंबर को मिश्रिख तहसील सभागार में विशेष ओटीएस कैंप लगाए जाएंगे।

## सीतापुर के सेलिब्रेशन इन बैंक्वेट हॉल में हुआ समारोह

**सीतापुर।** शिक्षकों का मूल उद्देश्य छात्रों का निर्माण करना होता है। यह सन्देश शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में गूंजा तो शिक्षक गौरवान्वित हो उठे जिन्होंने अपने शिष्यो को सफलता के क्षेत्र में पारंगत कर दिया। मंगलवार को कायस्थ कल्याण संस्थान सीतापुर के द्वारा शकुंतला देवी श्रीवास्तव की स्मृति में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्या अतिथि राज्य मंत्री डॉक्टर अरुण सक्सेना ने शिक्षको को सम्मानित किया। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार ने पायनियर से बातचीत के दौरान क्या कहा कि शिक्षक ही समाज का निर्माण करता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में टेऊजरी आफीसर जाह्नवी मोहन, कायस्थ समाज के वरिष्ठ शिक्षक विभूति नारायण, नीलिमा श्रीवास्तव, कनक श्रीवास्तव, सरिता सोनाली श्रीवास्त्व सहित अजित चंद्रा, पंकज श्रीवास्तव, मेजर के किशोर, डॉक्टर रजनीकांत, विमल व वीसी वर्मा, मालिनी सहित कायस्थ समाज के लोग मौजूद रहे।

# सीतापुर सदर एसडीएम ने छात्रों को दिया उपहार




संवाददाता। सीतापुर

**आज के** युग में इंटरनेट आवश्यक हो गया है, इसीलिए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने छात्र-छात्राओं के लिए स्मार्ट फोन व टैबलेट वितरित कर उन्हें आगे बढ़ाने का काम कर रही है। यह बात एसडीएम सदर अनिल कुमार ने श्रीकृष्णा कॉलेज में स्मार्ट फोन वितरित करते हुए छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन से हर युवा अच्छी-अच्छी तकनीक जानकर भविष्य में आगे बढ़ सकेगा। श्रीकृष्ण कॉलेज के 205 बीएससी के छात्रों को स्मार्ट फोन का वितरित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी, भाजपा नेत्री कुसुम, प्राचार्य अरूण कुमार त्रिपाठी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**अन्नपूर्णा साहित्य** संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी सरस्वती संगीत महाविद्यालय सभागार में हुई। अध्यक्षता अशोक मिश्र ने की, संचालन शायर व शिक्षक यासीन इब्ने उमर ने किया। उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले शिक्षकों को संस्थान अध्यक्ष नवीन द्विवेदी ने सम्मानित किया। इस मौके पर बृजेंद्र नाथ मिश्र, कन्हैया लाल शुक्ल, अजय श्रीवास्तव, लक्ष्मी देवी वर्मा, मालती वर्मा, प्रद्युमन द्विवेदी, राज कुमार श्रीवास्तव, राज बहादुर वर्मा, सीमा बाजपेई, अमित कुमार आदि के नाम सम्मिलित हैं। काव्य गोष्ठी में ए.के. मिश्र, शिव प्रताप सिंह चौहान, यासीन इब्ने उमर, अजय श्रीवास्तव विकल, राजकुमार श्रीवास्तव, के.पी. मिश्र, जी.एल. गांधी, सीमा बाजपेई, प्रद्युम्न द्विवेदी, सुमन मिश्रा, रियाजुद्दीन रियाज, लक्ष्मी वर्मा, डॉ सतीश चंद्र, गीता श्रीवास्तव, राज बहादुर वर्मा, विपिन बिहारी, योगेंद्र त्रिपाठी, रौनक सीतापुरी, आलोक कुमार, आनंद विश्वकर्मा, सुधांशु त्रिवेदी, अरुण कुमार श्रीवास्तव व बिजेंद्र मिश्र आदि ने काव्य पाठ किया।

## सांसद ने किया इंडियन बैंक की नई शाखा का उद्घाटन

**सीतापुर।** देश के प्रमुख राष्ट्रीयकृत एवं जिले के अग्रणी बैंक इंडियन बैंक ने ग्राहकों को और अधिक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक की नवीन शाखा तम्बौर एवं बिसवां शाखा के नवीन परिसर जो कि नवीनतम आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, का उद्घाटन कर लोकार्पित किया गया। सांसद सीतापुर राजेश वर्मा ने फीता काटकर नवीन परिसर का उद्घाटन किया। सम्बोधन में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख विनीत बाजपेयी ने कहा कि हम हमारे



ग्राहकों को बेहतर ग्राहक सेवा देने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। जिले के अग्रणी बैंक होने के कारण हम हमारे उत्तदायित्व को भली-भांति समझते हैं। सीतापुर अंचल में हमारी कुल 59 शाखायें, 186 ग्राहक सेवा केन्द्र एवं 8 ए0टी0एम0 ग्राहकों की सेवा में कृतसंकल्प है साथ ही ग्रामीणों को उधमिता विकास हेतु प्रशिक्षण एवं कौशल प्रदान करने हेतु एक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र जमैय्यतपुर खैराबाद में संचालित है जहाँ ग्रामीणों को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण के साथ ही रोजगार शुरू करने के लिए बैंक द्वारा ऋण सुविधा भी प्रदान की जाती है। हम आपको विश्वास दिलाते है कि आपका अपना बैंक हर कदम आपके विश्वास की परम्परा का निर्वहन करता रहेगा।

# निघासन क्षेत्र के शिक्षकों का हुआ सम्मान



**निघासन खीरी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, डायट प्राचार्य जेपी मिश्र एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय द्वारा ब्लॉक रमियाबेहड़ के उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही के इन्चार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश राजपूत को कहानी सुनाओ प्रतियोगिता हेतु एवं निघासन के उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलापुरवा की शिक्षिका नेहा ;एआरपी हिंदीद्ध को कला, क्राफ्ट एण्ड पपेट्री एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय ढखेरवा खालसा के शिक्षक वैभव पाण्डेय को चतुर्थ आदर्श पाठ्य योजना निर्माण प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जनपद स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों एवं विद्यालयों को भी सम्मानित किया गया ब्लाक निघासन से 5 उत्कृष्ट विद्यालय में 5 शिक्षकों का चयन किया गया ओमप्रकाश राजपूत को पूर्व में भी कई स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है यह उनका लगातार तीसरी बार उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान है वह अपने अभिनव नवा चारों के लिए भी जाने जाते हैं जिलाधिकारी के द्वारा ब्रेकफास्ट विद डीएम कार्यक्रम में भी उन्हें अपने निवास पर आमंत्रित कर सम्मानित किया जा चुका है उन्होंने अपने ही स्रोतों से विद्यालय में विद्यालय कोष की स्थापना करके बच्चों के लिए झूलों की व्यवस्था की है पूर्व में उन्होंने सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत विद्यालय में डिजिटल कक्षाएं प्रारंभ कराई जिसमें प्रोजेक्टरए टूथ स्पीकर एवं एलसीडी के द्वारा बच्चों को शिक्षण कार्य करा रहे हैं ।

# तीन बार सपा व दो बार भाजपा से चुनाव जीतकर जनपद को किया था गौरवान्वित

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**जनपद की** राजनीति में मजबूत पकड़ बनाने के बाद भी गोला को वह कभी नहीं भूलने और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चिंतित रहने के चलते वह आमजनता में सदैव लोकप्रिय और जनप्रिय विधायक के रुप में ख्याति अर्जित की ऐसे विधायक का अचानक चले जाने से क्षेत्रीय जनता स्तब्ध होना स्वाभाविक है। बताते चलें कि छात्र राजनीति से सफर चालू किया था इसके बाद वह पहला चुनाव ग्रामप्रधान लालहापुर इसके बाद अध्यक्ष नगरपालिका गोला बने बाद में उन्होंने सपा के टिकट पर पहली बार विधायक बनकर उप्र की विधानसभा पहुंच कर गोला जोकि पहले हैदराबाद विधानसभा थी को गौरवान्वित किया था। उसके बाद गोला को गौरवांवित होने के बाद विधायक ने अपना जीवन जनता के लिए समप्रित कर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया जिसके बाद वह तीन बार सपा व दूसरी बार भाजपा से विधायक बने। राजनीति में वह एकेले ऐसे योद्धा थे जोकि वह हमेशा विपरीत परिस्थितियों में जनता की सेवा की उनमें एक संघर्षशील, जुझारुपन वह निष्ठावान होने की जो कला थी इसी का परिणाम है कि आज अपने लोकप्रिय व जनप्रिय विधायक के असमय चले जाने पर आमजनता स्तब्ध है और दुखी है। लोकप्रिय विधायक अरविंद गिरि आज सुबह एक बैठक में भाग लेने के लिए लखनऊ जा रहे थे जब वह सिधौली पहुंचे तभी वह अचानक बेहोश हो गए आनन-फानन में इनको पड़ोस में स्थित हिंद अस्पताल अटरिया में उपचार के लिए पहुंचे पर चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद उनका पार्थिव शरीर गोला लाया गया जहां पर अपार जनसैलाब ने अंशु नेत्रों से अंतिम दर्शन कर उनको विदाई दी।



**लखीमपुर-खीरी।** मंगलवार की सुबह विधायक गोला अरविंद गिरी के आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही जिले में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की खबर मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन गोला के लिए रवाना हुए।डीएम-एसपी ने दिवंगत विधायक के पार्थिव शरीर गोला पहुंचने से पहले उनके आवास, फार्म हाउस एवं अंत्येष्टि स्थल का भ्रमण किया, ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान डीएम-एसपी ने दिवंगत विधायक के परिवारी जनों से मुलाकात करके उन्हें ढांढस बंधाया। पार्थिव शरीर गोला पहुंचने पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन, सीडीओ अनिल सिंह ने दिवंगत विधायक के अंतिम दर्शन कर नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी, शोक जताया।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने विधायक गोला अरविंद गिरी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। पूरा खीरी प्रशासन विधायक के असामयिक के निधन से दुखी है।

# एक किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा एक किलो 70 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर एक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के कुशल मार्गदर्शन में थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा गस्त व चेकिंग के दौरान दतेली बैरिअर के पास से 01 किलो 70 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर अभियुक्त बादशाह पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम उदयपुर थाना हैदराबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना हैदराबाद पर मुकदमा अपराध संख्या 381/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक थाना हैदराबाद कुलदीप सिंह, कांस्टेबल ललित दयाल, कांस्टेबल धीरज यादव शामिल रहे।

# थाना बहेड़ी में दो सिपाही आपस में भिड़े , एक सिपाही ने चला दी गोली

**बरेली।** बरेली के एक थाने में तैनात महिला सिपाही को लेकर सोमवार रात जमकर बवाल हुआ। आपस में भिड़े दो सिपाहियों में से जहां एक ने फायर कर दिया। जिससे थाने में अफरा तफरी मच गई। थाने स्तर पर मामले को दबाने की कोशिश की गई। लेकिन मामला अफसरों के पास पहुंचा।मामला बहेड़ी थाने का हैं। जहां तैनात एक महिला सिपाही को लेकर सोमवार रात दो सिपाही आपस में भिड़ गए। बात तू-तड़ाक से गाली गलौच पर पहुंच गई। कोई कुछ समझ पाता तब तक बात इतनी बढ़ गई कि एक सिपाही ने आवेश में आकर फायर झोंक दिया।जिसके बाद थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों में खलबली मच गई। मौजूद स्टाफने दोनों को पकड़ कर समझा बुझाकर शांत कराया गया। जिसके बाद सिपाहियों की हरकतों को छिपाने का पूरा प्रयास किया गया। इस घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस अफसरों को हुई तो पहले तो वह अवाक रह गए।इसके बाद रात में ही एसपी काइम मुकेश प्रताप सिंह थाने पहुंच गए। जहां उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद उत्पाती सिपाहियों से भी बातचीत की। मामले में गोली चलाने वाले सिपाही मोनू को सस्पेंड कर दिया गया। इसके साथ ही सिपाही योगेश को लाइन हाजिर कर दिया। इंस्पेक्टर क्राइम को भी लाइन हाजिर कर दिया है।0000000थाने में आधी रात सिपाही मोनू ने जिस रिवाल्वर से फायर किया।वह रिवाल्वर दारोगा की थी, जिसे वह कुछ देर पहले ही थाने में जमा करके गया था। हालांकि घटना के दौरान गोली थाने के फर्श में जा घुसी।इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। पूछताछ में सिपाही मोनू अफसरो से बोला कि वह योगेश से तंग आ चुका है। इसी से परेशान होकर उसने गोली चला दी। बाद में पता चला कि दोनों के बीच महिला सिपाही को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा हैं। पूरा मामला अधिकारियों ने दबा दिया। जानकारी होने पर मंगलवार सुबह एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने थाने के इंस्पेक्टर सत्येंद्र भड़ाना, इंस्पेक्टर क्राइम अनिल कुमार और सिपाही मोनू को निलंबित कर दिया है। पूरे मामले में सीओ बहेड़ी डा. तेजवीर सिंह से रिपोर्ट तलब की गई है।

# पेज एक का शेष

## नई ऊंचाइयां...

के सिलहट क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचाएगा। गंगा जल संधि पर 1996 में हस्ताक्षर किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच इस तरह का यह पहला समझौता है। हसीना ने तीस्ता जल बंटवारा समझौता होने में देरी को लेकर चिंता भी जताई जो 2011 से लंबित है। तब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसका विरोध किया था। मोदी ने यह भी कहा कि भारत और बांग्लादेश समग्र आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) पर भी जल्द बातचीत शुरू करेंगे। क्वात्रा ने कहा कि 2026 तक बांग्लादेश के अल्प विकसित देशों की श्रेणी से निकलने और विकासशील देशों में शामिल होने से पहले सीईपीए समझौता होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में चीन की बढ़ती मौजूदगी के संबंध में दोनों नेताओं ने बहुत व्यापक विचार-विमर्श किया। क्वात्रा ने कहा, इस संदर्भ में स्पष्ट आम समझ है कि दोनों देशों के संबंधों की रणनीतिक प्राथमिकताएं, भारत के हित और चिंताएं तथा बांग्लादेश के हित और प्राथमिकताएं हमारी साझेदारी के सहयोगात्मक ढांचे में निहित हैं। उन्होंने कहा, हमारी साझेदारी अपने खुद के गुणों पर टिकी है, अपनी प्राथमिकताओं पर ध्यान देती है और हमारी साझा चिंताओं को देखती है, फिर भले ही वे सुरक्षा संबंधी मुद्दों से जुड़ी हो। हसीना ने भारत से खराब होने वाली खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति पर आश्वासन की अपेक्षा की और मित्रता पाइपलाइन की समीक्षा की जो उत्तर बांग्लादेश को हाईस्पीड डीजल की आपूर्ति करेगा। इससे पहले राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में हसीना का पारंपरिक स्वागत किया गया। मेहमान प्रधानमंत्री ने राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। हसीना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात की।

## मुक्ति संग्राम...

गंभीर रूप से घायल हुए भारत के सैनिकों या रक्षा बलों के अधिकारियों के वंशजों को कल मैं मुजीब छात्रवृत्ति प्रदान करूंगी। बांग्लादेश की सरकार के मुताबिक, भारतीय थल सेना के करीब ।,984 कर्मियों की युद्ध में जान गई थी।

## केजरीवाल, मुलायम...

टीआरएस पूरी तरह से सहमत नहीं है। टीआरएस प्रमुख पिछले सप्ताह बिना भाजपा और कांग्रेस के मोर्चे के संबंध में पटना में बात की थी, जिसपर नीतीश ने जवाब दिया कि यह एक मुख्य मोर्चा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यालय में पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) महासचिव डी राजा से मुलाकात करने के बाद कुमार ने पत्रकारों से कहा कि यह समय वाम दलों, कांग्रेस और सभी क्षेत्रीय दलों को एकजुट कर एक मजबूत विपक्ष का गठन करने का है। वहीं, येचुरी ने कहा कि कुमार की विपक्षी खेमे में वापसी और भाजपा के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा बनने की उनकी इच्छा भारतीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव है। उन्होंने कहा कि हमारी पहली कोशिश विपक्षी दलों को एकजुट करने की है न कि प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार का चयन करने की। जब समय आएगा, हम प्रधानमंत्री पद का दावेदार चुनेंगे और आपको बताएंगे। राजा ने कहा कि उन्होंने कुमार के साथ देश के मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने नीतीश से मुलाकात के बाद एक ट्वीट में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के अधिनायकवादी कुशासन के खिलाफ एकता का भारतीय मॉडल आकार ले रहा है। केजरीवाल और नीतीश के बीच मुलाकात के दौरान दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और जनता दल (यूनाइटेड) के नेता संजय झा भी मौजूद थे। इस मुलाकात के बाद केजरीवाल ने एक ट्वीट में कहा कि मेरे घर पधारने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बहुत-बहुत शुक्रिया। दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच करीब 90 मिनट तक बातचीत हुई।

## असम के...

ऑल आदिवासी नेशनल लिबरेशन आर्मी , आदिवासी कोबरा मिलिटेंट ऑफ असम , बिरसा कमांडो फोर्स , संथाल टाइगर फोर्स और आदिवासी पीपुल्स आर्मी। अधिकारी ने बताया, अभियान (ऑरेशन) के निलंबन की घोषणा करने के बाद उक्त समूह वर्षों से संघर्षविराम में हैं। इनके कैडर (सदस्य) पुलिस सुरक्षा में तय शिविरों में रहते हैं। केन्द्र सरकार ने जनवरी 2020 को नेशनल डमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) के साथ बोडो शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। आधार कार्ड और राशन कार्ड को जोड़े जाने पर लाभार्थियों की संख्या में अंतर सामने आने के संबंध में शर्मा ने कहा, (आधार और राशन कार्ड को) जोड़ने के अभियान के बाद, हमें पता चला है कि करीब 50 लाख लाभार्थी (सेवा लेने के लिए) नहीं आए हैं। कुछ लोगों की संभवत: मृत्यु हो गई होगी जबकि कुछ लोग विवाह और अन्य कारणों से दूसरी जगह चले गए होंगे। दुर्भाग्य की बात यह है कि कुछ फर्जी नाम भी मिले हैं।

## भारत बायोटेक...

एंटीबॉडी पैदा करता है, जिससे कोविड-19 के संक्रमित करने और प्रसार करने की संभावित क्षमता कम करने में मदद मिलती है। इस दिशा में और अध्ययन की योजना बनाई गई है। गौरतलब है कि बीबीवी154 की प्राथमिक खुराक (शुरुआती दो खुराक) के तौर पर प्रभाव और कोविड-19 के अन्य टीके (कोविशील्ड या कोवैक्सीन) की दो शुरुआती खुराक लेने वालों को तीसरी खुराक के तौर पर बीबीवी154 देने पर होने वाले असर का आकलन करने के लिए दो अलग-अलग और साथ-साथ क्लीनिकल परीक्षण किए गए। डीसीजीआई ने अलग से कंपनी को कोवैक्सीन के साथ बीबीवी154 (इंट्रानेजल)की प्रतिरोधक क्षमता और सुरक्षा की तुलना करने के लिए तीसरे चरण का क्लीनिकल परीक्षण करने की भी अनुमति दी थी। यह परीक्षण नौ स्थानों पर करने की अनुमति दी गई थी।

## साइरस मिस्त्री...

और मंगलवार सुबह से वर्ली शवदाह गृह में रखा गया था ताकि मित्र और रिश्तेदार उनको श्रद्धांजलि दे सकें। दोपहर से ठीक पहले एक इलेक्ट्रिक शवदाह गृह में मिस्त्री का अंतिम संस्कार किया गया। इसमें शामिल होने वालों के अनुसार अंतिम संस्कार से पहले एक पूर्व निर्धारित समय पर परिवार के पुजारी ने पारसी परंपरा के अनुसार पूजा की। महाराष्ट्र के पालघर जिले में रविवार दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में मिस्त्री और उनके दोस्त जहांगीर पंडोले की मौत हो गई थी। वे दोनों दक्षिण गुजरात स्थित उदवाडा से लौट रहे थे, जो पारसी धर्म के लोगों के लिए सबसे पवित्र स्थल है। उल्लेखनीय है कि गिद्धों की घटती आबादी के चलते पारसी समुदाय को शवों के अंतिम संस्कार के तरीकों में भी बदलाव करना पड़ा है। पारसी समुदाय के लोगों के शवों को टावर ऑफ साइलेंस पर छोड़ने की परंपरा रही है, जहां गिद्ध इन शवों को खा जाते हैं। इसे शव को आकाश में दफनाना भी कहा जाता है। लेकिन साल 2015 से पारसी समुदाय के बीच अंतिम संस्कार के तरीके में बदलाव आया है और मुंबई में इलेक्ट्रिक शवदाह गृह के जरिए अंतिम संस्कार के कई मामले सामने आए हैं।

# स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे एंटी रैबीज़ एवं एंटी वेनमः ब्रजेश पाठक

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के समस्त चिकित्सालयों में दवाओं की कोई कमी नहीं हैं और वह रोगियों को प्रत्येक दशा में चिकित्सालयों से ही उपलब्ध कराई जानी चाहिए तथा एंटी रैबीज़ एवं एंटी वेनम इंजेक्शन प्रभावति व्यक्तियों के लिए प्रत्येक दिन उपलब्ध रहेंगे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी ब्रजेश पाठक निर्धारित समय से लगभग डेढ़ घण्टा विलंभ से निरीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। यहां जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, सीएमओ डॉ0 तिवारी, एसडीएम डीपी सिंह तथा सीएचसी अधीक्षक डॉ0 शरद वैश्य ने उनका स्वागत किया। उन्होंनें गार्ड ऑफऑनर का निरीक्षण कर सलामी ली। इसके बाद उन्होंनें सीएचसी के विभिन्न वॉर्डों यथा एमरजेंसी ऑपरेशन कक्ष, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, कार्यालय कक्ष आदि का निरीक्षण करने के बाद उन्होंनें भर्ती मरीजों से भी बात की तथा वहां मौजूद तीमारदारों और रोगियों से मिलने वाली सुविधाओं के विषय में पूछा। उनका मुख्य जोर इस बात पर था कि रोगियों को दवाएं स्वास्थ्य केन्द्र से ही मिलती हैं, बाहर से तो नहीं लिखीं जातीं। बाद में उन्होंनें सीएचसी प्रभारी डॉ0 शरद वैश्य से पूछा कि एंटी रैबीज़ और एंटी वेनम इंजेक्शन उपलब्ध हैं अथवा नहीं। उन्होंनें उनका स्टॉक भी देखा। उन्होंनें सीएचसी प्रभारी डॉ0 वैश्य को निर्देशित किया कि सप्ताह में प्रतिदिन एंटी रैबीज़ इंजेक्शन लगाने की व्यवस्था रहेगी। किसी भी व्यक्ति को वापस नहीं लौटाया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 7 सितंबर, 2022



# राजा सिंह की पत्नी ने हाईकोर्ट में पति की गिरफ्तारी को दी चुनौती

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना उच्च** न्यायालय में एक याचिका दायर कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राजा सिंह के खिलाफ जारी हिरासत आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। राजा सिंह को पिछले महीने पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। राजा सिंह को हैदराबाद पुलिस ने एहतियाती हिरासत अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। उनकी यह गिरफ्तारी इस्लाम और पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ कथित टिप्पणी के मामले में मिली जमानत के कुछ दिनों के बाद की गई। उनकी कथित टिप्पणी की वजह से पूरे शहर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। मंगलहाट पुलिस थाने में उनके खिलाफ उद्दंड आचरण पत्र का संदर्भ



देते हुए पुलिस ने बयान में कहा कि वह आदतन भड़काऊ और उकसाने वाले भाषण देते हैं और दो समुदायों के बीच खाई पैदा करते रहे हैं जिससे कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है।

विधायक की पत्नी उषा बाई ने अपनी अर्जी में कहा, मौजूदा हिरासत आदेश केवल कुछ लोगों को संतुष्ट करने के लिए जारी किया जो पूरी जनता नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह केवल उनकी तृष्टिकरण के लिए किया गया न कि किसी अन्य कारण से। यह राज्य पुलिस प्राधिकार के कानून व्यवस्था को कायम रखने में नाकामी का भी सबूत है। उन्होंने कहा कि गोशामहल से मौजूदा विधायक राजा सिंह ने किसी समुदाय या पैगंबर मुहम्मद का उल्लेख नहीं किया और पुलिस अनुमान और भाव के आधार पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकती। गौरतलब है कि एक वीडियो में राजा सिंह द्वारा कथित तौर पर पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ टिप्पणी की गई थी जिसे बाद में उस सोशल मीडिया मंच से वापस ले लिया गया जहां उसे जारी किया गया था। बाद में स्थानीय अदालत ने राजा सिंह को जमानत दे दी थी। राजा सिंह को फिर से 25 अगस्त को एहतियाती हिरासत अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया।

## छत्तीसगढ़ में एक महिला समेत तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में मंगलवार को एक महिला नक्सली समेत तीन नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में चल रहे पूना नर्काम नई सुबह, नई शुरुआत अभियान से प्रभावित होकर तीन नक्सलियों मड़कम हिड़मे, पुनेम जोगा और कारम सुक्कु ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बताया कि नक्सली हिड़मे जनताना सरकार की उपाध्यक्ष है तथा जोगा डाक्टर कमेटी का सदस्य है, वहीं नक्सली कारम भी जनताना सरकार का उपाध्यक्ष है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला तथा अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

## आरसीपी ने नीतीश कुमार पर साधा निशाना, जदयू ने किया पलटवार

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री आर सी पी सिंह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जिस कांग्रेस के विरूद्ध जयप्रकाश नारायण ने जी जान से लड़ाई लड़ी, उसी कांग्रेस के साथ हाथ मिलाकर नीतीश कुमार अपनी समाजवादी जड़ों के साथ विश्वासघात कर रहे हैं।

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) से राज्यसभा का दूसरा कार्यकाल नहीं मिलने पर केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के लिए बाध्य हुए सिंह ने यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में यह भी आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री को दरबारी संस्कृति पसंद है, इसलिए उनके जनसंवाद को जनता दरबार नाम दिया गया है। उन्होंने इस साप्ताहिक जनसंवाद कार्यक्रम पर एक श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए कहा कि इस पर खूब धन खर्च किया गया, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं हुआ। जद(यू) के वरिष्ठ नेता और बिहार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान का जिक्र करते हुए सिंह पर पलटवार किया। चौधरी ने कहा, उन्हें (सिंह को) याद करना चाहिए कि नीतीश कुमार को जेपी, लोहिया और जॉर्ज फर्नांडीस के बाद एकमात्र सच्चा समाजवादी बताकर उनकी तारीफ किसी और ने नहीं, बल्कि उन्होंने की जिनके चरणों में वह (सिंह) लेटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने वंशवादी राजनीति से विमुख रहने के लिए कुमार की तारीफ की थी। चौधरी ने नौकरशाह से नेता बने सिंह को यह भी याद दिलाया, जेपी कभी आरएसएस के लोगों के उनके आंदोलन से जुड़ने के पक्ष में नहीं थे। दोहरी सदस्यता के मुद्दे पर ही जनता पार्टी सरकार गिरी थी। स्पष्ट तौर पर आरसीपी को समाजवादी आंदोलन के इतिहास का कम ज्ञान है। सिंह के दरबारी संस्कृति संबंधी बयान का भी चौधरी ने उपहास उड़ाया। सिंह, नीतीश कुमार के निजी सचिव एवं प्रधान सचिव रहे और बाद में इस्तीफा देकर वह 2010 में जद(यू) में शामिल हो गए थे। चौधरी ने कहा, यह वह (आरसीपी) ही थे, जिन्हें दरबार लगाना पसंद था।

## क्विक न्यूज

### सिलीगुड़ी में 2.42 करोड़ रुपए के सोने के साथ दो गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 2.42 करोड़ रुपए के सोने के बिस्कुट बरामद किए गए है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए राजस्व आसूचना निदेशालय के अधिकारियों ने सिलीगुड़ी जंक्शन क्षेत्र से सोमवार को दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों के पास से 4.81 किलोग्राम वजनी सोने के 29 बिस्कुट बरामद किए गए जो उन्होंने अपने जूतों में छिपाए थे। आरोपियों को एक अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### गोवा में 15 लाख रुपए के मादक पदार्थ रखने के आरोप में ब्रिटिश नागरिक गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा पुलिस ने 76 वर्षीय एक ब्रिटिश नागरिक को 15.48 लाख रुपए के प्रतिबंधित मादक पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेरनेम पुलिस ने सोमवार को नार्थ गोवा जिले के आरम्बोल बीच गांव के मधलवाड़ा में सोमवार को छापा मारा और स्टीफन स्लॉटविनर को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के पास से 12.2 ग्राम गांजा, एक्स्टेसी की 40 टेबलेट और अन्य मादक पदार्थ बरामद किए। पुलिस ने कहा कि आरोप पर मादक पदार्थ रोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सोनाली फोगाट मामले में दो आरोपियों की पुलिस हिरासत बढ़ी

**पणजी।** गोवा की एक अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सोनाली फोगाट की कथित हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार दो आरोपियों की पुलिस हिरासत दो दिन बढ़ा दी। मापुसा में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने फोगाट के सहयोगी रहे सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह की पुलिस हिरासत दो दिन बढ़ा दी। दोनों को अगस्त के अंतिम सप्ताह में गिरफ्तार किया गया था और 10 दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। उनकी हिरासत मंगलवार को समाप्त हो गई, जिसके बाद उन्हे एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। फोगाट (43) को 23 अगस्त को उत्तर गोवा के एक अस्पताल में मृत लाया गया था। वह एक दिन पहले ही यहां पहुंची थी। गोवा पुलिस ने पहले सांगवान और सिंह को गिरफ्तार किया था जो फोगाट के साथ ही गोवा दौरे पर आए थे। बाद में उत्तर गोवा स्थित कर्लीज रेस्तरां के मालिक एडविन न्यून्स को गिरफ्तार किया गया जहां भाजपा नेता और उनके सहयोगियों ने 22 और 23 अगस्त की दरमियानी रात को पार्टी की थी। मामले में कथित रूप से मादक पदार्थों की आपूर्ति के लिए दत्ताप्रसाद गांवकर और रमाकांत मांडरेकर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने पहले बताया था कि फोगाट को मेथामफेटामाइन नामक मादक द्रव्य दिया गया था और रेस्तरां के वाशरूम से कुछ बचा हुआ मादक पदार्थ मिला था।

### कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में सीबीआई ने की तृणमूल विधायक से पूछताछ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हत्या के मामले में तृणमूल कांग्रेस के विधायक परेश पाल मंगलवार को सीबीआई के सामने पेश हुए। पाल बेलीघाटा से विधायक हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले में उनसे मई में भी पूछताछ की थी। एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा, सरकार की हत्या के सिलसिले में पाल के लिए हमारे पास कुछ सवाल हैं। इस हत्याकांड के संबंध में कुछ और लोगों से पूछताछ के बाद यह सवाल बनाए गए हैं। कोलकाता के पास साल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित एजेंसी के कार्यालय पर पाल से पूछताछ की जा रही है। पिछले साल दो मई को विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के कुछ घंटों बाद सरकार को नारकेलडांगा स्थित उनके घर से बाहर घसीटकर उनकी हत्या कर दी गई थी। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर इस हत्या का आरोप लगाया गया है।

### उच्चतम न्यायालय ईडब्ल्यूएस के लिए दस प्रतिशत आरक्षण संबंधी मामले पर 13 से करेगा सुनवाई

नई दिल्ली, छह सितंबर (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लोगों को दाखिले तथा नौकरी में दस प्रतिशत आरक्षण देने के केन्द्र सरकार के फैसले की संवैधानिक वैधता के संबंध में दाखिल याचिकाओं पर वह 13 सितंबर से सुनवाई शुरू करेगा। प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने यह बात तब कही जब पीठ को बताया गया कि पक्षकारों के वकीलों को जिरह में करीब 18 घंटे का वक्त लगेगा। पीठ ने सभी वकीलों को आश्वस्त किया कि उन्हे जिरह आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त अवसर दिए जाएंगे। साथ ही पीठ ने कहा कि वह 40 याचिकाओं पर निर्बाध सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने के वास्ते बृहस्पतिवार को फिर बैठेगी। इस संविधान पीठ में न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी, न्यायमूर्ति एस रवीन्द्र भट्ट, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला भी शामिल हैं।

### जादू टोना करने के संदेह में तीन महिलाओं की हत्या, आठ गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के रांची जिले में तीन महिलाओं की जादू टोना करने के संदेह में पीट-पीट कर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर ने बताया कि सोनाहपुट पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले रनडीह गांव में हुई हत्या के मामले में एक महिला के पति और बेटे सहित 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है,वही शेष लोगों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने तीन महिलों के साथ डंडे से मारपीट की। उन्हें शक था कि ए महिलाएं जादू टोना करती थी। आरोप है कि इन लोगों ने महिलाओं की मौत हो जाने के बाद उनके शव गांव के निकट पहाड़ी इलाके में फेंक दिए। रविवार को दो शव बरामद कर लिए गए थे वही तीसरा शव सोमवार को बरामद किया गया।

### मध्यप्रदेश में कागजों पर बंट गया 111 करोड़ रुपए का राशन, मुख्यमंत्री इस्तीफा दें : कांग्रेस

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के महालेखाकार (एजी) की कथित गोपनीय रिपोर्ट के हवाले से मंगलवार को कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार ने करीब 111 करोड़ रुपए का राशन कागजों पर बांट दिया और इसके साथ ही पार्टी ने मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से इस्तीफे की मांग की है। कांग्रेस की ओर से इंदौर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मंत्री एवं विधायक जीतू पटवारी ने कहा, एजी की मीडिया में सामने आई गोपनीय रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में करीब 111 करोड़ रुपए का राशन कागजों पर बांट दिया गया। इस घोटाले के तहत राशन वितरण में तब भी फर्जीवाड़ा किया गया, जब प्रदेश में कोविड-19 का भीषण प्रकोप था। उन्होंने कथित घोटाले पर राज्य सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि सरकारी राशन के स्टॉक में गड़बड़ी की गई और कुपोषित बच्चों तक पहुंचने वाले पोषाहार की गुणवत्ता भी नही जांची गई।

## भाजपा को जानो पहल के तहत नड्डा आज 12 देशों के राजनयिकों से करेंगे संवाद

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा बुधवार को भाजपा को जानो पहल के तहत 12 देशों के राजनयिकों से संवाद करेंगे। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। नड्डा इस पहल के तहत अभी तक हुए चार कार्यक्रमों में 47 विदेशी राजनयिकों से संवाद कर चुके हैं। पार्टी मुख्यालय में बुधवार शाम को होने वाले संवाद के दौरान भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। इस दौरान नड्डा विदेशी राजनयिकों को अपनी पार्टी के इतिहास, उसकी विचारधारा और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान से अवगत कराएंगे। वह राजनयिकों के सवालों का जवाब भी देंगे।इससे पहले, जुलाई महीने में नड्डा ने तीन दिवसीय भारत दौरे पर दिल्ली आए नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से मुलाकात की थी।

# प्रधान न्यायाधीश ने एनएएलएसए के नागरिक सेवा केंद्र का किया उद्घाटन

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) यू.यू. ललित ने मंगलवार को यहां जैसलमेर हाउस में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के नागरिक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। सीजेआई उदय उमेश ललित एनएएलएसए के प्रमुख संरक्षक हैं। इस अवसर पर न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एस के कौल तथा उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायाधीश भी मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ एनएएलएसए के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। सीजेआई ने निशुल्क कानूनी सहायता लाभार्थियों की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में कदम आगे बढ़ाने के लिए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों को बधाई दी। ललित ने कहा कि देश में प्रभावी कानूनी सहायता के वितरण में नागरिक सेवाओं के लिए एक समर्पित केंद्र की स्थापना करना एनएएलएसए के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आम आदमी को बिना किसी परेशानी के प्रभावी कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए नागरिक सेवा केंद्र एक उत्कृष्ट माध्यम साबित होगा। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि केंद्र एनएएलएसए की पहुंच को लोगों तक सुगम बनाएगा क्योंकि यह सभी तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित, आसानी से सुलभ स्थान है।



एनएएलएसए के नागरिक सेवा केंद्र के उद्घाटन अवसर पर मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित व अन्य न्यायाधीश

एनएएलएसए का दफ्तर पहले जामनगर हाउस में था जिसे नौ नवंबर 2021 को उच्चतम न्यायालय के एडिशनल बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स में स्थानांतरित कर दिया गया था। एनएएलएसए का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया था, जिसका मकसद समाज के कमजोर वर्ग को निशुल्क कानूनी सुविधाएं मुहैया कराना तथा लोक अदालतें आयोजित करना है।

## पंजाब महिला कांग्रेस की प्रमुख बलवीर रानी सोढ़ी ने पद से इस्तीफा दिया

**फगवाड़ा।** पंजाब महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष बलवीर रानी सोढ़ी ने पारिवारिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोमवार को अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजा। सोढ़ी ने पत्र में लिखा, कृपया मुझे पद से मुक्त करें क्योंकि मैं अपनी पारिवारिक परिस्थितियों की मजबूरी के कारण पद पर बने रहने में असमर्थ हूं। हालांकि, सोढ़ी ने आश्वासन दिया कि वह पार्टी के प्रति वफादार रहेंगी। पत्र की प्रतियां पार्टी के नेता राहुल गांधी और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष नेटा डिसूजा को भी भेजी गई हैं। सोढ़ी ने 7 सितंबर को देश भर में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा शुरू होने से पहले इस्तीफा दिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग के साथ उनका कोई मतभेद था, तो सोढ़ी ने इससे इनकार कर दिया।

# आधार और राशन कार्ड जोड़ने पर 50 लाख लाभार्थियों का अंतर सामने आया: हिमंत

**भाषा।** कोकराझार (असम)

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य में आधार कार्ड को राशन कार्ड से जोड़ने के दौरान सरकार को 50 लाख लाभार्थियों का अंतर मिला है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार इसी महीने असम के आदिवासी उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है।

शर्मा ने बताया, (आधार और राशन कार्ड को) जोड़ने के अभियान के बाद, हमें पता चला है कि करीब 50 लाख लाभार्थी (सेवा लेने के लिए) नहीं आए हैं। कुछ लोगों की संभवत: मृत्यु हो गई होगी जबकि कुछ लोग विवाह और अन्य कारणों से दूसरी जगह चले गए होंगे। दुर्भाग्य की बात यह है कि कुछ फर्जी नाम भी मिले हैं। कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इन लापता लाभार्थियों के कारण सरकार के पास काफी धन की बचत होगी जिसका उपयोग वह सही लोगों को सूची में जोड़ने के लिए करेगी। उन्होंने बताया, हम राष्ट्र खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत नए 50 लाख लोगों को शामिल करेंगे। आज कैबिनेट की बैठक में इन



बिन्दुओं पर चर्चा हुई। शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि अरुनोदोई योजना के तहत करीब 62,000 लोग अपात्र पाए गए जबकि 2,000 लोगों ने स्वेच्छा से इस योजना के तहत लाभ लेने से मना कर दिया। राज्य सरकार इस योजना के तहत करीब 20 लाख लाभार्थी परिवारों को मासिक ।,250 रुपए की राशि देती है। उन्होंने कहा, अरुनोदोई माह 20 सितंबर को समाप्त हो रहा है। हमें वास्तविक संख्या का ज्ञान तभी होगा। मैं आशा करता हूं कि जिन्हें बाहर किया गया है, उनके स्थान पर एक लाख नए लाभार्थी जोड़े जाएंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार सितंबर में असम के आदिवासी उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है।

# न्यायालय शिंदे धड़े की याचिका संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे धड़े के उस दावे पर गौर किया जिसमें आरोप लगाया गया है कि उद्धव ठाकरे का खेमा निर्वाचन आयोग के समक्ष कार्यवाही को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि वह शिंदे खेमे की याचिका को संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

शिवसेना और उसके चुनाव चिह्न पर शिंदे खेमे का दावा निर्वाचन आयोग के समक्ष लंबित है। शिंदे खेमे ने अपने आवेदन में मांग की है कि उसे असली शिवसेना घोषित किया जाए और पार्टी का चुनाव चिन्ह (तीर-धनुष) उसे आवंटित किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने शिवसेना और शिंदे की ओर से दाखिल विभिन्न याचिकाओं को पिछले दिनों पांच सदस्ईय संविधान पीठ के पास भेज दिया था, जिनमें दलबदल, विलय और अयोग्यता से जुड़े कई संवैधानिक सवाल उठाए गए हैं। इसके साथ ही सर्वोच्च अदालत ने निर्वाचन



आयोग को निर्देश दिया था कि वह शिंदे गुट की उस याचिका पर कोई आदेश पारित न करे, जिसमें उसे असली शिवसेना मानने और पार्टी का चुनाव चिन्ह आवंटित करने की मांग की गई है। शिंदे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एन के कौल ने प्रधान न्यायाधीश न्यायूमर्ति उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली पीठ से कहा, हमारे अनुसार, कोई अंतरिम आदेश नहीं है। अदालत ने दूसरे पक्ष (उद्धव समूह) को समय दिया था। अब, दूसरा पक्ष निर्वाचन आयोग के समक्ष कार्यवाही को बाधित कर रहा है। राज्य में अक्टूबर महीने में कुछ चुनाव होने हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा,"मैं उस पर गौर करूंगा और मैं अभी कुछ भी नहीं कह सकता, लेकिन निश्चित तौर पर, कल तक कुछ होगा। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. वी. रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने 23 अगस्त को शिव सेना के दोनों धड़ों की विभिन्न याचिकाओं को पांच सदस्ईय संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। पीठ ने कहा था कि ये याचिकाएं संविधान की 10वीं अनुसूची से जुड़े कई अहम संवैधानिक मुद्दों को उठाती हैं, जिनमें अयोग्यता, अध्यक्ष एवं राज्यपाल की शक्तियां और न्यायिक समीक्षा शामिल है। पीठ ने कहा कि 10वीं अनुसूची से संबंधित नबाम रेबिया मामले में संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून का प्रस्ताव एक विरोधाभासी तर्क पर आधारित है, जिसके तहत संवैधानिक नैतिकता को बनाए रखने के लिए रिक्तता को भरने की आवश्यकता है। पीठ महाराष्ट्र में हाल के राजनीतिक संकट से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई कर रही थी, जिसके कारण राज्य में शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गई थी।

# बारामती लोकसभा सीट भाजपा के मिशन महाराष्ट्र के तहतः देवेंद्र

**भाषा।** नागपुर

**महाराष्ट्र के** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का गढ़ बारामती निर्वाचन क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मिशन महाराष्ट्रै के तहत आता है। फडणवीस ने यह भी कहा कि बृन्हमुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) का चुनाव एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और भाजपा मिलकर लड़ेगी। नागपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में फडणवीस ने कहा, "भाजपा ने मिशन इंडिया और मिशन महाराष्ट्र (बनाया)है। चूंकि, बारामती महाराष्ट्र में है, यह स्पष्ट रूप से मिशन महाराष्ट्र के तहत आता है। फडणवीस भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के बारामती दौरे को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। बावनकुले ने कहा है कि भाजपा और शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का गठबंधन बारामती सीट



2024 के लोकसभा चुनाव में जीतेगा, जहां से फिलहाल राकांपा की सुप्रिया सुले सांसद हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि गठबंधन राज्य की 48 में से 45 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगा।गृह विभाग का जिम्मा संभालने वाले फडणवीस ने कहा कि मुंबई में राज्य सचिवालय में समाज सुधारकों महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले की तस्वीरों को अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि वे लोगों के दिलों में रहते हैं। उन्होंने कहा, सरकारी कार्यालय नियमों से चलते हैं, इसलिए ऐसे आदेश कई बार जारी किए जाते हैं।

# लखीमपुर हिंसा : आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर उप्र सरकार को नोटिस जारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने लखीमपुर खीरी हिंसा से जुड़े एक मामले में आशीष मिश्रा द्वारा दायर जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा। आशीष मिश्रा केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा का पुत्र है और लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में मुख्य आरोपी है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों के प्रदर्शन के दौरान तीन अक्टूबर, 2021 को हुई इस हिंसा में आठ लोगों की मौत हुई थी। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ ने आशीष मिश्रा की जमानत याचिका 26 जुलाई को खारिज कर दी थी। उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली उसकी अर्जी न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति एम. एम. सुन्देरश की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। पीठ ने कहा, हम नोटिस जारी कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई की तारीख 26 सितंबर तय की। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के अनुसार, घटना में चार किसानों की एक एसयूवी से कुचले जाने से मौत हो गई थी। उस एसयूवी में आशीष मिश्रा सवार था। इस घटना के बाद गुस्साए किसानों ने वाहन चालक और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। उस हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हुई थी।

## पत्रकार कप्पन के पीएफआई के साथ गहरे संबंध :उप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि राज्य में हाथरस जाते समय अक्टूबर 2020 में गिरफ्तार किए गए केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन के पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के साथ गहरे संबंध है। साथ ही, वह सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने और आतंक फैलाने की व्यापक साजिश का हिस्सा है। कप्पन की जमानत याचिका का विरोध करते हुए उप्र सरकार ने न्यायालय से कहा कि जांच में आरोपी और पीएफआईसीएफआई (कैम्पस फ्रंट ऑफ इंडिया) के शीर्ष नेतृत्व, कमाल केपी तथा ओमा सलाम, के बीच स्पष्ट रूप से संबंध होने का खुलासा हुआ है। राज्य सरकार ने कहा कि इन दोनो व्यक्तियो के साथ याचिकाकर्ता की ऑनलाइन बातचीत पर गौर करने पर यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होता है कि यह पत्रकार के तौर पर कप्पन के कार्य का हिस्सा नहीं है, जैसा कि दावा किया गया है। राज्य सरकार द्वारा न्यायालय में दाखिल हलफनामे में कहा गया है, पीएफआई की साजिश और एजेंडा की जड़ें 2010 तक जाती है जब पीएफआई के कार्यकर्ताओ ने न्यूमैन कॉलेज के ईसाई व्याख्याता टी जे थॉमस के हाथ निर्ममता से काट दिए थे।



कर्नाटक में वर्षा का कहर : बंगलुरू शहर में में चारो ओर पानी ही पानी हो गया

# महारानी ने लिज ट्रस को ब्रिटेन का नया प्रधानमंत्री किया नियुक्त

भाषा। लंदन

**महारानी** एलिजाबेथ द्वितीय ने कंजरवेटिव पार्टी की नेता लिज ट्रस को मंगलवार को औपचारिक रूप से ब्रिटेन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया। ट्रस देश की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। वह 96 वर्षीय महारानी से मिलने के लिए स्कॉटलैंड के एबर्डीनशायर में उनके बाल्मोरल कैसल स्थित आवास पहुंचीं। महारानी ने औपचारिक रूप से ट्रस से नई सरकार बनाने को कहा। इससे पहले निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने महारानी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। महारानी अपनी वार्षिक छुट्टियों के लिए एबर्डीनशायर स्थित आवास पर हैं। इसके बाद 47 वर्षीय ट्रस लंदन स्थित 10 डाउनिंग स्ट्रीट पहुंचकर प्रधानमंत्री के रूप में अपना पहला भाषण देंगी और इसके बाद कुछ प्रमुख कैबिनेट मंत्रियों के नाम की घोषणा करेंगी।

ट्रस ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में सोमवार को पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक को हरा दिया था। माना जा रहा है कि ट्रस के शीर्ष दल में अटॉर्नी जनरल सुएला ब्रेवरमैन एकमात्र भारतीय मूल की सांसद हो सकती हैं। गोवा मूल की ब्रेवरमैन को पूर्व गृह मंत्री प्रीति पटेल की जगह दी जा सकती है, जिन्होंने सोमवार को इस्तीफा दे दिया था। बोरिस जॉनसन के मंत्रिमंडल में उनकी करीबी सहयोगी के तौर पर प्रमुख भूमिका में रहने वाली भारतवंशी पटेल ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, मैं पीछे रहकर उन अनेक नीतियों और मुद्दों को उठाऊंगी, जिनके लिए मैं सरकार के अंदर और बाहर दोनों जगह खड़ी रही हूं। सुनक ने कंजरवेटिव पार्टी के नेता की दौड़ में हार के बाद कहा कि उन्हें अपने प्रचार अभियान पर गर्व है। उन्होंने संकेत दिया कि उनकी ट्रस सरकार में काम करने की योजना नहीं है।

नए मंत्रिमंडल में कारोबार मामलों के मंत्री क्वासी क्वारतेंग का नाम वित्त मंत्री के लिए चल रहा है, वहीं शिक्षा मंत्री जेम्स क्लीवरली को विदेश मंत्री की जिम्मेदारी दी जा सकती है, जिसे अब तक ट्रस खुद संभाल रही थीं। इनके अलावा ब्रिटिश पाकिस्तानी साजिद जाविद के साथ ही नदीम जहावी को भी बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। माना जा रहा है कि रक्षा मंत्री बेन वालेस, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री एनी-मैरी ट्रेवेल्यान और संस्कृति मंत्री एन डोरजी अपने पदों पर बने रह सकते हैं। ट्रस की करीबी दोस्त थेरेसी कॉफी स्वास्थ्य मंत्री के रूप में स्टीव बर्कले की जगह ले सकती हैं। ब्रिटेन के मीडिया की कुछ खबरों के मुताबिक मंत्रिमंडल में बदलाव के साथ ही डाउनिंग स्ट्रीट में भी बड़ा परिवर्तन हो सकता है तथा जॉनसन के कार्यकाल में रहे कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है या दूसरी जगहों पर भेजा जा सकता है।



## प्रीति पटेल ने ब्रिटेन की गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दिया

**लंदन।** ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने सोमवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। गुजराती मूल की पटेल ने देश के निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को लिखे त्याग पत्र में कहा कि वह प्रधानमंत्री पद के लिए निर्वाचित हुईं लिज ट्रस का संसद में समर्थन करेंगी। जॉनसन की निकट सहयोगी एवं भारतीय मूल की वरिष्ठ मंत्री पटेल के ट्रस के करीबी सहयोगियों में शामिल नहीं किए जाने की व्यापक संभावना जताई जा रही थी। पटेल (50) ने जॉनसन को लिखे पत्र में पद की जिम्मेदारी संभालते हुए अपनी कई उपलब्धियों को रेखांकित किया। अवैध आव्रजन की समस्या से निपटने के लिए भारत एवं अन्य देशों के साथ आव्रजन और गतिशीलता भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने का जिक्र किया। उन्होंने अपने त्याग पत्र में लिखा, मैं लिज ट्रस को पार्टी का नया नेता चुने जाने पर बधाई देती हूं और उन्हें हमारे नए प्रधानमंत्री के रूप में अपना समर्थन दूंगी। गृह मंत्रालय का प्रभार भारतीय मूल की एक अन्य मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को सौंपे जाने की संभावना है।

## प्रिंस हैरी के साथ ब्रिटेन लौटी मेघन ने युवा शिखर सम्मेलन को संबोधित किया

**लंदन।** ब्रिटिश शाही परिवार की जिम्मेदारियों को छोड़ने के करीब दो साल बाद डचेज़ ऑफ ससेक्स मेघन ने ब्रिटेन में पहली बार भाषण दिया। उन्होंने सोमवार को वन यंग वर्ल्ड समिट को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2014 के दौरान इसी सम्मेलन में हिस्सा लेते समय अपने मन में आई आशंकाओं के बारे में बात की। डचेज़ ऑफ ससेक्स पहले मेघन मर्केल के नाम से जानी जाती थीं और प्रिंस हैरी से विवाह से पहले टेलीविजन धारावाहिक सूट्स में किए गए अभिनय के लिए चर्चित थीं। गौरतलब है कि मेघन और हैरी ने वर्ष 2020 में शाही परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के नाते निभाई जाने वाली जिम्मेदारियों का त्याग कर दिया था और अमेरिका चले गए थे। इसके बाद वे इस साल जून में पहली बार ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की ताजपोशी के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होने आए।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगोलिया के उच्च नेतृत्व से की मुलाकात

**उलानबटोर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगोलिया के राष्ट्रपति यू. खुरेलसुख सहित देश के उच्च नेतृत्व के साथ मंगलवार को मुलाकात की और दोनों देशों के बहुआयामी रणनीतिक संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। राजनाथ सोमवार से मंगोलिया तथा जापान की अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। इस यात्रा का मकसद क्षेत्रीय सुरक्षा के हालात और वैश्विक भू-राजनीति में उथलपुथल के बीच दोनों देशों के साथ भारत के रणनीतिक व रक्षा संबंधों का विस्तार करना है। सिंह पांच से सात सितंबर तक मंगोलिया की यात्रा पर रहेंगे। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री द्वारा इस पूर्वी एशियाई देश की पहली यात्रा होगी। सिंह ने ट्वीट किया, मंगोलिया के राष्ट्रपति एस. ई. यू. मंगोलियाई राष्ट्रपति यू. खुरेलसुख से उलानबटोर में मुलाकात बेहतरीन रही। 2018 में उनके साथ जब मुलाकात हुई थी, तब वह देश के प्रधानमंत्री थे। हम मंगोलिया के साथ अपनी बहुआयामी सामरिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।



रक्षा मंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, मंगोलिया के स्टेट ग्रेट खुराल (संसद) के अध्यक्ष जी. जानदनशतार के साथ बातचीत कर अच्छा लगा। बौद्ध धर्म की हमारी साझा विरासत को बढ़ावा देने और उसका विस्तार करने के लिए उनके निरंतर समर्थन की मैं सराहना करता हूं। इससे पहले सिंह ने मंगोलिया के रक्षा मंत्री सैखानबयार से भी मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद उन्होंने ट्वीट किया था, मंगोलिया के रक्षा मंत्री सैखानबयार के साथ आज रचनात्मक बातचीत की। हमने भारत-मंगोलिया रक्षा सहयोग को और गति देने पर गहन विचार-विमर्श किया। उलानबटोर में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, भारत के रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह की मंगोलिया की पहली यात्रा के दौरान उन्हें सलामी गारद दिया गया। रक्षा सहयोग को बढ़ाने और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए मंगोलिया के रक्षा मंत्री जनरल सैखानबयार के साथ उन्होंने व्यापक स्तर पर चर्चा की।

मंगोलिया से रक्षामंत्री दो दिवसीय यात्रा पर जापान जाएंगे। वह आठ और नौ सितंबर को जापान में होंगे। वह जापान के साथ टू प्लस टू प्रारूप में आठ सितंबर को होने वाली वार्ता में शामिल होंगे। जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा के वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत की यात्रा करने के करीब पांच महीने बाद यह वार्ता हो रही है। सिंह की मंगोलिया यात्रा की घोषणा करते हुए रविवार को रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि यात्रा दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। मंत्रालय ने बताया था कि राजनाथ सिंह मंगोलिया के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल सैखानबयार के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वह मंगोलियाई राष्ट्रपति यू. खुरेलसुख और स्टेट ग्रेट खुराल (संसद) के अध्यक्ष जी. जानदनशतार से भी मुलाकात करेंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों लोकतांत्रिक देशों के क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने को लेकर साझा हित हैं।

## क्विक न्यूज

### विश्व डेयरी सम्मेलन 12 सितंबर से ग्रेटर नोएडा में, प्रधानमंत्री कर सकते हैं उद्घाटन

**नोएडा।** दिल्ली के समीप उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा मे इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होने वाले विश्व डेयरी सम्मेलन-2022 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सम्मेलन 12 से 15 सितंबर तक चलेगा। इसको लेकर पुलिस, जिला प्रशासन व अन्य एजेंसियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इस सम्मेलन में 40 देश भाग लेंगे। देश 48 वर्ष बाद विश्व डेयरी सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इससे पहले आखिरी बार 1974 मे अंतरराष्ट्रीय डेयरी कांग्रेस की मेजबानी की थी। इसमें डेयरी उद्योग से जुड़ी नवीन तकनीक और प्रणाली को समझने का मौका मिलेगा। सम्मेलन मे वैज्ञानिक, तकनीकी, व्यावसायिक और विपणन सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें दुनियाभर के डेयरी विशेषज्ञ, नेता और संबंधित पक्ष डेयरी क्षेत्र के बारे मे विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके जरिए भारत विकसित देशों से सबक लेकर दूध उत्पादकता में सुधार करेगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। यह उपलब्धि लाखों छोटे और सीमांत डेयरी किसानों के माध्यम से हासिल की गई है। इनके लिए डेयरी एक आजीविका का महत्वपूर्ण स्रोत है। पिछले 50 साल मे भारतीय डेयरी क्षेत्र बड़े परिवर्तन आए है। विश्व डेयरी सम्मेलन में 40 देशों से करीब1,500 प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें डेयरी प्रसंस्करण कंपनियों के सीईओ, डेयरी किसान, डेयरी उद्योग के आपूर्तिकर्ता, शिक्षाविद, सरकारी प्रतिनिधि आदि शामिल है। इसमें उद्यमी या कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर सकेंगी।

### भारत और अन्य देशों के बीच सेतु बनें सीए: गोयल

**सेन फ्रांसिस्को।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट से कहा कि वे ब्रांड इंडिया के प्रतिनिधि के तौर पर काम करें और निवेशों को भारत की ओर आकर्षित करने में मदद करें। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अगले 30 वर्ष में 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी भारत की अर्थव्यवस्था 3300 अरब डॉलर की है। विदेशों में रह रहे भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट से गोयल ने कहा कि वे भारत मे आने वाले निवेश को बढ़ाने मे मदद देकर देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे सकते है। आप अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को भारत में अपार निवेश अवसरों की जानकारी दे सकते हैं। आप भारत और अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के अन्य हिस्सों के बीच सेतु बन सकते हैं। गोयल ने कहा, आप ब्रांड इंडिया के ब्रांड एम्बसेडर बन सकते है। उद्योग मंत्री ने सीए से कहा कि वे भारत मे निर्मित उत्पादों का उपयोग करें, इस तरह उत्पादों की विविधता और उस विरासत मूल्य का भी प्रदर्शन करें जिसकी कि भारत पेशकश करता है। उन्होंने आईसीएआई के सदस्यों से कहा कि वे हर अवसर और त्योहार पर भेंट देने के लिए भारत निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दें।

### 7,183 करोड़ के राजस्व घाटा अनुदान की छठी किस्त जारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष के लिए 14 राज्यों को 7,183 करोड़ रुपए के राजस्व घाटा अनुदान की छठी किस्त मंगलवार को जारी कर दी। यह किस्त वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप जारी की गई है। अनुदान राशि प्राप्त करने वाले प्रमुख राज्यों में आंध्र प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल शामिल है। व्यय विभाग ने मंगलवार को 14 राज्यों को 7,183.42 करोड़ रुपए के केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के बाद राजस्व घाटा (पीडीआरडी) अनुदान की छठी मासिक किस्त जारी की है। 15वें वित्त आयोग ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 14 राज्यों को कुल पीडीआरडी अनुदान के तौर पर 86,201 करोड़ रुपए देने की सिफारिश की है। समूची राशि 14 राज्यों को 12 समान मासिक किस्तों में जारी की जानी है। सितंबर की छठी किस्त जारी होने के साथ ही वित्त 2022-23 में राज्यों को जारी राजस्व घाटा अनुदान की कुल राशि बढ़कर 43,100.50 करोड़ रुपए हो गई है। इस अनुदान को प्राप्त करने के लिए राज्यों की पात्रता और 2020-21 से 2025-26 की अवधि के लिए अनुदान की मात्रा का निर्णय 15वें वित्त आयोग द्वारा किया गया था।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mohd. Naseem S/o. Abdul Rasheed, Resident of D-98/1, Shaheen Bagh, Abul Fazal Enclave-II, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that my name by mistake mentioned in my daughter's school records as Naseem Khan instead of Mohd. Naseem and my daughter's correct name is Insha Khan instead of Insha.

PD(90158)A

# कारोबार के अंतिम घंटे में बिकवाली से सेंसेक्स 49 अंक टूटा, निफ्टी में भी गिरावट

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को मामूली गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 49 अंक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच कारोबार के अंतिम घंटे में दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, आईटी और बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 320 अंक तक चढ़ गया था। अंत में यह शुरुआती लाभ गंवाते हुए 48.99 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,196.99 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 10.20 अंक यानी 0.06 प्रतिशत फिसलकर 17,655.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व सबसे ज्यादा 2.08 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, एनटीपीसी, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड, डॉ. रेड्डीज और सन फार्मा शामिल हैं। इनमें 2.79 प्रतिशत तक की तेजी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 नुकसान में रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार शुरुआती लाभ गंवाते हुए स्थिर बंद हुए। ऊर्जा संकट और यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के इस सप्ताह ब्याज दर बढ़ाने के बारे में निर्णय को लेकर यूरोपीय बाजारों पर दबाव दिखा। वहीं चीन के नीति-निर्माताओं ने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रयास तेज किए हैं। इससे चीनी शेयर बाजारों में तेजी रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बाजार को गति देने के वाले किसी ठोस कारण के अभाव में यह लगभग स्थिर बंद हुआ। उन्होंने कहा, बाजार अभी भी दायरे में है और विभिन्न क्षेत्रों में बारी-बारी लिवाली से सूचकांक मिले-जुले वैश्विक रुख के बीच मजबूत बने हुए हैं। आईटी को छोड़कर सभी क्षेत्र बाजार को गति देने में योगदान दे रहे हैं, ऐसे में निवेशकों का जोर शेयर चयन पर होना चाहिए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को बंद था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.37 प्रतिशत टूटकर 93.47 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर दो पैसे फिसलकर 79.80 (अस्थाई) पर बंद हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध रूप से 811.75 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## सहकारिता नीति दस्तावेज का प्रारूप तैयार करने को राष्ट्रीय समिति के गठन की घोषणा

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** ने राष्ट्रीय सहकारिता नीति दस्तावेज का प्रारूप तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय समिति के गठन की मंगलवार को घोषणा की। 47 सदस्ईय समिति के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु होंगे। सहकारिता मंत्रालय ने बयान में कहा कि नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने के लिए बनाई जा रही है।

समिति के गठन की घोषणा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की। बयान में कहा गया, समिति में सहकारी क्षेत्र के विशेषज्ञअ राष्ट्रीयाराज्याजिला व प्राथमिक सहकारी समितियों के प्रतिनिधिअ राज्योंाकेंद्र शासित प्रदेशों के सचिव (सहकारिता) और सहकारी समितियों के पंजीयक तथा केन्द्रीय मंत्रालयोंाविभागों के अधिकारी शामिल हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में घोषणा की थी कि प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) से ऊपर की सहकारी संस्थाओं के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाने के लिए जल्द ही राष्ट्रीय सहकारिता नीति तैयार की जाएगी।

मंत्रालय ने कहा, नई नीति देश में सहकारिता आंदोलन को और सशक्त बनाने में काफी मददगार साबित होगी। मौजूदा राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2002 में लागू की गई थी। भारत में लगभग 8.5 लाख सहकारी समितियां हैं जो करीब 29 करोड़ सदस्यों के साथ पूरे देशभर में फैली हैं। ए सहकारी समितियां कृषि प्रसंस्करण, डेयरी, मत्स्य पालन, बुनाई, ऋण और विपणन समेत विविध कार्यकलापों में सक्रिय हैं।

## एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने डीवीसी के साथ मिलकर संयुक्त उद्यम कंपनी बनाई

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने दामोदर घाटी निगम के साथ मिलकर संयुक्त उद्यम कंपनी ग्रीन वैली रिन्यूएबल एनर्जी गठित की है। नवीकरणीय ऊर्जा पार्क और परियोजनाओं का विकास, परिचालन और उनका रखरखाव करना है। सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, कंपनी की पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. ने दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के साथ मिलकर 25 अगस्त, 2022 को संयुक्त उद्यम इकाई ग्रीन वैली रिन्यूएबल एनर्जी लि. गठित की है। एनटीपीसी आरईएल की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत और डीवीसी की 49 प्रतिशत है। कंपनी पंजीयक ने संयुक्त उद्यम इकाई गठन को लेकर प्रमाणपत्र छह सितंबर, 2022 को जारी किया। दामोदर घाटी निगम के पास उपलब्ध जलाशयों और जमीन पर नवीकरणीय ऊर्जा पार्क तथा परियोजनाओं का विकास, परिचालन और रखरखाव करना है।

## चीन के चेंगदू में भूकंप के बावजूद सख्त लॉकडाउन

**बीजिंग।** दक्षिण पश्चिम चीन मे चेंगदू के बाहरी इलाके मे भूकंप से कम से कम 65 लोगो की मौत के बाद भी अधिकारियों ने शहर की करीब 2.1 करोड़ की आबादी पर कोविड-19 संबंधी सख्त लॉकडाउन लागू कर रखा है। ऑनलाइन प्रसारित हो रहे वीडियो फुटेज मे पूरे शरीर पर वायरस रोधी परिधान पहने कर्मियों को सोमवार को आए 6.8 तीव्रता के भूकंप के बाद भी अपार्टमेंट निवासियों को लॉबी के बंद दरवाजों से बाहर निकलने से रोकते देखा जा सकता है। भूकंप से चेंगदू और पश्चिमी चीन के अन्य हिस्सों मे इमारते हिल गई। इमारतों को किसी तरह के नुकसान की खबर नही है।

**सार्वजनिक सूचना**

इसके माध्यम से नोटिस दिया जाता है कि (1) मैसर्स इमरत होम्स एंड बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से इसके निदेशक श्री दिनेश यादव (89% शेयर) और (2) श्री राज कुमार यादव दोनों पुत्र श्री अशोक कुमार (11% शेयर) जो प्लॉट नंबर डी-3/15, रोड डी-3, 225 वर्ग मीटर यानी, 269.10 वर्ग यार्ड क्षेत्रफल के मालिक हैं। जिसे डीएलएफ सिटी फेज-V, ग्राम वजीराबाद, तहसील और जिला गुरुग्राम में आवासीय कॉलोनी में स्थित के रूप में जाना जाता है। बिक्री विलेख दिनांक 08.04.2022 के माध्यम से, दस्तावेज संख्या 635 के रूप में जो उप पंजीयक-वजीराबाद के कार्यालय में पंजीकृत है, जिसे श्री इंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री सुल्तान उर्फ सुल्तान सिंह से खरीदा है, **आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड [ARGFL]** से वित्तीय सहायता के विरूद्ध गिरवी रखने का इरादा रखता है। और जो, मूल स्थानान्तरण विलेख दिनांक 04.11.2014, दस्तावेज संख्या 19241 के रूप में जो उप पंजीयक-गुड़गांव के कार्यालय में पंजीकृत है, उपलब्ध नहीं है/खो गया है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का पालन करने के लिए, एतद्द्वारा हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपत्ति के स्वामित्व और/या बंधक बनाने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो नीचे लिखे पते पर 14 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने का अनुरोध किया जाता है।

**लुसेम लीगल एलएलपी**
**कार्यालय संख्या** 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011-40046316

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Preeti Chaudhary is the owner of Built up Flat bearing No. UG-2, on Upper Ground floor, without roof rights, of property bearing No. F-110, Old No. 43, out of Khasra No. 1 etc/165, Situated in the area of Village Ziauddin Pur, in the abadi of West Jyoti Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi vide a Regd. General Power of Attorney dated 11.10.2013, bearing document no.861. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if any body has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Be It Known To All Concern That My Client Mr. Afrazuddin Siddique, S/o Late Hafizuddin Siddique, R/o 2369/D7, 1st floor, Mandir Wali gali, Khampur West Patel Nagar, New Delhi-110008, have no control over his son, therefore, have debar /disowned to his son Mohammad Kamaal Siddique, S/o Mr. Afrazuddin Siddique, R/o 2369/D7, 1st floor, Mandir Wali gali, Khampur West Patel Nagar, New Delhi-110008 from all his movable and immovable properties, henceforth my client shall not be responsible for any of the acts and deeds of their above-named son dealing with them in any manner shall doing so at his/her own responsible.

Santosh Gupta (Advocate)
Enrl No. 1400-A/2006

**GDL Leasing & Finance Limited**
R.O.: B-3/91 Ashok Vihar, Phase-II New Delhi-110052
PH: 011-27435354, Email: deepak.gangwani@yahoo.co.in
Website :www.gdl-finance.com CIN:L74899DL1994PLC057107

**Notice of 29th Annual General Meeting**

Notice is hereby given that 29th Annual General Meeting (AGM) of the members of the Co. will be held on Friday, the 30th Sept.2022 at 09.00 A.M. at 20/4, Singhu Village, Near Singhu Border, Delhi-110040 to transact the business mentioned in the Notice of said AGM, which has been dispatched to the Members on 05th Sept. 2022, along with the Annual Report for the year ended 31st March, 2022.

Further, Pursuant to section 91 of the Companies act, 2013 the register of members & transfer book will remain closed from Saturday, 24th Sept. 2022 to Friday, 30th Sept. 2022 (Both days inclusive) for the purpose of 29th AGM.

In Pursuance of section 108 of the Companies Act, 2013 read with rule 20 of the Co.s (Management & Administration) Rules, 2014 as amended & Regulation of the SEBI (LODR), Regulation 2015, the Co. is providing e-voting facility to its Members as provided by CDSL on all resolution as set out in the Notice of 29th AGM. Members of the co. may transact business through voting by electronic means.

1. The remote e-voting facility commence at 09.00 a.m. on Tuesday, 27th Sept. 2022 & will end at 5.00p.m. on Thursday, 29th Sept. 2022 for all share holders, weather holding shares in physical form or in dematerialized form. The e-voting module shall be displayed by CDSL for voting. Remote e-voting hall not be allowed beyond the said date & time.
2. The cut-off date to determine eligibility to cast votes by electronic Voting is Friday, 23rd Sept. 2022.
3. A person, who acquires shares & become shareholders of the Co. after dispatch of Notice & holding shares as of cut - off date can do remote e-voting by obtaining login - id & password by sending an e-mail to helpdesk.evoting@cdslindia.com/admin@skylinerta.com by mentioning their folio no./DP ID & Client ID No. However if such shareholder is already registered with CDSL for remote e-voting then existing user id & password can be used for remote e-voting.
4. Facility for voting through ballot paper shall also be made available at the AGM. Members attending the meeting who have not already cast their vote by remote e-voting, shall be able to exercise their right at the meeting.
5. A member may participate in the meeting even after exercising his right to vote through remote e-voting, but shall not allowed vote again at the meeting.
6. Notice of 29th AGM is available on Co. website www.gdl-finance.com and on the website of CDSL - www.evotingindia.com
7. A person, whose name recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on 23rd September,2022 shall be entitled to vote.
8. In case you have any queries or issues regarding e-voting, kindly refer frequently asked questions and e-voting manual available at www.evotingindia.com, under Help section or Email helpdesk.evoting@cdslindia.com, Toll Free No. 1800-200-5533 or Deepak Kumar Gangwani, Whole Time Director of the Company at deepak.gangwani@yahoo.co.in / 011-27435354

For GDL Leasing & Finance Limited
Sd/-
Date: 06.09.2022 — Deepak Kumar Gangwani
Place: New Delhi — Whole Time Director / Chairman

**सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड 24, दरियागंज, नई दिल्ली-110002 (भारत)
फोन : 91-011-23273907, सीआईएन : एल74899डीएल1980पीएलसी060079

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (सीआईएन : एल74899डीएल1980पीएलसी060079) के सदस्यों की 42वीं वार्षिक सामान्य बैठक शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड 24, दरियागंज, नई दिल्ली-110002 में सूचना दिनांकित 10-08-2022 में सूचीबद्ध व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी, जोकि पहले ही 05-09-2022 को सभी शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से, कम्पनी के पास पंजीबद्ध उनकी ई-मेल के जरिये, यदि उसकी/उनकी ई-मेल आईडी कम्पनी के पास पंजीबद्ध है तथा कुरियर द्वारा भेजी जा चुकी है, यदि उसकी/उनकी ई-मेल आईडी पंजीबद्ध नहीं है। एतद्द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं संचालन) नियमावली, 2014 के नियम 10 के अनुसरण में यह भी सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर हस्तांतरण बहियां 24 सितम्बर, 2022 से 30 सितम्बर, 2022 तक (दोनों दिन सहित) बंद रहेंगी। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं संचालन) नियमावली, 2014 के नियम 20 और सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुपालन में, कम्पनी ने 42वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना में वर्णित सभी व्यवसाय मदों का निष्पादन करने हेतु सीडीएसएल के माध्यम से ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की है, ताकि सदस्यगण अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकें। रिमोट ई-वोटिंग मंगलवार, 27 सितम्बर 2022 (पूर्वा. 10.00 बजे) आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर 2022 (अप. 5.00 बजे) समाप्त होगी। उक्त तिथि एवं समय के बाद ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। श्री एस.पी. रंजन, स्वामी : मैसर्स एसपीआर ऐंड कम्पनी, कम्पनी सेक्रेटरीज को ई-वोटिंग प्रक्रिया के लिए संवीक्षक नियुक्त किया गया है। जो सदस्य रिमोट ई-वोटिंग से अपना वोट डाल चुके होंगे, वे भी बैठक में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। जो सदस्य रिमोट ई-वोटिंग से अपना वोट नहीं डाल चुके होंगे, वे एजीएम में मतपत्र द्वारा वोट डालने के हकदार होंगे। कोई व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2022 को सदस्यों की पंजिका/लाभार्थी स्वामियों की पंजिका में दर्ज मौजूद होगा, केवल वही रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा के साथ एजीएम में मतपत्र द्वारा वोटिंग के हकदार होगा। कोई व्यक्ति, जो बैठक की सूचना के प्रेषण के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2022 को शेयरधारक है, वह बैठक की सूचना में दी गई प्रक्रिया का पालन कर यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में कोई भी शंका/शिकायत सुश्री स्नेहलता शर्मा, कम्पनी सेक्रेटरी, को कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर ; ई-मेल : sanehltd@gmail.com; फोन : 011-23273907 भेजी जा सकती है अथवा आप www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु रिमोट ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं।

वास्ते सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड
हस्ता./-
तिथि : 06-09-2022 — विवेक गुप्ता
स्थान : नई दिल्ली — (निदेशक)

**सार्वजनिक सूचना**

ब अदालत सिविल जज, वरीय कोटि, अष्टम, देवघर।
टाइटल रुट न0 87/2020

मधु कुमारी ........................................ वादी

बनाम

संगीता श्रीवास्तव एंव अन्य ............................ प्रतिवादीगण

संगीता श्रीवास्तव पति अनिल कुमार श्रीवास्तव,
पता : 65/एच साकेत एंव पुष्प बिहार, नई दिल्ली -17

आपको इस पब्लिकेशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी द्वारा उपरोक्त मुकदमा आपके बिरुद्ध दाखिल किया एंव इस न्यायालय के माध्यम से रजिस्टर्ड डाक एंव नजारत से नोटिस भेजा गया परन्तु उपस्थित नही हुए पुनः इस पब्लिकेशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि आगामी दिनांक -20/09/22 समय 10:30 बजे खुद या अपना वकील के मारफत उपस्थित होकर अपना बयान तहरीर एंव मूल कागजात दाखिल करें अन्यथा आपके बिरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद समझे,
मेरे न्यायालय के सील एंव महुर के साथ मेरे अधोस्ताक्षर के पश्चात निर्गत किया गया।

हस्ता
ब अदालत सिविल जज, वरीय कोटि,
अष्टम, देवघर

**हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 118, प्रथम तल, गगनदीप बिल्डिंग, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
सीआईएन : L70102DL1992PLC047399 वेबसाइट : www.himalayafoodcompany.com
ई-मेल आईडी : cs@himalyainternational.com फोन : 011.45108609

31वीं एजीएम की सूचना तथा रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी

हमारे पूर्व विज्ञापन दिनांकित 04-09-2022 के क्रम में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की 31वीं वार्षिक सामान्य बैठक बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को अप. 05.30 बजे, 31वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और तदधीन विरचित नियमों के साथ पठित एमसीए/सेबी सर्कुलर्स के अनुपालन में, सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बगैर, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

उपरिवर्णित सर्कुलर्स के अनुसरण में, आभासी एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा उन सभी सदस्यों को उनके द्वारा कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट/आरटीए के पास पंजीबद्ध कराई गई उनकी ई-मेल आईडी पर 06-09-2022 को अथवा पहले भेजी जा चुकी है। संबद्ध सर्कुलर्स द्वारा सदस्यों को भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष हेतु 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की की ई-कॉपी कम्पनी की वेबसाइट www.himalayafoodcompany.com पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित तदधीन विरचित नियमों और सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुसरण में, कम्पनी कट-ऑफ तिथि बृहस्पतिवार, 22 सितम्बर, 2022 को शेयरों के धारक इसके सदस्यों को आगामी एजीएम में उनके मताधिकार के प्रयोग हेतु ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध करा रही है। सदस्यगण अपना वोट बैठक के स्थान से इतर अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम का प्रयोग करते हुए डाल सकते हैं (ई-वोटिंग)। कम्पनी ने रिमोट ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सीडीएसएल के साथ अनुबंध किया है। कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और उसके नियमों के अनुसरण मे विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

1. ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 9.00 बजे आरंभ होगी तथा बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी।
2. 28 सितम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे के बाद इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
3. एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय का निष्पादन ई-वोटिंग अथवा एजीएम में ई-वोटिंग द्वारा किया जा सकता है।
4. कम्पनी की शेयर अंतरण बहियां शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 से बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 तक (दोनों दिन सहित) वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगी।
5. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम से जुड़ने की सुविधा बैठक आरंभ होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पहले और बाद होगा तथा सदस्यों को यह सुविधा प्रथम आगत प्रथम स्वागत आधार पर उपलब्ध होगी।
6. सदस्यों का वोटिंग अधिकार कट-ऑफ तिथि 22 सितम्बर, 2022 को कम्पनी की प्रदत्त शेयर पूंजी के साथ उनके द्वारा धारित शेयरों के अनुपात में होगा। कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि, 22 सितम्बर, 2022 को शेयर धारक है, वह helpdesk.evoting@cdslindia.com को अनुरोध भेज कर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। सदस्यों से रिमोट लॉगइन क्रेडेन्शियल्स का प्रयोग करते हुए https://web.cdslindia.com/myeasi/home/login लॉगइन करने का अनुरोध है। बैठक के दौरान वीसी/ओएवीएम के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक प्रतिभागिता हेतु लिंक शेयरधारक/सदस्य लॉगइन पोर्टल में उपलब्ध होगा जहां कम्पनी का म्टम्छ प्रदर्शित किया जाएगा। सदस्यों द्वारा परोक्षी की नियुक्ति हेतु सुविधा उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है। ऐसा व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उसको एजीएम की सूचना जानकारी मात्र के निमित्त समझनी चाहिए।
7. ई-वोटिंग तथा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने के संबंध में किसी संदेह अथवा शिकायत की स्थिति में, सदस्यगण श्री राकेश दाल्वी, सीनि. मैनेजर, (सीडीएसएल), ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुंबई-400013 से सम्पर्क कर सकते हैं। ई-मेल : helpdesk.evoting@cdslindia.com फोन : 022- 23058738 तथा 022-23058542/43. इसके अतिरिक्त सदस्यगण श्री भावेन्द्र झा, महाप्रबंधक, बीटल फाइनैंशियल ऐंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., आरटीए से beetalrta@gmail.com पर अथवा फोन नंबर : 011-29961281-283, 26051061 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
8. श्री राहुल शर्मा, कार्यरत कम्पनी सचिव (सदस्यता सं. एसीएस 49969), स्वामी मैसर्स आरबीएस ऐंड कम्पनी को वोटिंग तथा रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा एक निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।
9. परिणामों की घोषणा बैठक के समापन से अधिकतम अड़तालीस घंटों के भीतर की जाएगी और उसी दिन कम्पनी की वेबसाइट www.himalayafoodcompany.com पर प्रकाशित किए जाएंगे और बीएसई लि. को भेजे जाएंगे। यह कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में सूचना पट पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे।
10. सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकता है, परंतु बैठक में दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी।

जिन सदस्यों ने अपनी ई-मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट/आरटीए के पास पंजीबद्ध नहीं करवाई है, उनसे अनुरोध है कि उसके पंजीकरण हेतु निम्नवर्णित प्रक्रिया का पालन करें :

| | |
|---|---|
| भौतिक धारण | कृपया, ई-मेल पता पंजीकृत करवाने हेतु, कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेन्ट्स, बीटल फाइनैंशियल ऐंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. को beetalrta@gmail.com पर एक अनुरोध पत्र, फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम के उल्लेख, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (पैन कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्कैन की गई स्व सत्यापित प्रति) के साथ भेजें। कृपया अपना बैंक विवरण एक मूल निरस्त चैक के साथ हमारे आरटीए (नामतः बीटल फाइनैंशियल ऐंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., बीटल हाउस, तृतीय तल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली-110062) को फोलियो नंबर के उल्लेखयुक्त पत्र के साथ भेजें, यदि पहले से पंजीकृत नहीं हैं। |
| अभौतिक धारण | कृपया हमारे डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (डीपी) से सम्पर्क करें और अपना ई-मेल पता डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवाएं। कृपया अपना बैंक विवरण भी अपने डीपी के पास एनएसीएच द्वारा लाभांश, यदि कम्पनी द्वारा घोषित किया जाता है, के भुगतान हेतु अद्यतन करवाएं। |

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित सभी शेयरधारकों/सदस्यों, जो कुछ कहना या प्रश्न पूछना चाहते हैं, को कम्पनी की ई-मेल आईडी नामतः cs@himalyainternational.com पर अपने फोलियो नंबर डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी, ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर के साथ अपना पंजीकरण 22 सितम्बर, 2022 को अथवा पूर्व करवाना होगा।

वास्ते हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
हस्ता./-
तिथि : 07 सितम्बर, 2022 — ममता शर्मा
स्थान : दिल्ली — कम्पनी सेक्रेटरी

# ऑनलाइन व्यापार से बर्बाद हो रहे छोटे व मझोले व्यापारी!

## अंकुश लगाने की मांग उठी

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी

**ई-व्यापार** के कारण चौपट हो रहे खुदरा व्यापार को पुनर्जीवित एवं ऑनलाइन व्यापार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर 'उ0 प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (कंछल गुट)' के बैनर तले व्यापारी नेताओं के संयुक्त नेतृत्व में हाथों में तख्ती बैनर लेकर अग्रसेन कन्या पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बुलानाला के पास प्रदर्शन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए मंडलीय अध्यक्ष विजय कपूर, मंडलीय महासचिव मुकेश जायसवाल, विशेष आमंत्रित सुधीर सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि देश के खुदरा व्यापार को ई-व्यापार पूरी तरह से निगल रहा है। इसे अगर रोका नहीं गया तो देश के ज्यादातर दुकाने बंद हो जाएंगे। इससे जुड़े लोग भुखमरी के कगार पर आ जाएंगे।ऑनलाइन ट्रेडिंग से देश के 7 करोड़ व्यापारियों का व्यापार क्षतिग्रस्त हो रहा है। 100, 200 का सामान भी ऑनलाइन ट्रेडिंग से खरीदा जा रहा है। हकीकत में ऑनलाइन व्यापार ने सब व्यापार को चौपट कर दिया है, अगर हम नहीं चेते तो हालात और खराब हो जाएगी। स्वीकार सब कर रहे हैं, व्यापार कम हो गया है, वजह कोई नहीं जानना चाहता। हकीकत यह है आज की न्यू पीढ़ी अपनी जरूरत का अधिकतम सामान ऑनलाइन ई खरीद रहे हैं। किंतु इसमें हम अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं, किसी जमाने में ईस्ट इंडिया नाम की विदेशी कंपनी ने व्यापारी बनकर इस देश में घुसपैठ की थी और हमें गुलाम बना लिया था और आज भी विदेशी ऑनलाइन कंपनियां हमारे देश के व्यापार पर कब्जा कर रही हैं। 100, 200, 500 की बचत के 100, 200, 500 की बचत के लालच में हम अपनी आने वाली पीढ़ियो के भविष्य को दाव पर लगा रहे हैं। अतः देश के खुदरा व्यापार को बचाने के लिए ऑनलाइन ट्रेडिंग पर सरकार द्वारा रोक लगाई जाए। ऑनलाइन ट्रेडिंग पर जीएसटी के अतिरिक्त 20: विकास कर लागू किया जाए। तथा ऑनलाइन ट्रेडिंग के व्यापार के लिए पंजीकरण देना बंद किया जाए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल केसरी, सुधीर सिंह, प्रदीप गुप्त, अशोक गुप्ता, सुमित सर्राफ पारसनाथ केसरी, डॉ मनोज यादव, दिनेश सेठ, बच्चे लाल, प्रदीप जायसवाल,रवि टेलर, प्रदीप कुमार, राजेंद्र अग्रहरि,मुन्ना गुरु, श्याम दास गुजराती, पप्पू गुजराती, ललित गुजराती, बी.डी टकसाली, सहित कई लोग शामिल थे।






प्रयागराज के बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर और बाघम्बरी पीठाधीश्वर महंत बलबीर गिरि महाराज ने मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की, उन्होंने सीएम को श्री बड़े हनुमान जी महाराज का प्रसाद और कैलाशवासी सद्गुरु देव भगवान के पुण्यतिथि का निमंत्रण पत्र सौंपा

# जिंदा बुजुर्ग को सरकारी अभिलेख में मृत घोषित करने वाला अधिकारी सस्पेंड

## ओमप्रकाश इसके चलते बैंक से वृद्धावस्था पेंशन और अन्य धनराशि का आहरण नहीं कर पा रहा था

**शाहजहांपुर।** जिले में रहने वाले ओमप्रकाश को जीवित होने के बाद भी सरकारी अभिलेखों में मृत घोषित करने वाले ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। दस्तावेजों में मृत वृद्ध को पुनः जीवित दर्शाने के लिए अभिलेखों में सुधार किया जा रहा है।मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने मंगलवार को को बताया कि तिलहर तहसील के फतेहपुर गांव में रहने वाले ओमप्रकाश (70) को अभिलेखों में मृत घोषित कर दिया गया था जिसके चलते बैंक से उनकी वृद्धावस्था पेंशन तथा अन्य धन राशि का आहरण नहीं हो पा रहा था। उन्होंने कहा कि जैसे ही उनकी शिकायत प्रकाश में आई तत्काल ही जांच के आदेश तहसीलदार तिलहर ज्ञानेंद्र सिंह को दिए गए थे।उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट में फतेहपुर गांव के ग्राम विकास अधिकारी सुमित कुमार की घोर लापरवाही सामने आई, जिन्होंने अभिलेखों में ओम प्रकाश को मृत घोषित कर दिया था। उन्होंने बताया कि इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सिंह ने बताया कि मामले में ग्राम विकास अधिकारी सुमित कुमार के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है तथा उनके द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण-पत्रों की भी जांच कराई जा रही है।तिलहर तहसील के अंतर्गत फतेहपुर गांव में रहने वाले ओमप्रकाश शनिवार को थाना दिवस में अधिकारियों के सामने पेश हुए थे और कहा,"साहब मैं ओमप्रकाश हूं, जीवित हूं अभी मरा नहीं ,परंतु अधिकारियों ने तो हमें जीते जी मार डाला। अब ना तो कोई आर्थिक मदद आ रही है और ना ही बैंक से पैसा निकल रहा है। मेरी गन्ने की फसल की सिंचाई पैसों की कमी के कारण नहीं हो पा रही" ओमप्रकाश ने बताया कि सरकारी अभिलेखों में एक वर्ष पहले ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जब वह वृद्धावस्था पेंशन का पैसा बैंक निकालने गए तो वहां बताया गया कि आप की मौत हो चुकी है ऐसे में खाते से पैसा नहीं निकल सकता। इसके बाद उनके गन्ने का पैसा चीनी मिल से आया परंतु वह भी नहीं निकल पाया।

# प्रयागराज के हटिया में मकान का छज्जा गिरा, मलबे में दबने से पांच की मौत

**प्रयागराज।** नगर के मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हटिया पुलिस चौकी के पास तेज बारिश के बीच मंगलवार दोपहर एक जर्जर मकान का छज्जा टूटकर गिर गया जिससे उसके मलबे में दबकर पांच लोगों की मृत्यु हो गई और नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) संतोष कुमार मीणा ने बताया कि आज दोपहर बारिश के समय हटिया पुलिस चौकी के सामने एक जर्जर मकान का छज्जा गिरने से मलबे में दबकर पांच लोगों की मृत्यु हो गई जबकि इस दुर्घटना में नौ लोग घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों में मुट्ठीगंज निवासी सुशील गुप्ता (40) नैनी के डभाव निवासी राजेंद्र पटेल (51), नैनी के ददरी गांव निवासी श्याम बाबू (40), हटिया निवासी नीरज केसरवानी (32) और सराय ममरेज निवासी नसरुद्दीन (55) शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर जनपद प्रयागराज में बारिश के कारण गिरी जर्जर इमारत के हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया और दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को मौके पर तत्काल पहुंचने और जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का निःशुल्क उपचार कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने का भी निर्देश दिया।

**छह साल के बच्चे की कुकर्म के बाद हत्या की:** बागपत। जनपद के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने छह साल के बालक को अगवा कर उसके साथ खेत में कुकर्म किया। आरोपियों ने भेद खुलने के डर से बच्चे की हत्या कर शव को नलकूप के हौद में फेंक दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह बच्चे के शव को बरामद करने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## दलित लड़की से दुर्व्यवहार के बाद झड़प में दर्जनों लोग घायल

**मुजफ्फरनगर।** जिले में सोमवार शाम एक दलित लड़की के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने के बाद दो समूहों ने एक-दूसरे पर पथराव किया, जिसमें कम से कम एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोतवाली थाना क्षेत्र के बननगर गांव में छात्रा ट्यूशन से घर लौट रही थी तभी कुछ युवकों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इसके बाद उन युवकों और एक अन्य समूह के बीच झड़प हो गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव करना किया। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्तियों में से कुछ की हालत गंभीर है।

## पहली बार वाराणसी आया राजमहल क्रूज



**वाराणसी।** विदेशी सैलानियों को लेकर कोलकाता से चला राजमहल क्रूज मंगलवार को वाराणसी के रामनगर बंदरगाह पर पहुंच गया है। सोमवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे क्रूज गाजीपुर के कलेक्टर घाट पर पहुंचा। यहां से सैलानी गोराबाजार स्थित लार्ड कार्नवालिस के मकबरा परिसर में भी घूमे। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण और काशी के कायाकल्प के बाद पहली बार राजमहल क्रूज वाराणसी आया है। इसको लेकर पर्यटकों में उत्साह है। पर्यटक यहां आने के बाद वाराणसी के साथ चुनार का भी भ्रमण करेंगे। कोलकाता से चला क्रूज देसी और विदेशी पर्यटकों के साथ गाजीपुर से मंगलवार की अल सुबह रवाना हुआ। इसको लेकर भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने स्थानीय स्तर पर तैयारियां पहले से ही शुरू कर दी थी। वहीं रामनगर बंदरगाह पर अराजक तत्वों की सक्रियता को देखते हुए पुलिस प्रशासन को बंदरगाह प्रबंधन की ओर से पत्र लिखा गया था। इस बार 18 सैलानी क्रूज से वाराणसी आए हैं। इसमें 13 ब्रिटिश, तीन जर्मन व दो भारतीय पर्यटक सवार हैं।

## संक्रमण से बचाव के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** हाथों की स्वच्छता किसी भी प्रकार के संक्रमण से बचाव का सबसे बेहतर और प्रभावी उपाय है डेटॉल ने अपना सबसे किफायती सॉल्यूशन पेश किया है इससे ग्राहकों को कम कीमत पर साफसफाई से जुड़ी अच्छी आदतों को अपनाने में मदद मिलेगी डेटॉल भारत में अपनी शुरुआत के बाद से ही परिवारों को बीमारियों से बचाने के लिए प्रयास कर रहा है ये उपाय घरों और परिवारों की सुरक्षा के लिए बहुत ही आसान और प्रभावी हैं ग्राहकों को कम कीमत पर बेहतर सुरक्षा प्रदान कर हाथ की सफाई के महत्व को लेकर जागरुक है।

## वाराणसी में चौनल पार्टनर्स मीट का आयोजन किया

**वाराणसी।** लोगों तक अपनी पहुंच और अच्छे का वादा की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए भारत के प्रसिद्ध सबसे बड़े टीएमटी बार्स कामधेनु लिमिटेड ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए और लोगों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए आज वाराणसी में डीलर मीट का आयोजन किया गया जिससे लोगों तक आसानी से पहुंचा जा सके और कंपनी की विकास योजना के बारे में चर्चा की है।

## सीमांत डेयरी किसानों की आय को बढ़ाने का प्रयास

**वाराणसी।** दूध उत्पादन से किसानों की आय को बनाने के लिए सरकार विशेष रूप से पहल करती रहती है और सीमांत किसानों और उनकी आय को बढ़ाने के लिए भारत में 48 साल बाद दुग्ध क्षेत्र में काम करने वाली डेयरी उद्योग का विश्व महाकुंभ 12 से 15 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस विश्व डेयरी महाकुंभ का मुख्य संयोजक नामी-गिरामी दुग्ध क्षेत्र की कंपनी मदर डेयरी है,भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है।

## आईएमए के डॉ. मनोज श्रीवास्तव को मानद उपाधि

**वाराणसी।** आईएमए मुख्यालय नई दिल्ली की ओर से आयोजित एक समारोह में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ऑनरेरी प्रोफेसरशिप की उपाधि से डॉ0 मनोज श्रीवास्तव को सम्मानित किया। डॉ0 मनोज की अभी तक 23 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और 100 से ज्यादा रिसर्च पेपर भी विभिन्न जर्नलों में प्रकाशित हो चुकी है। कोरोना महामारी के समय डॉ0 मनोज कुमार श्रीवास्तव की तीन पुस्तकें लॉकडाउन की लक्ष्मण रेखा, कोरोना हारेगा, देश जीतेगा तथा-19 गाइड लाइंस एवं मैनेजमेंट है, कोरोना महामारी के समय कोविड-19 अपडेट जर्नल का प्रकाशन हुआ।



## पर्यावरण और खराब जीवनशैली ज्यादातर कैंसर का कारणः आरजीसीआईआरसी

**गोरखपुर।** विभिन्न प्रकार के कैंसर और उनके कारणों को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य के साथ कैंसर केयर इंस्टीट्यूट में से एक राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर, दिल्ली के दो कैंसर विशेषज्ञों ने गोरखपुर में शहर के डॉक्टरों के लिए आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित किया। कॉन्क्लेव का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गोरखपुर ने आरजीसीआईआरसी के साथ मिलकर किया था। डॉ. संदीप जैन और डॉ. पंकज गोयल ने शहर के डॉक्टरों से विमर्श किया और कैंसर केयर के क्षेत्र में उपलब्ध नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। आरजीसीआईआरसी के कंसल्टेंट.मेडिकल ओंकोलॉजी डॉ. पंकज गोयल ने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक वयस्कों में होने वाले करीब दो तिहाई कैंसर का संबंध पर्यावरण संबंधी कारकों से होता है। बच्चों में कैंसर के बारे में आरजीसीआईआरसी के सीनियर कंसल्टेंट . पीडियाट्रिक हेमैटोलॉजी एंड ओंकोलॉजी डॉण् संदीप जैन ने कहा, बच्चों में कैंसर एक दुर्लभ बीमारी है। भारत में हर साल 15 साल से कम उम्र के बच्चों में कैंसर के करीब 50,000 नए मामले आते हैं। बच्चों में ब्लड कैंसर या ल्यूकेमिया सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर है। हालांकि यदि जल्दी जांच हो जाए और स्पेशलाइज्ड हॉस्पिटल में इलाज हो, तो इसे ठीक किया जा सकता है।

## गणेश उत्सव का समापन

**वाराणसी।** नूतन बालक गणेशोत्सव समाज सेवा मण्डल द्वारा मनाए जा रहे 114 वें गणेशोत्सव का समापन आरती 'जय जय धीशा व मंत्र पुष्पांजलि से हुआ । गंगा में विसर्जन न करने का हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए तथा कुंडों में विसर्जन न करने का सुप्रीमकोर्ट के फैसले के मद्देनजर उत्सव मूर्ति को नियमित पूजन के साथ सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया । इसके पूर्व गाजे-बाजे के साथ पालकी में भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली गयी जो गणेश भवन से प्रारम्भ होकर दूधविनायक, फाटक रंगीलदास, ठठेरी बाजार, सुडिया, बुलानाला, गोलघर, भैरवनाथ, जतनबर, बीबीहटिया, राजमंदिर, ब्रह्माघाट होते हुए नाना फड़नवीस के वाड़े (उत्सव स्थल) पर लायी गयी । पद्यगान के छात्र मार्ग में 'नूतन बालक मेल चलो है, मग में रोको मत भाई' इस परंपरागत पद को गाते हुए चल रहे थे । रास्ते में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान गणेश की आरती की । श्री गणेश का सहस्त्रमोदकों से नामार्चन हुआ । प्रमुख यजमान ड़ा. प्रदीप नारायण डोंगरे व सुनीता डोंगरे व प्रवीण वसंत पटवर्धन व प्रचीति पटवर्धन थी।। गणेश जी के षष्ठी के अवसर पर भगवान गणेश का झूले व झरने पर कामिनी की पत्तियों, बेला, गुलाब, जूही के फूलों से मनोहारी श्रृंगार किया गया । धन्यवाद ज्ञापन श्री प्रवीण वसंत पटवर्धन ने व सफल संचालन अनिरुद्ध होशिंग ने किया । रात्रौ संगीत सम्मेलन में सर्वप्रथम राकेश कुमार ने बांसुरी वादन प्रस्तुत किया । उनके साथ श्री सिद्धार्थ चक्रवर्ती ने तबले पर संगत की । कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति श्री अभिषेक काले (सांगली) का शास्त्रीय गायन हुआ ।

## मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गोरखपुर में नगर निगम के वार्डों के नाम बदलने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और इसे कई बार साझा किया। पुलिस के अनुसार गोरखपुर के गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ निवासी आरोपी भोला यादव नगर निगम के वार्डों के नाम बदलने से खुश नहीं था। उन्होंने बताया कि जिस वार्ड में वह रहता है, उसका नाम भी नौसढ़ से बदलकर मत्स्येंद्र नगर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यादव ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की और उसे सोशल मीडिया समूहों पर भी साझा किया। बेलीपार क्षेत्र निवासी शुभंकर यादव ने भोला यादव के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर गीडा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। गीडा के थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी भोला यादव के खिलाफ भारतीय दंड संहिता एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि गोरखपुर नगर निगम ने हाल ही में परिसीमन के बाद लगभग 50 वार्डों के नाम बदलने की घोषणा की है। पहले गोरखपुर में 70 वार्ड थे लेकिन परिसीमन के बाद 10 वार्ड बढ़कर अब 80 वार्ड हो गए हैं और इनमें कई वार्डों के नाम बदलकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, महापुरुषों और अन्य प्रमुख लोगों के नाम पर रखे गए हैं।

## बदायूं के एक गांव के बाहर सात बंदर मृत पाए गए, मामला दर्ज

**बदायूं।** जनपद के थाना उसावां क्षेत्र के गूरा बरेला गांव के बाहर सात बंदर मृत पाए गए है और इस संबंध मे एक वीडियो भी वायरल हो गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस एवं वन विभाग के कर्मचारियो ने मृत बंदरों को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भिजवाए है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला वन अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि बदायूं के उसामा थाना क्षेत्र के गांव गुड़ा बरेला गांव के बाहर बंदर मृत मिले है और ऐसी आशंका है कि सोमवार देर शाम कुछ लोगो ने उन्हें मार कर गांव के बाहर फेंक दिए। उन्होंने बताया कि इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और वायरल वीडियो मे बंदरो की संख्या सात बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी के हाथ बंधे हुए है तो किसी की आंखो पर काले रंग का तेल पड़ा दिख रहा है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी मिलने पर वन विभाग के रेंजर की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। उन्होने बताया कि इसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# समाज के लोगों को जोड़ती है कलात्मक प्रदर्शनीः कुलपति

### अवध विश्वविद्यालय में छह दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग तथा अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छः दिवसीय राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के अन्तर्गत ष्कला प्रस्फुटनष् का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन अविवि के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह द्वारा ऑनलाइन मोड में किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो0 सिंह ने राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी की प्रंशसा करते हुए कहा कि कलात्मक चित्रण कार्य से संबंधित प्रत्येक प्रदर्शनी समाज के लोगो को जोड़ने का कार्य करती है। प्रत्येक रमणीय चित्रण निश्चित रूप से कलात्मक शैलियों पर आधारित होते है। जो निश्चित रूप से लोगो को अपनी ओर आकर्षित करने के साथ स्पष्ट संदेश प्रदान करते है। कुलपति ने कहा कि कला प्रस्फुटन राष्ट्रीय प्रदर्शनी निश्चित रूप में सांस्कृतिक एवं पौराणिक रूप से अवध की संस्कृति को अवश्य ही अंकुरित एवं विस्तृत करेगी। विवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदर्शित कृतियों से भावविभोर हुए। उन्होंने छात्र.छात्राओं की कलाकृतियों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी निश्चित रूप से छात्र.छात्राओंए प्रतिभागियों एवं भ्रमण करने वाले सामान्य जनमानस को निश्चित रूप से कलात्मक प्रवृत्ति को जन्म देगी जिससे हम अपनी कलात्मक सोच को और विकसित स्वरूप में सुरक्षित कर पायेगे। प्रो0 सिंह ने आगामी दिव्य.दीपोत्सव हेतु एक कलात्मक एवं रचनात्मक शैक्षिक धरोहर को प्रस्फुटित करने के लिए छात्र.छात्राओं को उत्प्रेरित किया जोकि दिव्य.दीपोत्सव को अवस्मणीय बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेगा। राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी की संयोजिका डॉ0



सरिता द्विवेदी ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रदर्शनी में विविध कला शैली की लगभग 250 कलाकृतियाँ प्रदर्शन के लिए फाईन आर्ट्स विभाग में लगी हैंए जिसमें छात्र.छात्राओं द्वारा भारतीय शैलीए मिनिएचर आर्ट्सए समकालीन कलाए मूर्ति कलाए व्यवसायिक कला एवं व्यक्तिचित्र के साथ मनमोहक लैण्ड स्केप चित्रण स्वरूप से प्रदर्शित किया गया हैए जोकि निश्चित रूप से प्रदर्शनी का अवलोकन करने वाले लोगो को अपनी ओर आकर्षित करेगा।

कला प्रदर्शनी के आयोजन सचिव रीमा सिंह एवं आशीष प्रजापति ने छात्र.छात्राओं को कला प्रदर्शनी की स्वरूप से अवगत कराते हुए प्रदर्शनी प्रदर्शित करने का तरीका सिखाया। कला प्रदर्शनी की निर्देशक श्रीमती सरिता सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी में बी0एफ0ए0 प्रथम वर्ष से लेकर चर्तुथ वर्ष एवं एम0एफ0ए0 पेंन्टिंग के छात्र.छात्राओं के साथ एम0ए0 ड्राइंग एण्ड पेंन्टिग ;चित्रकलाद्ध के छात्र.छात्रओं ने अपनी मनमोहक कलात्मक स्वरूप को प्रदर्शित किया है। छः दिवसीय राष्ट्रीय प्रदर्शनी सभी विभागो के छात्र.छात्राओंए शिक्षक एवं अधिकारियों के साथ अवध के जनमानस के अवलोकनार्थ प्रातः 11 बजे से सायं 4:00 बजे तक खुली रहेगी।अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभागाध्यक्ष एवं समन्वयक फाईन आर्ट्स प्रो0 विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग मे नव प्रवेशित छात्र.छात्राओं हेतु चल रही प्रेरक ;इन्डक्शनद्ध कार्यक्रम के अन्र्तगत आज ष्कला प्रस्फुटनष् का उद्घाटन किया गया। इस राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का प्रमुख उद्देश्य अवध के छात्र.छात्राओं को अवध की कलात्मक प्रवृत्ति से परिचित कराना है। यह राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी सामान्य लोगो में निश्चित रूप से कलात्मक कौतुहल पैदा करेगी। विभाग में चल रहे प्रेरक ;इन्डक्शनद्ध कार्यक्रम के अन्तर्गत लगभग 300 छात्र.छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा इस राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। विभाग की छात्राओं द्वारा कुलगीत की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर प्रो0 आशुतोष सिन्हाए प्रो0 मृदुला मिश्राए डॉ0 अलका श्रीवास्तवए इं0 राजीव ए कविता पाठक के साथ गैरशैक्षणिक कर्मचारी विजय कुमार शुक्लाए शिव शंकर यादव बड़ी संख्या में छात्र.छात्रायें उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत, दो घायल

**बागपत।** बागपत जिले के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर बड़ागांव के पास मंगलवार की सुबह पांच लोगों को एक ट्रक ने कुचल दिया, जिससे इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त ए लोग ट्रक के निकट सो रहे थे। उन्होने बताया कि दो लोगों की मौत मौके पर ही हो गई जबकि एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, घायलों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि पांचों लकड़ी की कुर्सियो से लदे ट्रक मे संभल जिले से पंजाब जा रहे थे। उन्होंने कहा कि चालक केबिन मे और अन्य बाहर सो रहे थे जब सुबह सवा पांच बजे ट्रक को दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। जादौन ने बताया कि मारे गए लोगों की पहचान शोभित (22), प्रेमचंद (52) और मान सिंह (60) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि प्रेमचंद और मान सिंह की मौके पर मौत हुई जबकि शोभित ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# श्रीलंका से हारा भारत, बाहर होने का खतरा

## ●एशिया कप के सुपर-4 में 6 विकेट से हारी टीम इंडिया

**भाषा।** दुबई




**पिछले चैम्पियन** भारत को एशिया कप सुपर फोर चरण के बेहद महत्वपूर्ण मैच में श्रीलंका ने मंगलवार को छह विकेट से हराकर बाहर होने की कगार पर धकेल दिया। अब भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए दूसरी टीमों के नतीजे अनुकूल रहने की उम्मीद करनी होगी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की 41 गेंद में 72 रन की पारी बेकार गई और श्रीलंका ने 174 रन का लक्ष्य एक गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। श्रीलंका को आखिरी दो ओवर में 21 रन चाहिए थे लेकिन भुवनेश्वर कुमार ने 19वें ओवर में 14 रन देकर मैच भारत की जद से बाहर ही कर दिया। पाकिस्तान अगर बुधवार को अफगानिस्तान को हरा देता है तो भारत टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा। श्रीलंका को सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस (37 गेंद में 57 रन) और पाथुम निसांका (37 गेंद में 52 रन) ने शानदार शुरूआत दिलाई और तेजी से 91 रन जोड़े। श्रीलंका के पचास रन छठे ओवर में ही बन गए जिससे भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बन गया। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने हालांकि 12वें ओवर में दो विकेट लेकर श्रीलंका की रनगति पर अंकुश लगाने की कोशिश की। रविचंद्रन अश्विन ने धनुष्का गुणतिलका (1) को पवेलियन भेजा। श्रीलंका का स्कोर 14वें ओवर में तीन विकेट पर 110 रन था। अगले ओवर में चहल ने मेंडिस को पगबाधा आउट किया। इसके बाद हालांकि श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका (नाबाद 33) और भानुका राजपक्षा (नाबाद 25) ने पांचवें विकेट के लिए 64 रन की अटूट साझेदारी करके मैच जिताया। इससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए 41 गेंद पर 72 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने आठ विकेट पर 173 रन का स्कोर बनाया। शुरूआती दो विकेट जल्दी गंवाने के बाद रोहित ने कप्तानी पारी खेली और पांच चौके तथा चार छक्के जड़े। सूर्यकुमार यादव ने 29 गेंद में 34 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 97 रन जोड़े। रोहित के आउट होने के बाद हालांकि भारतीय बल्लेबाज 63 रन ही बना पाए। एक समय भारत का स्कोर 13वें ओवर में तीन विकेट पर 110 रन था जब रोहित आउट हुए। श्रीलंका की शुरूआत बहुत अच्छी रही जिसने सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (छह) और तीसरे नंबर पर उतरे विराट कोहली (0) को सस्ते में आउट किया। भारत का स्कोर तीसरे ओवर में दो विकेट पर 13 रन था। दूसरे ओवर में एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ने के बाद राहुल आफ स्पिनर महीष तीक्षणा की गेंद पर पगबाधा हो गए। राहुल ने रिव्यू भी लिया लेकिन फैसला उनके पक्ष में नहीं रहा। उसके बाद आए स्टार बल्लेबाज कोहली चार गेंदों में खाता भी नहीं खोल सके और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका ने उन्हें पवेलियन भेज दिया। रोहित ने दूसरे छोर से रन बनाना जारी रखा और चमिका करूणारत्ने को मिडआन पर चौका जड़ा। तेज गेंदबाज असिथ फर्नांडो को रोहित ने एक छक्का और चौका जड़कर पांचवें ओवर में 14 रन निकाले। इसके अगले ओवर में तीक्षणा को चौका जड़कर पावरप्ले के छह ओवरों के बाद स्कोर 44 रन तक ले गए। लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा और करूणारत्ने ने कुछ किफायती ओवर डाले जिससे रोहित और सूर्य रन नहीं बना पा रहे थे।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** केएल पगबाधा बो तीक्षणा 6, रोहित का निसांका बो करूणारत्ने 72,कोहली बो मधुशंका 0, सूर्यकुमार का तीक्षणा बो शनाका 34,पंड्या का निसांका बो शनाका 17, पंत का निसांका बो मधुशंका 17, हुड्डा बो मधुशंका 3,अश्विन नाबाद 15, भुवनेश्वर बो करूणारत्ने 0, अर्शदीप नाबाद।, **अतिरिक्त** : आठ रन, कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर 173 रन, विकेट पतन :1-11, 2-13, 3-110, 4-119, 5-149, 6 -157, 7-158, 8-164, **गेंदबाजी :** मधुशंका 4-0- 24-3, तीक्षणा 4-0-29-1, करूणारत्ने 4- 0- 27-2, फर्नांडो 2- 0- 28-0, डिसिल्वा 4 -0 -39- 0, शनाका 2-0 -26-2

**श्रीलंका पारी :** निसांका का शर्मा बो चहल 52, मेंडिस पगबाधा बो चहल 57,असलांका का यादव बो चहल 0, गुणतिलका का राहुल बो अश्विन1,राजपक्षा नाबाद 25,शनाका नाबाद 33,**अतिरिक्त** : छह रन, **कुल योग** : 19.5 ओवर में चार विकेट पर 174 रन, **विकेट पतन** : 1-97, 2-97, 3 -110, 4-110, **गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4- 0-30 -0, अर्शदीप 3.5-0- 40- 0,पंड्या 4-0 -35-0,चहल 4-0-. 34-3, अश्विन 4-0-32-1

# आवेश बीमारी से एशिया कप से बाहर

## ●दीपक चाहर टीम में





**भाषा।** नई दिल्ली

**तेज गेंदबाज** आवेश खान बुखार से जुड़ी बीमारी के कारण एशिया कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। तेज गेंदबाज दीपक चाहर को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा , आवेश को बुखार है और साइनस की समस्या होने से परेशानी बढ गई है। वह टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल सकेगा। दीपक चाहर यहां है ही और उसे टीम में शामिल किया गया है। आवेश वेस्टइंडीज दौरे से ही खराब फॉर्म में है और हांगकांग के खिलाफ मैच में उसने 50 से ज्यादा रन दे डाले। बुखार के कारण वह पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेला लेकिन कोच राहुल द्रविड़ को उम्मीद थी कि वह बाकी मैचों के लिए फिट हो जाएगा। चाहर बेहतरीन स्विंग गेंदबाज हैं जो पावरप्ले के ओवरों में विकेट लेने में माहिर है। फिटनेस कारणों से उन्हें एशिया कप की मूल टीम में नहीं चुना गया लेकिन वह रिजर्व के तौर पर टीम के साथ थे। सूत्र ने कहा , दीपक को वापसी तो करनी ही थी। आवेश दुर्भाग्यपूर्ण हालात के कारण बाहर हुआ है और उम्मीद है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला से पहले फिट हो जाएगा।

## सर्जरी सफल, जल्दी ही रिहैब शुरू करूंगा : जडेजा

**नई दिल्ली।** भारत के चोटिल हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने मंगलवार को कहा कि उनके दाहिने घुटने का आपरेशन सफल रहा है और वह जल्दी ही रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। जडेजा घुटने की चोट के कारण एशिया कप से बाहर है। उन्होने अस्पताल से फोटो के साथ इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा , सर्जरी सफल रही। जल्दी ही रिहैब शुरू करूंगा और जल्दी से मैदान पर लौटने की कोशिश करूंगा। कई लोगों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देना है। बीसीसीआई, मेरे साथी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ, फिजियो , डॉक्टर और प्रशंसका सभी को शुभकामनाओ के लिए धन्यवाद। जडेजा ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच मे भारत की पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह हांगकांग के खिलाफ भी खेले लेकिन सुपर फोर चरण से बाहर हो गए। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने आपरेशन को गंभीर बताते हुए कहा था कि वह अनिश्चित काल के लिए नही खेल सकेंगे। भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने हालांकि यह नही बताया कि वह अक्टूबर मे होने वाले टी20 विश्व कप में खेल सकेंगे या नही।

### हार्दिक सर्वश्रेष्ठ टी2 ऑलराउंडर, बुमराह सभी प्रारूपों में संपूर्ण गेंदबाज : पोंटिंग

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिग ने भारत के हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह को विश्व टी20 एकादश के लिए अपने पहले पांच खिलाड़ियों में शामिल किया है।ॅलराउंडर करार दिया जबकि बुमराह को तीनो प्रारूपो में संपूर्ण गेंदबाज बताया। पोंटिग ने कहा, वर्तमान फॉर्म को देखते हुए हार्दिक पंड्या को तीसरे नंबर पर नही रखना बहुत मुश्किल होगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। इस पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने आईसीसी रिव्यु में कहा, उनके फिर से गेंदबाजी करने को लेकर मै थोड़ा अनिश्चित था कि क्या कभी ऐसा होगा। वह चोटो से जूझ रहे थे जिससे उनका खेल प्रभावित हुआ था। पंड्या ने फिर से गेंदबाजी करनी शुरू कर दी है जिससे कि भारतीय टीम को जरूरी संतुलन भी मिल गया है। पोंटिग ने कहा, उन्होंने फिर से गेदबाजी करनी शुरू कर दी है और उनकी रफ्तार 140 क्लिोमीटर प्रति घंटा है जैसे कि वह चार पांच साल पहले किया करते थे। लेकिन अपनी बल्लेबाजी और बल्लेबाजी करते समय परिपक्वता के मामले में वह मीलों आगे निकल गए है।

## 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल आज से

**लखनऊ।** लखनऊ में होने वाली 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप की तैयारी पूरी हो चुकी है। हैण्डबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैण्डबॉल संघ द्वारा आयोजित पांच दिवसीय इस चैंपियनशिप की शुरुआत 7 सितंबर से होगी। चैंपियनशिप के मुकाबले केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चार कोर्ट पर खेले जाएंगे जिसमें मेजबान उत्तर प्रदेश सहित 31 टीमें मैदान में प्रतिस्पर्धा करने के लिए उतरेंगी।उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डाण्आनन्देश्वर पाण्डेय ने चैंपियनशिप की तैयारियों के बारे में बताया कि सफल आयोजन के लिए तैयारियां पूरी हो गई है। लीग कम नाकआउट आधार पर होन वाली इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाली 31 टीमों को आठ पूल में बांटा जाएगा। इस चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन 7 सितंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शाम पांच बजे किया जाएगा।

## मोहित पुरुष सीनियर हैंडबॉल टीम के कप्तान

**लखनऊ।** लखनऊ के मोहित यादव को 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित उत्तर प्रदेश की टीम का कप्तान बनाया गया है। टीम का शिविर केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किया गया था। कैंप की समाप्ति के बाद उत्तर प्रदेश टीम की घोषणा हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने करते हुए टीम को किट प्रदान करते हुए चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## पायस–यशस्विनी की जोड़ी ने एशियाई जूनियर टेबल टेनिस में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** पायस जैन और यशस्विनी घोरपड़े ने चीन की हान शिनयुआन और किन युसुआन की चीनी जोड़ी को 3-2 से हराकर लाओस में एशियाई जूनियर और कैडेट चैंपियनशिप के मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीत कर अपने अभियान का अंत किया। भारतीय जोड़ी ने 11-9, 11-1, 10-12, 7-11, 11-8 से जीत दर्ज की। यह एशियाई चैंपियनशिप मे भारतीय जूनियर खिलाड़ियो का पहला स्वर्ण पदक है। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों ने तीन कांस्य पदक भी जीते। यह पदक उसने लड़को के अंडर-19 युगल, लड़कियो के अंडर-19 एकल और लड़को की अंडर-19 टीम स्पर्धा में जीते।

## कोलकाता और अहमदाबाद में होंगे सैयद मुश्ताक अली और हजारे टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबले

**नई दिल्ली।** कोलकाता और अहमदाबाद क्रमशः सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण की मेजबानी करेंगे जबकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अगले कुछ महीनों मे दो ईरानी कप मुकाबले आयोजित करेगा। घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 11 अक्टूबर से पांच नवंबर तक होगा जबकि विजय हजारे एकदिवसीय प्रतियोगिता 12 नवंबर से दो दिसंबर तक चलेगी।

# रैना ने क्रिकेट से संन्यास लिया



**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व भारतीय** बल्लेबाज सुरेश रैना ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की जिससे वह विदेशों में होने वाली टी20 लीग में खेलने के लिए योग्य हो गए हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने 15 अगस्त 2020 को महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। रैना ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 2021 में खेलना जारी रखा था लेकिन 2022 के सत्र से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें अपनी टीम में नहीं रखा था।
रैना ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड, उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ और चेन्नई सुपर किंग्स का आभार व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, अपने देश और राज्य उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा करता हूं। भारत या घरेलू स्तर पर सक्रिय खिलाड़ी विदेशी लीग में भाग नहीं ले सकते हैं और ऐसे में रैना के लिए विश्वभर की टी20 लीग में खेलने के लिए संन्यास लेना जरूरी था। उन्हें अगले साल दक्षिण अफ्रीका की नई टी20 लीग में खेलते हुए देखा जा सकता है। इस लीग की सभी छह टीमों का स्वामित्व आईपीएल के मालिकों के पास है। रैना ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच अक्टूबर 2021 में चेन्नई की तरफ से राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अबू धाबी में खेला था। भारत की तरफ से रैना ने 18 टेस्ट, 226 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। वह 2011 में विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य थे।

# टियाफो ने नडाल को दिया झटका,क्वार्टर फाइनल में

## ●अमेरिकी ओपन टेनिस : विजय अभियान रोका

**भाषा।** न्यूयॉर्क




प्लिस्कोवा

**फ्रांसेस टियाफो** ने राफेल नडाल का ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में पिछले 22 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान थाम कर पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। टियाफो ने आर्थर ऐस स्टेडियम में खेले गए चौथे दौर के मुकाबले में नडाल को 6-4, 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। टियाफो इस जीत से अभिभूत थे। मुझे ऐसा लग रहा था जैसे दुनिया थम गई है। एक मिनट के लिए मैंने कुछ नहीं सुना। टियाफो अभी 24 वर्ष के हैं और उन्हें अमेरिकी ओपन में 22वीं वरीयता दी गई है। वह एंडी रोडिक (2006) के बाद इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के अमेरिकी खिलाड़ी हैं। टियाफो का सामना अब आंद्रे रुबलेव से होगा, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नोरी को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। नडाल ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और जून में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी लेकिन पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह टूर्नामेंट से हट गए थे। अमेरिकी ओपन में चार बार के चैंपियन नडाल इसके बाद केवल एक टूर्नामेंट में खेल पाए थे। यह अमेरिकी ओपन में 2000 के बाद पहला अवसर होगा जबकि वरीयता क्रम में शीर्ष के दो खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचे हैं। इससे पहले निक किर्गियोस ने शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को हरा दिया था। इस बीच एक अन्य मैच में 11वीं वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने पांच सेट तक चले मुकाबले में इल्या इवाश्का को 6-1, 5-7, 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जूल नेमीयर को 2-6, 6-4, 6-0 से हराया। वह पहली बार फ्लशिंग मीडोज में क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। स्वियातेक का सामना अब आठवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वीतोवा को आसानी से 6-3, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में एक अन्य क्वार्टर फाइनल करोलिना प्लिस्कोवा और छठी वरीयता प्राप्त आर्यना सबलेंका के बीच खेला जाएगा।

## आईओए ने शीर्ष खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मंगलवार को अपनी राज्य इकाइयों और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) से 36वें राष्ट्रीय खेलों में देश के शीर्ष खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। टाईओए ने सभी एनएसएफ और राज्य ओलंपिक संघों को लिखे पत्र में कहा, राष्ट्रीय खेलों के महत्व को सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय खेलों और चैंपियनशिप में भाग लेनोपदक जीतने वाले सभी योग्य प्रतिष्ठित खिलाड़ियों का 36वें राष्ट्रीय खेलों में प्रतिस्पर्धा करना आवश्यक हैं।

## एफआईएच पुरस्कारों की दौड़ में हरमनप्रीत, श्रीजेश और सविता

**लुसाने।** भारतीय स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को मंगलवार को एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड्स 2021-22 के लिए साल के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित पांच खिलाड़ियों में चुना गया जबकि पीआर श्रीजेश और सविता पूनिया को क्रमश: सर्वश्रेष्ठ पुरूष और महिला गोलकीपरों के लिए नामित किया गया। एफआईएच पुरूष प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए भारतीय टीम के उप कप्तान हरमनप्रीत को बेल्जियम के दो खिलाड़ियों आर्थर डि स्लूवर और टॉम बून तथा जर्मनी के निकलास वेलेन और नीदरलैंड के साथ चुना गया।

## एनसीए परियोजना: बालाजी, विनय व पंकज ने कूली से प्रशिक्षण लिया

**भाषा।** नई दिल्ली



**स्तरीय गेंदबाजी** कोच का पूल तैयार करने की कवायद के तहत राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने हाल में इंटर्नशिप (प्रशिक्षण) कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें लक्ष्मीपति बालाजी, आर विनय कुमार और पंकज सिंह जैसे जाने माने पूर्व खिलाड़ियों ने ट्रॉय कूली के मार्गदर्शन में अपने कोचिंग कौशल में इजाफा किया। कूली अलग-अलग समय में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों की पुरुष टीम के तेज गेंदबाजी कोच रह चुके हैं। देश के अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिए खाका तैयार कर रहे एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के आला अधिकारियों को और अधिक स्तरीय गेंदबाजी कोच तैयार करने की जरूरत के बारे में बताया था और इसके बाद भारत के लिए खेल चुके घरेलू क्रिकेट के दिग्गजों ने कूली के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लिया।

## स्टब्स को दक्षिण अफ्रीका की टी20 टीम में जगह, भारत के खिलाफ श्रृंखलाओं के लिए भी टीम घोषित



जोहानिसबर्ग। ट्रिस्टन स्टब्स को मंगलवार को टी20 विश्व कप और इससे पहले भारत में होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल किया गया। सीमित ओवरों के प्रारूप में टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा जून में भारत में टी20 श्रृंखला के दौरान बाईं कोहनी की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे। सीनियर बल्लेबाज रेसी वान डेर डुसेन बाईं तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर के कारण आस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक होने वाले टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। उन्हें मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान यह चोट लगी थी। उन्हें सर्जरी कराने की जरूरत होगी और इससे उबरने में कम से कम छह सप्ताह लगने की उम्मीद है। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन वाले 22 वर्षीय स्टब्स को पहली बार विश्व कप टीम में जगह दी गई है। टीम में शामिल सभी 15 खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। स्टब्स ने जून में भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। रिली रोसेयु और वेन पार्नेल को भी टीम में शामिल किया गया है।

## रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ सुब्रतो कप की शुरुआत, पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ के गवर्नमेंट मॉडल एचएसएस स्कूल और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने मंगलवार को यहां 61वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लड़कों के अंडर-14 वर्ग में गोल रहित ड्रॉ खेला। दोनों की टीम ने रक्षात्मक खेल दिखाया और मैच के दौरान अधिक मूव नहीं बने। गोल करने का मैच का सर्वश्रेष्ठ मौका चंडीगढ़ की टीम को मिला लेकिन मेइबाम बोरिश मेइतेई गोल करने में नाकाम रहे। बुधवार को चार स्टेडियम में 15 मुकाबले खेले गए। लड़कों के अंडर-14 वर्ग में टीम को आठ ग्रुप में बांटा गया है और प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएगी। टूर्नामेंट का आयोजन दो साल के अंतराल के बाद हो रहा है।

## एटीके मोहन बागान को एएफसी कप में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग की दिग्गज टीम एटीके मोहन बागान डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद बुधवार को यहां कुआलालंपुर सिटी एफसी के खिलाफ एएफसी कप 2022 अंतर क्षेत्र सेमीफाइनल मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। रॉय कृष्णा, डेविड विलियम्स, संदेश झींगन और टिरी जैसे बड़े खिलाड़ियों के जाने के बाद टीम पुनगर्ठन के दौर से गुजर रही है और डूरंड कप में उसे लय हासिल करने के लिए जूझना पड़ा। डूरंड कप के पहले मैच में आईलीग की टीम राजस्थान यूनाईटेड के खिलाफ की हार के बाद टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है।

# रेहान और अनन्या ने जीती ट्राफी

## ●जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप सीजन 6



**लखनऊ।** झांसी के रेहान सिद्दीकी और झांसी की ही अनन्या सिंह ने पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के छठें संस्करण के लखनऊ चरण के अंतिम दिन अंडर-17 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक व बालिका एकल खिताब जीत लिए। वहीं अंडर-15 में बालकों में झांसी के कपिल सलोनिया और बालिकाओं में लखनऊ की प्रियांशी गोला तीन गेम तक चले मुकाबले के बाद चैंपियन बने। भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी पीएनबी मेटलाइफ द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप के केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में संपन्न लखनऊ चरण के मुकाबलों में बालक अंडर-17 के फ इनल में झांसी के रेहान सिद्दीकी ने आशू बालियान को सीधे गेम में 15-12, 15-10 से हराकर खिताब जीता। बालिका अंडर-17 में झांसी की अनन्या सिंह ने अनुष्का वर्मा को 15-12,15-14 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। बालक अंडर-15 के फ इनल में झांसी के कपिल सलोनिया ने अभिषेक कुशवाहा को 15-12, 12-15,15-9 से हराया। बालिका अंडर-15 का फ ाइनल भी तीन गेम तक चला जिसके फ ाइनल में लखनऊ की प्रियांशी गोला ने याना गुप्ता को 8-15, 15-6, 15-10 से हराया। प्रियांशी ने रणनीति बदली और दूसरे व तीसरे गेम में लगातार जीत से खिताब भी जीत लिया। बालक अंडर-13 के फ ाइनल में प्रयागराज के प्रखर तिवारी ने मोहम्मद माज को 15-4, 15-9 से हराकर खिताब जीता। बालिका अंडर-13 के फ ाइनल में वाराणसी की याना गुप्ता ने अग्रिमा सिंह को 15-12, 15-8 से हराया। बालक अंडर-11 के फाइनल में अलीगढ़ के अतीक ने राघव कौशिक को 15-9, 15-13 से हराया। बालिका अंडर-11 के फ ाइनल में लखनऊ की अर्णवी पाठक ने अनुषा प्रजापति को 15-5, 15-8 से हराया। बालक अंडर-9 के फाइनल में लखनऊ के समर्थ पंडित ने शिव पंवार को 15-13, 15-9 से हराया। बालिका अंडर-9 के फ ाइनल में आगरा की आभ्या दीक्षित विजेता व अरुणिमा शुक्ला उपविजेता बनी। इसी के साथ छठें सीजन के लखनऊ चरण का समापन आज केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में हुआ जिसके विजेताओं को समापन समारोह में अनूप शर्मा पीएनबी बैंक संजय गुप्ता पीएनबी बैंक ,अरुण कक्कड़ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ और समीर मिश्रा सीएमओ पीएनबी मेटलाइफ ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## दिशा को तैराकी में सोना



**लखनऊ।** गुवाहाटी में सीनियर तैराकी में दिशा भंडारी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। दिशा भंडारी ने चैंपियनशिप के शुरुआती दिन 75वीं सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप 2022 गुवाहाटी में स्वर्ण पदक जीता। यह यूपी द्वारा हासिल किया गया दूसरा मेडल है। दिशा भंडारी ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में ये सफलता हासिल की। कर्नाटक की मानवी वर्मा ने भी इसी समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी स्पर्धा में दिल्ली की ऋचा मिश्रा को कांस्य पदक मिला। रविन कपूर सचिव यूपी तैराकी संघ ने यह जानकारी दी।